Established 1865

# पायनियर

Follw us on:
www.dailypioneer.com
@thedailypioneer
dailypioneer
dailypioneer

नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

RNI No. DELHIN/2012/48369 | वर्ष-14 | अंक-30 | नई दिल्ली, मंगलवार, 2 दिसंबर 2025 | पृष्ठ-12, मूल्य 6 रुपये | (नगर संस्करण)

### संसद में प्रधानमंत्री मोदी की विपक्ष को दो टूक

# ड्रामा नहीं डिलीवरी, नारा नहीं नीति चलेगी

एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को विपक्ष पर कड़ा हमला बोलते हुए कहा कि संसद ड्रामा करने की जगह नहीं है, यह काम करने की जगह है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि विपक्ष संसद को चुनावी हार के बाद हताशा निकालने का मंच बना रहा है। संसद के शीतकालीन सत्र की शुरूआत से पहले संसद परिसर में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सत्र को राजनीतिक ड्रामे का रंगमंच नहीं बनाना चाहिए, बल्कि यह रचनात्मक और परिणामोन्मुखी बहस का मंच होना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि यदि विपक्ष चाहे तो वह उसे राजनीति में सकारात्मकता लाने के कुछ सुझाव देने को तैयार हैं। मोदी ने संसद की कार्यवाही बाधित करने के लिए विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा, हमें ज़िम्मेदारी की भावना से काम करने की जरूरत है। संसद ड्रामा करने की जगह नहीं है, यह काम करने की जगह है।

**संसद में अपनी हताशा निकाल रहा है विपक्ष : पीएम मोदी**

बिहार में मतदाता सूची के एसआईआर का विरोध कर रहे विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण संसद के मानसून सत्र में दोनों सदनों की कार्यवाही बार बार बाधित हुई थी। विपक्ष ने इस बार भी कहा है कि संसद में एसआईआर के मुद्दे पर चर्चा उसकी प्राथमिकता है और वह अपनी मांग शीतकालीन सत्र में पुरजोर तरीके से उठाएगा। मोदी ने कहा कि कुछ समय से संसद का इस्तेमाल या तो चुनावों के लिए कथित तैयारी के लिए या चुनाव में हार के बाद अपनी हताशा निकालने के लिए किया जा रहा है। बिहार चुनावों में विपक्ष की करारी हार का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि विपक्ष चुनावी नतीजों से विचलित है और हार को पचा नहीं पा रहा। हार अवरोध पैदा करने का आधार नहीं बननी चाहिए, और जीत भी अहंकार में नहीं बदलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बिहार में रिकॉर्ड मतदान लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है और विपक्ष को भी अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए चुनावी हार के बाद के अवसाद से बाहर आना चाहिए।




### पीएम ने राधाकृष्णन के सफर को सराहा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को राज्यसभा के सभापति सी पी राधाकृष्णन की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनका एक सामान्य किसान परिवार से उठकर महत्वपूर्ण संवैधानिक पद तक पहुंचना भारतीय लोकतंत्र की शक्ति का प्रतीक है। राज्यसभा में उनके अभिनंदन के दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि राधाकृष्णन का जीवन सामाजिक सेवा के प्रति अटूट समर्पण का उदाहरण है और राजनीति उनके सार्वजनिक योगदान का सिर्फ एक हिस्सा रहा है। उन्होंने कहा, उनकी यात्रा समाज सेवा करने वालों के लिए प्रेरणादायी है। सितंबर में चंद्रपुरम पोनुसामी (सी पी) राधाकृष्णन देश के 15वें उपराष्ट्रपति चुने गए थे।

### नये सभापति को सभी दलों ने दी बधाई

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में सोमवार को प्रधानमंत्री, सदन के नेता, नेता प्रतिपक्ष सहित विभिन्न दलों के नेताओं ने नये सभापति सी पी राधाकृष्णन को यह दायित्व संभालने के लिए बधाई देते हुए उम्मीद जतायी कि सांसद के रूप में उनके अनुभव से सदन के कुशल संचालन में मदद मिलेगी। कई दलों के सदस्यों ने सदन के सभी पक्षों को बोलने का समान अवसर देने का अनुरोध किया। राधाकृष्णन का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि साधारण पृष्ठभूमि से उठकर सी. पी. राधाकृष्णन का उपराष्ट्रपति पद तक पहुंचना भारतीय लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति को प्रदर्शित करता है।

# सत्र के पहले दिन एसआईआर के मुद्दे पर संसद में हंगामा

एजेंसी। नई दिल्ली

संसद के शीतकालीन सत्र के पहले दिन सोमवार को लोकसभा में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और कुछ अन्य मुद्दों को लेकर विपक्षी दलों के सदस्यों के हंगामे के कारण कार्यवाही बाधित रही और सदन की बैठक दो बार के स्थगन के बाद दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। हंगामे के बीच ही लोकसभा ने मणिपुर माल और सेवा कर (दूसरा संशोधन) विधेयक, 2025 पारित किया। विपक्षी सदस्यों की नारेबाजी के बीच ही वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने केंद्रीय उत्पाद शुल्क (संशोधन) विधेयक, 2025 और स्वास्थ्य सुरक्षा से राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर विधेयक, 2025 पेश किया। सुबह 11 बजे सदन की बैठक राष्ट्रगान की धुन के साथ शुरू हुई।

**राज्यसभा व लोकसभा की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित**

बैठक शुरू होने पर सबसे पहले लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन को कुछ दिवंगत पूर्व सदस्यों के निधन की जानकारी दी और सभा ने कुछ पल मौन रखकर दिवंगत नेताओं को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद अध्यक्ष ने महिला विश्वकप क्रिकेट और महिला कबड्डी विश्वकप में भारत की जीत पर हर्ष व्यक्त करते हुए खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। इसके बाद जैसे ही उन्होंने प्रश्नकाल शुरू करने का निर्देश दिया, कांग्रेस और समाजवादी पार्टी समेत विपक्षी दलों के सदस्य एसआईआर समेत कुछ मुद्दों पर चर्चा की मांग करते हुए अपने स्थानों पर खड़े हो गए।



### एसआईआर पर चर्चा के खिलाफ नहीं सरकार

**नई दिल्ली।** संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने सोमवार को राज्यसभा में जोर दिया कि सरकार मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) चुनाव सुधारों पर चर्चा के खिलाफ नहीं है; लेकिन उसे जवाब देने के लिए कुछ समय दिया जाए। मंत्री के जवाब से असंतुष्ट विपक्ष ने सदन से बहिर्गमन किया। रीजीजू ने उच्च सदन में यह टिप्पणी उस समय की जब कांग्रेस नीत विपक्ष एसआईआर पर तत्काल चर्चा की मांग कर रहा था। उन्होंने कहा कि सरकार एसआईआर पर चर्चा की विपक्ष की मांग पर विचार कर रही है और इस मांग को खारिज नहीं किया गया है। विपक्ष की इस मुद्दे पर तत्काल चर्चा कराए जाने की मांग पर रीजीजू ने कहा कि वह एसआईआर, चुनाव सुधारों पर चर्चा के समय के लिए कोई शर्त नहीं रखे।

## सार संक्षेप

### सफेदपोश आतंकी मॉड्यूल मामले में एनआईए का छापा

**श्रीनगर।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने दिल्ली में लाल किले के पास हुए कार विस्फोट में शामिल सफेदपोश आतंकी मॉड्यूल के सिलसिले में सोमवार को कश्मीर के पुलवामा, शोपियां और कुलगाम जिलों में कई स्थानों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने यहां यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि एनआईए के दलों ने शोपियां में मौलवी इरफान अहमद वागे के आवास पर छापा मारा। वागे का नाम कट्टरपंथ को बढ़ावा देने और हाल ही में सामने आए सफेदपोश आतंकी मॉड्यूल में लोगों की शामिल करने के मुख्य साजिशकर्ता के रूप में उभरा है। उसे अक्टूबर में पुलिस ने गिरफ्तार किया था और एनआईए ने पिछले महीने कार विस्फोट मामले की जांच अपने हाथ में लेने के बाद उसे हिरासत में ले लिया था। इस विस्फोट में 15 लोगों की मौत हो गयी और कई अन्य घायल हो गए थे।

### अनिल अंबानी ने एसबीआई के फैसले को दी चुनौती

**नई दिल्ली।** उद्योगपति अनिल अंबानी ने उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर कर भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के उनके और रिलायंस कम्युनिकेशंस के खातों को धोखाधड़ी वाली श्रेणी में डालने के फैसले को चुनौती दी है। इससे पहले बंबई उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में एसबीआई के फैसले को बरकरार रखा था। यह मामला अभी सुनवाई के लिए सूचीबद्ध नहीं हुआ है। उच्च न्यायालय ने तीन अक्टूबर को अंबानी की याचिका खारिज कर दी थी और कहा था कि याचिका में कोई दम नहीं है। एसबीआई ने पिछले साल इन खातों को धोखाधड़ी वाला घोषित किया था।

### बिश्नोई गैंग से सुरक्षा मांगने वाली अर्जी पर विचार से इनकार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को उत्तर प्रदेश के एक व्यक्ति की याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया, जिसने लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से धमकी मिलने का दावा करते हुए चौबीसों घंटे सुरक्षा मुहैया कराने की मांग की थी। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने याचिकाकर्ता की ओर से पेश वकील से पूछा, ₹आपको कौन धमकी दे रहा है? लॉरेंस बिश्नोई उत्तर प्रदेश में भी काम करता है? वकील ने सकारात्मक जवाब देते हुए कहा कि याचिकाकर्ता चौबीसों घंटे सुरक्षा की मांग कर रहा है। जब पीठ ने कहा कि बिश्नोई गिरोह राजस्थान और पंजाब में सक्रिय है।

### वायु प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी

# हम हाथ पर हाथ धरे नहीं बैठ सकते

एजेंसी। नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण के मुद्दे पर सुनवाई को केवल सर्दियों के महीनों में रस्मी सुनवाई के तौर पर नहीं देखा जा सकता है, और इस समस्या के अल्पकालिक और दीर्घकालिक समाधान खोजने के लिए महीने में दो बार सुनवाई की जाएगी।

**सर्दियों में केवल रस्मी सुनवाई नहीं, नियमित निगरानी की जरूरत**

प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने सामान्य विमर्श में एक अहम बदलाव करते हुए कहा, पराली जलाने का मुद्दा अनावश्यक रूप से राजनीतिक मुद्दा या अहम का मुद्दा नहीं बनना चाहिए। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण के लिए पराली जलाने को मुख्य कारण बताए जाने पर सवाल उठाते हुए पूछा, कोविड के दौरान पराली जलाई जा रही थी, लेकिन फिर भी लोगों को साफ नीला आसमान क्यों दिखाई दे रहा था? इससे ज्ञात होता है कि इसके पीछे अन्य कारक भी हैं।



### एक सप्ताह के भीतर मांगी रिपोर्ट

प्रधान न्यायाधीश ने योगदान करने वाले अन्य कारकों की ओर इशारा करते हुए कहा कि कोविड-19 के कारण लागू लॉकडाउन के दौरान, पराली जलाना सामान्य बात थी, लेकिन फिर भी नागरिकों को नीला आसमान और तारे दिखाई दे रहे थे। पीठ ने कहा, क्यों? इस पर विचार करने की आवश्यकता है और अन्य कारकों पर भी। हम अन्य कारकों को नियंत्रित करने के लिए किए गए उपायों पर एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट चाहते हैं। शीर्ष अदालत ने कहा, वह दीर्घकालिक और अल्पकालिक योजनाएं देखना चाहती है।

## भारत-बांग्लादेश सीमा पर बीएसएफ ने तस्करी की नाकाम

एजेंसी। कोलकाता

पश्चिम बंगाल के उत्तरी 24 परगना जिले में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने भारत-बांग्लादेश सीमा पर तीन करोड़ रुपये मूल्य के सोने के 20 बिस्किट के साथ घोजाडांगा जांच चौकी पार करने की कोशिश कर रहे दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। बीएसएफ ने सोमवार को यह जानकारी दी। उसने एक बयान में बताया कि जब्त किए गए सोने के बिस्किट का कुल वजन 2.3 किलोग्राम है और अनुमानित मूल्य 3.02 करोड़ रुपये है। घोजाडांगा सीमा चौकी पर जवानों को विशेष सूचना मिली कि 30 नवंबर को दो भारतीय तस्कर एक ट्रक में बांग्लादेश से सोना लेकर चौकी पार करने की कोशिश कर रहे हैं। इस सूचना पर जवान सतर्क हो गये तथा कुछ ही देर बाद जब एक ट्रक चौकी पर पहुंचा, तब उसकी गहन तलाशी लेने पर केबिन में एक छुपा कर रखा गया पैकेट मिला जिसमें सोने के बिस्किट थे।



**तीन करोड़ के सोने के 20 बिस्किट जब्त, दो गिरफ्तार**

### डिजिटल अरेस्ट स्कैम पर सुप्रीम कोर्ट की सख्ती

# सीबीआई को सौंपा पूरे देश में स्कैम की जांच का जिम्मा

एजेंसी। नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को देशभर में डिजिटल अरेस्ट घोटाले की एकीकृत जांच का सोमवार को निर्देश दिया और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से पूछा कि वह साइबर अपराधियों द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे बैंक खातों का पता लगाने और उन्हें फ्रीज करने के लिए कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) का इस्तेमाल क्यों नहीं कर रहा है?

**शीर्ष अदालत का निर्देश- राज्य सरकारें जांच एजेंसी की करें मदद**

डिजिटल अरेस्ट साइबर अपराध का एक ऐसा बढ़ता स्वरूप है, जिसमें धोखेबाज कानून प्रवर्तन या अदालत के अधिकारी या सरकारी एजेंसियों के कर्मचारी बनकर ऑडियो और वीडियो कॉल के जरिये पीड़ितों को धमकाते हैं। वे पीड़ितों को बंधक बनाकर उन पर पैसे देने का दबाव बनाते हैं। भारत के प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, कर्नाटक और तेलंगाना सहित गैर-राजग शासित सभी राज्य सरकारों से कहा कि वे अपने अधिकार क्षेत्र में डिजिटल अरेस्ट के मामलों की जांच के लिए सीबीआई को अनुमति दें।



### इंटरपोल की भी लें मदद

पीठ ने निर्देश दिया कि दूसरे देशों से सक्रिय साइबर अपराधियों तक पहुंचने के लिए इंटरपोल की सहायता ले। इसने दूरसंचार विभाग से यह सुनिश्चित करने को कहा कि दूरसंचार सेवा प्रदाता एक ही उपयोगकर्ता को कई सिम कार्ड उपलब्ध न कराएं, क्योंकि इनका इस्तेमाल साइबर अपराधों में हो सकता है।

### बैंक खातों को फ्रीज करने के लिए स्वतंत्र

सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेश तथा उनकी पुलिस एजेंसियां, सीबीआई के साथ मिलकर नागरिकों के साथ धोखाधड़ी करने वाले बैंक खातों को फ्रीज करने के लिए स्वतंत्र हैं। पीठ ने सीबीआई को उन बैंक अधिकारियों की जांच करने का निर्देश दिया, जो नागरिकों को ठगने में धोखेबाजों के साथ मिलीभगत रखते हैं और उन्हें म्यूल अकाउंट चलाने में मदद करते हैं। म्यूल अकाउंट किसी अन्य नाम से बनाया गया बैंक खाता होता है, जिसका इस्तेमाल साइबर अपराधी अवैध धन प्राप्त करने और उसे स्थानांतरित करने के लिए करते हैं, जिससे जांच एजेंसियों के लिए धन के मूल स्रोत का पता लगाना मुश्किल हो जाता है।

### बीडब्ल्यूसी की 50वीं वर्षगांठ पर आयोजित सम्मेलन में बोले एस. जयशंकर

# जैविक आतंकवाद गंभीर समस्या, रहना होगा तैयार

एजेंसी। नई दिल्ली

भारत ने सोमवार को अनिश्चित अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा माहौल को देखते हुए जैविक हथियारों के संभावित दुरुपयोग पर रोक लगाने के लिए एक वैश्विक तंत्र की जरूरत बताई। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि सरकार से इतर तत्वों द्वारा जैविक हथियारों का दुरुपयोग किया जाना अब दूर की बात नहीं है और ऐसी चुनौती से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग जरूरी है। उन्होंने जैविक हथियार संधि (बीडब्ल्यूसी) की 50वीं वर्षगांठ पर आयोजित एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, जैविक आतंकवाद एक गंभीर चिंता का विषय है, जिसके लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय को पूरी तरह से तैयार रहना होगा।

**जैविक हथियारों की चुनौती से निपटने के लिए वैश्विक तंत्र की जरूरत**

हालांकि, बीडब्ल्यूसी में अब भी बुनियादी संस्थागत ढांचे की कमी है। उन्होंने कहा, इसमें कोई अनुपालन प्रणाली नहीं है, कोई स्थायी तकनीकी संस्था नहीं है और नए वैज्ञानिक घटनाक्रमों पर नजर रखने के लिए कोई तंत्र नहीं है। भरोसा मजबूत करने के लिए इन खामियों को दूर करना आवश्यक है। मंत्री ने कहा कि भारत ने लगातार बीडब्ल्यूसी के अंदर मजबूत अनुपालन उपायों की मांग की है, जिसमें आज की दुनिया के अनुरूप सत्यापन भी शामिल है। उन्होंने कहा, भारत शांतिपूर्ण इस्तेमाल के उद्देश्य से सामग्री और उपकरणों के आदान-प्रदान को संभव बनाने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग एवं मदद का मदद का समर्थन करता है। विदेशमंत्री ने कहा, हमने वैज्ञानिक और तकनीकी विकास की व्यवस्थित समीक्षा की मांग की है ताकि शासन वास्तव में नवाचार की गति के साथ तालमेल बिठा सके।

जयशंकर ने कहा कि भारत ने लगातार बीडब्ल्यूसी के भीतर मजबूत अनुपालन उपायों का आान किया है, जिसमें आज की दुनिया के लिए तैयार की गयी सत्यापन व्यवस्था भी शामिल है। उन्होंने कहा, भारत शांतिपूर्ण उपयोग के लिए सामग्रियों और उपकरणों के आदान-प्रदान को संभव बनाने में अंतरराष्ट्रीय सहयोग और सहायता का समर्थन करता है। विदेश मंत्री ने कहा कि भारत ने एक राष्ट्रीय कार्यान्वयन मसौदा प्रस्तावित किया है जिसमें उच्च जोखिम वाले किरदारों की पहचान, दोहरे उपयोग वाले अनुसंधान की निगरानी, घटना प्रबंधन और निरंतर प्रशिक्षण शामिल है।




### ठोस कार्रवाई की आवश्यकता

उन्होंने कहा, बीडब्ल्यूसी 50 वर्षों से एक साधारण विचार पर कायम है कि मानवता इसे अस्वीकार करे। लेकिन मानदंड तभी जीवित रहते हैं जब राष्ट्र उनका नवीनीकरण करते हैं। अगले 50 वर्षों में ठोस कार्रवाई की आवश्यकता होगी। विदेशमंत्री ने कहा, हमें संधि को वर्तमान के अनुरूप बनाना होगा, हमें विज्ञान के साथ तालमेल रखना होगा और वैश्विक क्षमता को मजबूत करना होगा ताकि सभी देश जैविक जोखिमों का पता लगा सकें, उन्हें रोक सकें और उनका जवाब दे सकें। जयशंकर ने कहा कि भारत ग्लोबल साउथ के लिए एक विश्वसनीय भागीदार और वैश्विक जैव सुरक्षा के प्रतिबद्ध समर्थक की भूमिका के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा वातावरण अधिक अनिश्चित हो गया है और प्रौद्योगिकी में तीव्र विकास के कारण परिष्कृत जैव प्रौद्योगिकी उपकरणों की उपलब्धता और सामर्थ्य में वृद्धि हुई है तथा अनुक्रमण और निर्माण की लागत में उल्लेखनीय कमी आई है।

## श्रीलंका में फंसे 300 नागरिक लाये गए तिरुवनंतपुरम



एजेंसी। तिरुवनंतपुरम

भारतीय वायुसेना (आईएएफ) ने चक्रवात दित्वा के कारण श्रीलंका में फंसे 300 से अधिक भारतीय नागरिकों को तिरुवनंतपुरम हवाई अड्डे पर पहुंचाया। यहां एक रक्षा प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। प्रवक्ता ने बताया कि भारतीय वायु सेना का एक विमान कोलंबो से रविवार शाम साढ़े सात बजे तिरुवनंतपुरम पहुंचा। प्रवक्ता के मुताबिक, भारतीय वायुसेना के आईएल-76 और सी-130जे वाहनों का उपयोग श्रीलंका में बचाव सामग्री और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के दलों को पहुंचाने के लिए किया गया तथा फंसे हुए यात्रियों को निकालने के लिए भी इनका प्रयोग किया जा रहा है।

### गरुड़ कमांडो ने संभाला मोर्चा

श्रीलंका के मध्य प्रांत में भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र कोटमाले से सड़क संपर्क पूरी तरह टूट गया है। भारतीय वायुसेना के एक अभियान के दौरान गरुड़ कमांडो को यहां फंसे हुए नागरिकों के पास विमान के जरिए उतारा गया जिसके बाद कमांडो प्रभावित लोगों को एक निर्धारित स्थान पर ले गए जहां से उन्हें हेलीकाप्टर से आगे ले जाया गया। इसमें कुल 55 नागरिकों को कोलंबो पहुंचाया गया।

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 2 दिसंबर 2025



**एमसीडी उपचुनाव :** बारह वार्डों के लिए 10 स्थानों पर आज होगी मतगणना

# दोपहर एक बजे तक आएंगे नतीजे



**मतगणना केंद्रों का विवरण**

| मतगणना स्थल | वार्ड का नाम |
|---|---|
| -सर्वोदय कन्या विद्यालय | कंझावला |
| -मुंडका दिल्ली कौशल एवं उद्यमिता विश्वविद्यालय | पीतमपुरा |
| -शालीमार बाग एसकेवी | भारत नगर |
| -अशोक विहार राजकीय प्रतिभा विकास विद्यालय | सिविल लाइंस |
| -चांदनी चौक सर्वोदय बाल विद्यालय राउज एवेन्यू | डीडीयू मार्ग |
| -चांदनी महल ब्लॉक-5 एनएसयूटी | सेक्टर-3 द्वारका |
| -द्वारका-बी एनएसयूटी | सेक्टर-3 द्वारका |
| -ढिचाऊं कलां अटल आदर्श बंगाली बालिका विद्यालय | गोल मार्केट |

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

निगम के 12 वार्डों में हुए मतदान के नतीजे बुधवार को आएंगे। इन 12 वार्डों के लिए दिल्ली के 10 स्थानों पर सुबह आठ बजे से मतगणना शुरू होगी। राज्य निर्वाचन आयोग ने मतगणना प्रक्रिया को पारदर्शिता से पूरा कराने के लिए व्यापक तैयारियां कर ली हैं। अधिकारियों के मुताबिक, 580 बूथों पर 30 नवंबर को हुए मतदान के बाद देर शाम सभी ईवीएम को स्ट्रांग रूम में रख दिया गया है। राज्य निर्वाचन आयोग ने ईवीएम की सुरक्षा और निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने के साथ-साथ बड़ी संख्या में पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों को तैनात किया है। सुरक्षाबल 24 घंटे ईवीएम की निगरानी में तैनात हैं। स्ट्रांग रूम के भीतर और बाहर लगाए गए सीसीटीवी कैमरों को कंट्रोल रूम से लिंक किया गया है। निर्वाचन आयोग के मुख्यालय से अधिकारी भी इनकी निगरानी कर रहे हैं। स्ट्रांग रूम और इसके परिसर में किसी भी अनधिकृत व्यक्ति के प्रवेश पर रोक है और सभी आवागमन की सूची बनाई जा रही है। राज्य निर्वाचन आयोग के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि ज्यादातर वार्डों की मतगणना दोपहर एक बजे तक पूरी हो जाने की संभावना है। इसके बाद नतीजे घोषित कर दिए जाएंगे। सबसे पहले पोस्टल बैलेट की गिनती की जाएगी।

# हर झुग्गी वाले को मकान दिल्ली सरकार की बड़ी योजना : विनोद

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

■ सरकार ने दस महीने के कार्यकाल में तेजी से किया विकास

भारतीय जनता पार्टी के उत्तर पूर्वी दिल्ली जिले के उपाध्यक्ष ठाकुर विनोद जायस ने कहा कि दिल्ली की ट्रिपल इंजन सरकार द्वारा हर झुग्गी वाले को मकान देने की योजना एक बड़ा और ऐतिहासिक फैसला है, जिसे न केवल घोषित किया गया है बल्कि तेजी से लागू भी किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार के समय से ही यह वादा किया जाता रहा कि झुग्गी हटाने से पहले बसाया जाएगा, लेकिन झुग्गियों को उजाड़ने का सिलसिला कभी रुका नहीं। आम आदमी पार्टी भी जहाँ झुग्गी, वहीं मकान का नारा देती रही, पर वादे कभी पूरे नहीं हुए और चुनाव के बाद झुग्गीवासियों को भूल गई। विनोद जायस ने कहा कि कांग्रेस ने कुछ मकान तो बनवाए थे, लेकिन उन्हें आवंटित न करने के कारण वे खंडर बन गए; अब मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की घोषणा के बाद झुग्गीवासियों की उम्मीद फिर जगी है कि उन्हें पक्का घर मिलेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा जो कहती है उसे पूरा करती है और अब यह नारा सच होता दिखाई दे रहा है। विनोद जायस ने कहा कि दशकों पुरानी झुग्गी बस्तियों के पुनर्विकास को लेकर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने स्पष्ट किया है कि हर झुग्गी परिवार को चरणबद्ध तरीके से पक्का मकान दिया जाएगा, ताकि वर्षों से बेहतर जीवन और स्थायी घर की उम्मीद में जी रहे परिवारों को वास्तविक लाभ मिल सके।

# दिल्ली सरकार मेधावी छात्रों को दे रही निःशुल्क कोचिंग

**पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली**

दिल्ली सरकार ने राजधानी के सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले मेधावी छात्रों के सपनों को नई उड़ान देने के लिए 'महमाना पंडित मदन मोहन मालवीय विद्या शक्ति मिशन' की शुरूआत की है। इस महत्वाकांक्षी पहल के अंतर्गत, 2,200 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए पूरी तरह से निःशुल्क पेशेवर प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। 21 करोड़ की लागत वाली यह योजना न केवल छात्रों को शैक्षणिक रूप से सशक्त बनाएगी, बल्कि उनमें आत्मविश्वास और भावनात्मक मजबूती भी विकसित करेगी। इस योजना के सफल कार्यान्वयन के लिए सरकार ने आकाश, नारायण अकादमी और केडी कैंपस जैसे देश के अग्रणी कोचिंग संस्थानों के साथ अनुबंध किया है। ये संस्थान विद्यालय समय के बाद और सप्ताहांत में विशेष कक्षाएं आयोजित करेंगे। छात्रों को नियमित कक्षाओं के साथ-साथ अध्ययन सामग्री, अभ्यास परीक्षाएं और अन्य आवश्यक संसाधन भी उपलब्ध कराए जाएंगे। इस योजना में लैंगिक समानता सुनिश्चित करते हुए कुल सीटों में से 50 प्रतिशत सीटें विशेष रूप से छात्राओं के लिए आरक्षित की गई हैं। शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने इस बात पर जोर दिया कि सरकार का उद्देश्य केवल अकादमिक तैयारी कराना नहीं, बल्कि छात्रों का समग्र विकास सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में ऐसा वातावरण बनाया जा रहा है।

## इस साल डेंगू का प्रकोप कम : महेश्वरी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में इस वर्ष जरूरत से अधिक बारिश होने के बावजूद डेंगू के मामलों में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। अशोक नगर वार्ड की निगम पार्षद रीना महेश्वरी ने बताया कि ट्रिपल इंजन सरकार के प्रयासों, नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे फॉगिंग और एंटी लार्वा अभियानों तथा लोगों में बढ़ती जागरूकता के कारण संक्रमण की रफ्तार धीमी हुई है। निगम के अनुसार, इस वर्ष अब तक डेंगू के 1,136 मामले आए हैं, जबकि पिछले साल इसी अवधि में 3,581 केस दर्ज हुए थे। रीना महेश्वरी ने कहा कि नियमित फॉगिंग, गली-नालियों में दवा छिड़काव और लोगों द्वारा घरों की छतों, गमलों और पानी जमा होने वाली जगहों की सफाई करने से मच्छरों की ब्रीडिंग में काफी कमी आई है। उन्होंने बताया कि पार्कों और जेजे कॉलोनियों में फोकस्ड ड्राइव चलाने से भी बेहतर परिणाम मिले हैं। हालांकि अक्टूबर में 377 केस सामने आए, जो इस साल किसी एक महीने का सबसे बड़ा आंकड़ा है, फिर भी कुल मामलों में कमी राहत देने वाली है।

## डीयू बेसबॉलः श्याम लाल कॉलेज ने पहली बार जीता खिताब

**नई दिल्ली।** श्याम लाल कॉलेज ने दिल्ली विश्वविद्यालय की इंटर कॉलेज बेसबॉल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए पहली बार खिताब अपने नाम कर इतिहास रच दिया है। पुरुष वर्ग की इस प्रतियोगिता में टीम ने अजेय रहते हुए ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। सुपर लीग चरण में चार टीमों ने जगह बनाई थी, जिसमें श्याम लाल कॉलेज ने अपने तीनों मुकाबले जीतकर सर्वश्रेष्ठ स्थान हासिल किया। टीम ने अपने अभियान की शुरूआत स्वामी श्रद्धानन्द कॉलेज को 9-4 से हराकर की। इसके बाद कड़े मुकाबले में इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेज को 7-4 से शिकस्त दी।

## कॉमन सर्विस सेंटर बनने से हुई आसानी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की रेखा गुप्ता सरकार अब राजधानी के सभी इलाकों में कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के माध्यम से ई-डिस्ट्रिक्ट सेवाएँ शुरू करने जा रही है, जिससे लोगों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत मिलेगी। भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक श्री दत्त शर्मा ने बताया कि स्वास्थ्य सेवाओं के लिए आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की सुविधा देने के बाद अब सरकार नागरिकों को उनके घरों के पास ही 75 सरकारी सेवाएँ उपलब्ध कराने जा रही है। इसके तहत प्रमाण पत्र, सरकारी योजनाओं से संबंधित आवेदन, परिवहन विभाग की सेवाएँ तथा शादी पंजीकरण, जाति, निवास, आय, ओबीसी/एससी/एसटी जैसे दस्तावेज आसानी से मिल सकेंगे। अभी तक 68 सेवाओं को इस योजना में शामिल किया जा चुका है।

## विश्व एड्स दिवस पर शहरभर में जागरूकता कार्यक्रम

**फरीदाबाद।** विश्व एड्स दिवस पर सोमवार को फरीदाबाद में जागरूकता का व्यापक अभियान चलाया गया। सिविल अस्पताल प्रांगण से सिविल सर्जन डॉ. जयंत आहूजा ने सुबह विशाल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में स्कूल-कॉलेज के छात्र, एनजीओ और ट्रांसजेंडर समुदाय के सदस्य बड़ी संख्या में शामिल हुए। हाथ में स्लोगन लिखी तख्तियां, पोस्टर और नारे लगाते हुए प्रतिभागियों ने लोगों को एड्स जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूक किया। विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ नाटक भी आयोजित किए गए। डॉ. आहूजा ने बताया कि एड्स शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को कमजोर कर देता है और असुरक्षित सेक्स, नशे में दूषित सुई के इस्तेमाल से इसका खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि समय पर जांच और उपचार से बीमारी पर काफी हद तक नियंत्रण संभव है। वहीं डिप्टी सीएमओ डॉ. हरविंदर ने कहा कि स्कूलों, एनजीओ और रेडक्रॉस के सहयोग से जागरूकता रैली और नाटक आयोजित किए गए हैं, ताकि आम जन इस बीमारी के फैलने के कारणों और बचाव के तरीकों को समझ सकें। काउंसलर कविता और प्रीति ने बताया कि विश्व एड्स दिवस पर कई और कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल कॉलेज और ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज में जागरूकता रैली निकाली गई। सोनल कॉमस्टार और बीएलडब्ल्यू प्रिसिजन फोर्जिंग्स, सेक्टर-24 में एचआईवी टेस्टिंग व जागरूकता कैंप लगाया गया। दिन का समापन शाम 5 बजे डीटीसी पर कैंडल लाइट विजिल के साथ हुआ, जिसमें एआरटी, आईसीटीसी, मोबाइल आईसीटीसी, एसटीआई, ओएसटी और सभी टीआई स्टाफ मौजूद रहे।

**Name change**

I,Vijul Chaudhry @ Eshu S/o Vijay Veer Singh R/o VPO Bhanera, Thana Kiratpur, Dist. Bijnor, Uttar Pradesh, have changed my name to Vijul Choudhary.

**THE PIONEER CLASSIFIEDS**

I, Shailender Kumar Paul S/o Raja Ram Paul R/o E-171-172, Nehru Vihar Civil Line, Dist: North Delhi, Delhi-110054, I have changed my name from Shailender Kumar to Shailender Kumar Paul for all future Purpose.
PD(36104)C

I, Kavita Mother of Shubham Desai resident of Village Ramnagar Teh-Joida DT-Uttara Kannada Karnataka 581453 have changed my Name from Kavita to Kavita Krishna Desai vide affidavit dated 29 Nov 2025 at New Delhi.
PD(36109)C

I, Krishna Father of Shubham Desai resident of Village Ramnagar Teh-Joida DT-Uttara Kannada Karnataka 581453 have changed my Name from Krishna to Krishna Ambaji Desai vide affidavit dated 29 Nov 2025 at New Delhi.
PD(36110)C

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that I, MOHAN DASS SHARMA, S/o LATE BEHARI LAL SHARMA, R/o FLAT NO.64-D, THIRD FLOOR, J-BLOCK, DDA LIG FLATS, ASHOK VIHAR PHASE-I, DELHI-110 052 has applied for conversion of the aforesaid flat from lease hold to free hold vide File No.L051(75)86/WP/G in DDA. The original documents i.e.DEMAND-CUM-ALLOTMENT LETTER of the above said flat has been lost. An NCR/LR NO.3346550/2025 dated 12.11.2025 to this effect has been lodged in P.S.Crime Branch,Delhi. Any person(s) claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at above Address/Phone No.9999910605 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objection with respect to this property, can personally inform or write to Deputy Director LAB(H) or Director (Housing), D Block, Vikas Sadan, New Delhi.

**PUBLIC NOTICE**

On behalf of my client, public in general, is hereby informed that my Client Mrs. POKHRI DEVI W/o Lala Ram, R/o D 2/558/18 J J Colony Madanpur Khadar, Sarita Vihar S.O. South Delhi, Delhi-110076, have severed all their relations and connections with their Son namely Sh. Mukesh S/o Lala Ram & Daughter-in-Law Smt. Kiran W/o Sh. Mukesh and have debarred them from all their movable and immovable properties as they are proved to be most disobedient and disrespectful towards my client. If anybody deals with them, shall do so at their own risk and my client shall not be responsible in any manner for the same.
Sandeep Arya (Advocate), Ch. No. 2
Patiala House Court, New Delhi.

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client (i.e. Jio Credit Limited) that Mrs. Parveen Kohli, Mrs. Inderjit Kohli both daughters in laws of late Kaushalya Devi are claiming to be the owners of Property No. J-178, area measuring 301 sq. yds., in Block-J, situated at Rajouri Gardens, New Delhi, vide a registered will dated 03.06.1976, executed by late Mrs. Kaushalya Devi, All persons including legal heirs of late Kaushalya Devi are hereby informed that above mentioned Claiming Owners wants to sell Entire Upper Ground floor of the said property to Mr. Mahesh Parwal or his nominee, who intends to obtain a housing loan from our client against the said floor, if anybody has any objection/s upon the ownership of above owners over the said property, its sale/ mortgage/ litigation, and any other objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 14 days of the present.
Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Flr. 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N.Delhi-15
legal@knalegal.com Ph: 011-41112527-28

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that Smt. Andrea Raj W/o late Shri Anthony, Owner of Flat No. 1172, Gali No. 35, DDA Flats, Madangir, New Delhi-110062, has applied for certified copies after that conversion of said flat into freehold in DDA and Possession Letter (DDA) dated 11.08.1976 of said flat (File No. F-29(302)74/HB) has been lost. A report/ complaint SO No. 430/ 2014 and LR No. 3391997/ 2025 dated 30.11.2025, has been lodged with Delhi Police, Crime Branch, Delhi.
Any persons(s) claiming any right, having any objection, may write/ contact with above named person at above address/ phone No. 9811606334 within 7 (Seven) days, publication of this notice. The person(s) claiming any right, interest, objections in respect thereof, can inform to Director/ Dy. Director LAB(H), Vikas Sadan, INA, New Delhi.

**सार्वजनिक सूचना**

[illegible]

**अलखैर को ऑपरेटिव केडिट सोसाइटी लिमिटेड**

**निदेशक मंडल का चुनाव 2025–2030**

[illegible]

**kotak** Kotak Mahindra Bank

**सूचना**

श्री देव गुप्ता एवं श्रीमती आशा गुप्ता पता: डी-93, सेक्टर-56, नोएडा-201301 द्वारा कोटक महिन्द्रा बैंक की सी-119, सेक्टर 19, नोएडा स्थित शाखा में किराये पर लिया गया लॉकर पिछले 7 वर्षों से अधिक समय से इसका परिचालन बंद है तथा पिछले 3 वर्षों से अधिक समय से किराया बकाया है।
श्री देव गुप्ता एवं श्रीमती आशा गुप्ता को इससे पहले भेजे गए सभी 3 पत्र जिनमें उक्त लॉकर को संचालित करने का निवेदन किया गया था, वापस लौट आए हैं और उपरोक्त व्यक्ति से सम्पर्क नहीं किया जा सकता।
अतः इस माध्यम से सूचित किया जाता है कि अगर इस सूचना के बावजूद इस सूचना को जारी किए जाने की तिथि के 90 दिनों के भीतर श्री देव गुप्ता एवं श्रीमती आशा गुप्ता द्वारा उक्त लॉकर का संचालन नहीं किया जाता है तो बैंक की मौजूदा प्रक्रिया के अनुसार उक्त लॉकर दिनांक 02 मार्च 2026 को 12 बजे के आस-पास तोड़ कर खोल दिया जाएगा।

**kotak** Kotak Mahindra Bank — **सूचना** — श्री गुरमीत पॉल सिंह ओबेरॉय, सुरिंदर कौर ओबेरॉय ... [illegible]

**kotak** Kotak Mahindra Bank — **सूचना** — श्री जे.बी. लाल और स्वर्गीय सरोज लाल ... [illegible]

**kotak** Kotak Mahindra Bank — **सूचना** — श्री नीरज बेदी पता: (1) 8, सम्राट अपार्टमेंट, वसुन्धरा एन्क्लेव, दिल्ली-110096 (2) बी-1/306, सत्यम ... [illegible]

**kotak** Kotak Mahindra Bank — **सूचना** — ... उक्त लॉकर दिनांक 02 मार्च 2026 को 12 बजे के आस-पास तोड़ कर खोल दिया जाएगा।

**kotak** Kotak Mahindra Bank — **सूचना** — ... 90 दिनों के भीतर श्री विजय कुमार रावत द्वारा उक्त लॉकर का संचालन नहीं किया जाता है तो बैंक की मौजूदा प्रक्रिया के अनुसार उक्त लॉकर दिनांक 02 मार्च 2026 को 12 बजे के आस-पास तोड़ कर खोल दिया जाएगा।

**kotak** Kotak Mahindra Bank — **सूचना** — ... 90 दिनों के भीतर श्री रमन चड्ढा द्वारा उक्त लॉकर का संचालन नहीं किया जाता है तो बैंक की मौजूदा प्रक्रिया के अनुसार उक्त लॉकर दिनांक 02 मार्च 2026 को 12 बजे के आस-पास तोड़ कर खोल दिया जाएगा।

**पब्लिक नोटिस**

[illegible]
एडरैम लिगल सल्यूशन

## कार्यालय ग्राम पंचायत औंदुआ विकास खण्ड सासनी जनपद हाथरस

पत्रांक मीमो ग्राम पंचायत/पंचम / 15वां/ वित्त आयोग /निविदा/2025-26 दिनांक: 01.12.2025

### निविदा प्रपत्र

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पंचम/15वां/ SLWM वित्त आयोग के अंतर्गत वर्ष 2025-26 में उपलब्ध धनराशि से कराये जाने वाले निम्नलिखित सामग्री हेतु पंजीकृत कांट्रेक्टरों /सप्लायर्स से कार्य स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु निविदायें दिनांक 06.12.2025 को सायं 02:00 बजे तक उक्त सामग्री हेतु आमंत्रीत की जाती है निविदा आवेदकों की उपस्थिति में उसी दिन दिनांक 06.12.2025 को सायं 03 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में अधोहस्ताक्षरी अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा खोली जायेगी।

**कार्य का विवरण :-**

1. नगला नत्थू ग्राम पंचायत औंदुआ में आंगनवाडी प्रांगण की वाउनड्री वॉल व गेट निर्माण कार्य सामग्री 262244.00 अवधि 03 माह।
2. ग्राम पंचायत औंदुआ में ब्रह्मदेव के घर से पंचायत घर तक इन्टर लॉकिंग व नाली निर्माण कार्य सामग्री 71186.00 अवधि 03 माह।
3. ग्राम पंचायत औंदुआ में दिनेश के घर से रूप किशोर के घर तक CC व नाली निर्माण कार्य सामग्री 46122.00 अवधि माह।
4. ग्राम पंचायत औंदुआ के ग्राम मिर्गामई में रामबाबू के घर से तिलक सिंह के घर तक इन्टर लॉकिंग व नाली निर्माण कार्य सामग्री 223289.00 अवधि माह।

1.निविदा प्रपत्र कार्यालय दिवस एवं कार्यालय समय में शुल्क 250 रुपये देकर प्राप्त कर सकते हैं 2. सामग्री आपूर्ती में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाये गुणवत्ता खराब होने पर निविदा बिना पूर्व सूचना के निरस्त की जा सकती है 3. सामग्री आपूर्ती कार्य स्थल पर प्राप्त होने के बाद एवं समग्री का बिल ग्राम पंचायत को प्राप्त होने के बाद भुगतान किया जायेगा 4. निविदा के साथ पंजीकरण/आयकर /बिक्री कर/ हैसियत/चरित्र आदि प्रमाण पत्रों की छायाप्रति संलगन करना अनिवार्य है 5. निविदा स्वीकृत होने के बाद आपूर्तिकर्ता आपूर्ति करने को बाध्य होगा । 6. समस्त भुगतान वित्तीय एवं तकनिकी स्वीकृति में दी गयी दरों के अनुसार ही किया जायेगा।

प्रधान
ग्राम पंचायत औदुआ
विकास खंड सासनी, हाथरस

सचिव
ग्राम पंचायत औदुआ
विकास खंड सासनी, हाथरस

# दिल्ली ब्लास्ट : अल फलाह के मालिक को राहत नहीं

■ अदालत ने जवाद सिद्दीकी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने आतंकवाद से संबंधित धनशोधन के एक मामले में अल फलाह यूनिवर्सिटी के संस्थापक जवाद अहमद सिद्दीकी को सोमवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। सिद्दीकी को 19 नवंबर को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की 13 दिन की हिरासत में भेजा गया था।

सिद्दीकी को सोमवार को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश शीतल चौधरी प्रधान के समक्ष पेश किया गया, जिन्होंने उसे 15 दिसंबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। सुनवाई के दौरान ईडी के वकील ने दलील दी कि उसे अदालत में पेश करना अभी जल्दबाजी होगी, क्योंकि उसकी 13 दिन की हिरासत सोमवार देर रात एक बजे समाप्त होगी, जिससे तकनीकी रूप से सोमवार का उसकी




हिरासत का 12वां दिन बनता है। इस बीच, सिद्दीकी के वकील ने एक अर्जी दी, जिसमें उनके मुवक्किल को चश्मे देने और चिकित्सक की पर्ची के अनुरूप दवा उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है। न्यायाधीश ने अनुरोध स्वीकार कर लिया।

ईडी अधिकारियों ने सिद्दीकी का चिकित्सक का पर्चा अदालत को सौंप दिया, जिसने जेल अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि उसे (सिद्दीकी को) चिकित्सक द्वारा बताए गए उपचार मिलते रहें। एजेंसी ने पहले आरोप लगाया था कि अल फलाह यूनिवर्सिटी ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) से मान्यता का झूठा दावा किया और छात्रों के सामने अपने राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद (नैक) मान्यता स्थिति के बारे में गलत जानकारी दी थी। एजेंसी ने कहा था कि इस संस्थान ने 2018 से 2025 के बीच 415.10 करोड़ रुपये का राजस्व जुटाया और इसकी कमाई में तेजी से उछाल देखा गया, जबकि वित्तीय अभिलेख, समूह द्वारा अर्जित परिसंपत्ति से मेल नहीं खाते हैं। ईडी ने अदालत को बताया कि छात्रों से ली गई फीस और जनता से जुटाए गए धन का व्यक्तिगत एवं निजी उपयोग के लिए हेरफेर किया जा रहा था तथा सिद्दीकी का अल-फलाह चैरिटेबल ट्रस्ट, प्रबंध न्यासी और संबंधित संस्थाओं पर वास्तविक नियंत्रण था। अधिकारियों ने बताया कि उसकी गिरफ्तारी के दिन दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में 19 स्थानों पर छापेमारी के दौरान करीब 48 लाख रुपये नकद बरामद हुए। सिद्दीकी की न्यायिक हिरासत समाप्त होने पर मामले में अगली सुनवाई 15 दिसंबर को होगी।

## चोरी की गाड़ियों का चेसिस बदलकर बेचने वाले दो धरे

नई दिल्ली। पश्चिमी दिल्ली जिला पुलिस की एएटीएस टीम ने चोरी की गाड़ी का चेसिस बदलकर राजस्थान और हरियाणा में बेचने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों अनीस अहमद और सुनील की निशानदेही पर पुलिस ने दो गाड़ी बरामद की है। आरोपी सुनील उर्फ बंटी गाड़ी चोरी कर अनीस अहमद को देता था। इसके बाद गाड़ी का चेसिस बदलकर आगे बेच दिया जाता था। अनीस अहमद ढिचाऊं कला गांव में अपना वर्कशॉप चलाता है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि एएटीएस टीम के एसआई गजेंद्र माथुर को सूचना मिली थी कि चोरी की गाड़ी बेचने के लिए गुरुग्राम सेक्टर-26 में बातचीत होने वाली है। इस सूचना के आधार पर इंस्पेक्टर मुकेश कुमार मीणा की टीम ने 29 नवंबर को सुनील उर्फ बंटी को दबोच लिया। पूछताछ में सुनील ने बताया कि उसने गत दिनों विकासपुरी और बेगमपुर से दो वाहन चोरी कर अनीस को दिए थे।

## पाकिस्तानी गैंगस्टर से जुड़े थे संदिग्ध आतंकी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

देश के तीन राज्यों में ग्रेनेड हमले की साजिश का भंडाफोड़ करने वाली दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की जांच में चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। पुलिस के हत्थे चढ़े पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई समर्थित तीनों संदिग्ध छह महीने पहले ही पाकिस्तानी गैंगस्टर शहजाद भट्टी के संपर्क में आए थे। वही इनका हैंडलर और साजिश का मास्टरमाइंड बताया जा रहा है। वह एक ऐसा आतंकी मॉड्यूल तैयार कर रहा था, जिसमें युवाओं को बरगला कर भारत में हमले कराए जा सकें। पुलिस को पकड़े गए तीनों संदिग्धों के दो और साथियों की तलाश है।

पुलिस के मुताबिक, तीनों संदिग्धों से मिले डिवाइस की जांच में यह पता चला कि ये पिछले छह महीने से भट्टी के संपर्क में थे। इनके बीच हुई बातचीत के चैट भी मिले हैं। इसी के आधार पर पुलिस जांच को आगे बढ़ा रही है। खास बात यह है कि इस मॉड्यूल में गैंगस्टर नेटवर्क से जुड़े



■ पुलिस को पकड़े गए तीनों संदिग्धों के दो और साथियों की तलाश

लोगों को अपने झांसे में लेने का प्रयास किया जाता था, ताकि आसानी से वारदातों को अंजाम दिलाया जा सके। इसके अलावा विरोधी गुट के गैंगस्टर को निपटाने में भी आसानी हो सके। एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग एप्स से देता था निर्देश मामले की जांच से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक, पाकिस्तानी गैंगस्टर शहजाद भट्टी और उसके गुर्गे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स का सहारा लेकर भारतीय युवाओं को झांसे में लेकर अपने मॉड्यूल से जोड़ते थे। इसके बाद रुपयों का लालच देकर छोटे-मोटे आपराधिक काम कराते थे। जब इनपर भारतीय युवाओं को यह विश्वास हो जाता था कि ये काम के बदले में उनकी आर्थिक मदद करेंगे, तो वे मॉड्यूल का हिस्सा बनकर काम करने लगते थे। इसके लिए भट्टी एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग एप्स के जरिए उन्हें निर्देश देता था। स्लीपर सेल नेटवर्क से मुहैया कराते थे रकम जांच के दौरान यह भी खुलासा हुआ है कि भट्टी पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के स्लीपर सेल नेटवर्क के जरिये अपने मॉड्यूल से जुड़ रहे युवाओं को रकम मुहैया कराता था। पुलिस अब आईएसआई से जुड़े हवाला के स्लीपर सेल के नेटवर्क को खंगालने में जुटी है। मॉड्यूल से पंजाब के कुछ गैंगस्टर भी जुड़े उधर, अब तक की जांच के आधार पर यह बात भी सामने आई है कि भट्टी मॉड्यूल से पंजाब में सक्रिय कुछ गैंगस्टर भी जुड़े हैं। ये भट्टी के निर्देश पर पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के इशारे पर काम करते हैं। अब तक की पूछताछ में पंजाब के जिन गैंगस्टरों के भट्टी गैंग से जुड़े होने का खुलासा हुआ है, उनकी जानकारी पंजाब पुलिस से साझा की गई है।

# बुजुर्ग से साढ़े तीन लाख रुपये लूटने पर तीन लोग गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

बाहरी-उत्तरी दिल्ली के बुराड़ी में एक बुजुर्ग से 3.5 लाख रुपये लूटने के आरोप में एक गिरोह के तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। उसने बताया कि इस गिरोह के सदस्य ग्राहक बनकर बैंक में अपने शिकार की पहचान कर लेते थे।

पुलिस उपायुक्त (बाहरी उत्तरी) हरेश्वर स्वामी ने बताया कि 27 नवंबर को जब यह बुजुर्ग एक बैंक की बुराड़ी शाखा से 3.5 लाख रुपये निकालकर जा रहे थे तब दो मोटरसाइकिल पर सवार पांच लोग उनके पीछे लग गये तथा बवाना-नरेला इलाके में एक सुनसान जगह पर उन्हें रोककर उनके पैसे लूट लिए। इस घटना के सिलसिले में मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाला तथा मोबाइल रिकॉर्ड



और निगरानी के आधार पर जांच की। पुलिस ने बताया कि तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिनकी पहचान पूर्व गोकलपुरी के करण (21), मंडोली एक्सटेंशन के सचिन (22) और उत्तर प्रदेश के चांदीनगर के आकाश (24) के तौर पर हुई है। पुलिस का कहना है कि पूछताछ के दौरान तीनों ने कथित तौर पर बताया कि लूट की योजना दो फरार साथियों -मास्टरमाइंड लवली और मोहन उर्फ गांधी -के साथ मिलकर बनाई गई थी। लवली और गांधी अब भी फरार हैं। जांचकर्ताओं को जांच के दौरान पता चला कि गिरोह के सदस्य बैंक के अंदर ग्राहक बनकर संभावित शिकार की पहचान करते थे। पुलिस ने कहा कि दो लोग बैंक के अंदर बुजुर्ग के पीछे लगे रहे ताकि यह पक्का हो सके कि उनके पास बड़ी रकम नकद है, फिर गिरोह ने उनका पीछा किया और एक सुनसान जगह पर उनपर हमला किया।

पुलिस ने गिरफ्तार किये गये लोगों से 58000 रुपये बरामद किये हैं। उसे करण और सचिन के घरों से क्रमशः 6,000 रुपये और 22,000 रुपये मिले तथा एक स्थानीय साहूकार के पास से 30,000 रुपये बरामद किए। करण ने कर्ज चुकाने के नाम पर यह रकम साहूकार को दी थी। जुर्म में इस्तेमाल की गई एक मोटरसाइकिल भी जब्त कर ली गई है। आरोपी ने कथित रूप से पुलिस को बताया कि चोरी की रकम सभी पांच सदस्यों में बांट ली गई थी, जिसमें से 58,000 रुपये मोहन को और 57,000 रुपये लवली को दिए गए थे।

## डीडीए के पुस्तकालय में छात्र कर रहे आवेदन



नई दिल्ली। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के आरंभ पुस्तकालय में कई छात्र आवेदन कर रहे हैं। इसमें छात्रों को निशुल्क वाई-फाई सुविधा, सुरक्षित लॉकर, एनसीईआरटी की किताबें उपलब्ध हैं। डीडीए अधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष अब तक ओल्ड राजेंद्र नगर, दक्षिणी दिल्ली के अधचिनी गांव, द्वारका सेक्टर-16बी, रोहिणी सेक्टर-11 के जी ब्लॉक में आरंभ पुस्तकालय शुरू किए गए हैं। डीडीए सामुदायिक केंद्रों को पुस्तकालय में परिवर्तित किया गया है। यह पुस्तकालय 24 घंटे उपलब्ध है। प्रत्येक पुस्तकालय में 60 छात्रों के एक बार में बैठने की सुविधा प्रदान की गई है।

# दिल्ली पुलिस ने साइबर धोखाधड़ी में शामिल गिरोह का भंडाफोड़ किया, तीन गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने साइबर धोखाधड़ी में शामिल एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है जो नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को विदेशों में रोजगार दिलाने का झांसा देकर उनके साथ कथित तौर पर ठगी करता था। पुलिस ने एक सहायक बैंक प्रबंधक सहित गिरोह के तीन प्रमुख सदस्यों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने सोमवार को बताया कि आरोपियों की पहचान गुजरात के केतन दीपक कुमार (24), पश्चिम बंगाल के संजीब मंडल (34) और गुरुग्राम के रवि कुमार मिश्रा (29) के रूप में हुई है।

ये कथित तौर पर विदेशों में नौकरी दिलाने का झांसा देने और पीड़ितों के पैसे को म्यूल अकाउंट के माध्यम से हस्तांतरित करने में शामिल थे। म्यूल अकाउंट (मुखौटा खाते) किसी अन्य नाम से बनाया गया बैंक खाता होता है, जिसका इस्तेमाल साइबर अपराधी अवैध धन प्राप्त करने और उसे स्थानांतरित करने के लिए करते हैं, जिससे जांच एजेंसियों के लिए धन के मूल स्रोत का पता लगाना मुश्किल हो जाता है। उनके पास से दो लैपटॉप, छह



मोबाइल फोन और कथित अपराध से अर्जित 50,000 रुपये बरामद किए गए। पुलिस के अनुसार, यह मामला एक ऐसे व्यक्ति की शिकायत पर दर्ज किया गया था, जिसकी कोविड-19 महामारी के दौरान नौकरी चली गई थी और वह विदेश में काम की तलाश में था। उसे फ्लाईअब्रॉड 6 नामक एक समूह से न्यूजीलैंड में आकर्षक नौकरी का प्रस्ताव मिला था।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि ठगों ने उनका विश्वास जीतने के लिए कथित तौर पर फर्जी वीजा प्रतियां और जाली पंजीकरण दस्तावेज साझा किए और 2.80 लाख रुपये में शेफ/कुक वीजा दिलाने का वादा किया। शिकायतकर्ता ने 1.80 लाख रुपये भेज दिए, उसके बाद आरोपी ने कोई जवाब देना बंद कर दिया। बाद में सत्यापन से पता चला कि उसके साथ साझा किया गया वीजा, ऑफर लेटर और यात्रा टिकट जाली थे। इस संबंध में सात अक्टूबर को दक्षिण-पश्चिम दिल्ली में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने गिरोह से जुड़े संचार, बैंक लेनदेन और डिवाइस लोकेशन का विश्लेषण किया।

उन्होंने बताया कि ठगी की रकम एक म्यूल अकाउंट (मुखौटा खाते) के जरिए भेजी जाती थी, फिर सुराग छिपाने के लिए उसे दूसरे खाते में डाला जाता था। पुलिस ने बताया कि बीटेक की पढ़ाई छोड़ चुका और ट्रैवल एजेंट के तौर पर काम करने वाला केतन कुमार कथित तौर पर मुखौटा खातों की व्यवस्था करता था और वित्तीय लेन-देन का समन्वय करता था। एमबीए स्नातक मंडल खुद को एक सलाहकार बताकर पीड़ितों से संपर्क करता था। एक बैंक में सहायक प्रबंधक मिश्रा ने कथित तौर पर अपने पद का इस्तेमाल करके गिरोह द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर खाते खुलवाए। पुलिस ने बताया कि ऐसा माना जा रहा है कि इस गिरोह ने इसी तरह की रणनीति अपनाकर कई लोगों को ठगा है और आगे की जांच जारी है।

# खतरनाक स्तर पर यूरेनियम, सीसा और नाइट्रेट का स्तर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण के अलावा अब भूजल में बढ़ते यूरेनियम स्तर ने दिल्लीवासियों के माथे पर गंभीर स्वास्थ्य चिंता की लकीर खींच दी है। दिल्ली का भूजल एक गंभीर स्वास्थ्य संकट से जूझ रहा है, जहाँ भारी धातुओं का प्रदूषण देश में सबसे अधिक दर्ज किया गया है। केंद्रीय भूजल बोर्ड (सीजीडब्ल्यूबी) की हालिया वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार राजधानी के भूजल में यूरेनियम, सीसा, नाइट्रेट, फ्लोराइड और लवणता से जुड़े मानक खतरनाक स्तर पर पाए गए हैं, जिससे बोरवेल और हैंड पंप के पानी पर निर्भर लोगों के स्वास्थ्य के लिए यह गंभीर जोखिम हो सकता है।

यूरेनियम स्वाभाविक रूप से पाया जाने वाला एक रेडियोधर्मी तत्व है। जल शक्ति मंत्रालय के अंतर्गत जारी केंद्रीय भूजल बोर्ड (सीजीडब्ल्यूबी) की वार्षिक भूजल गुणवत्ता रिपोर्ट 2025 में बताया गया है कि एकत्र किए गए कुल नमूनों में से 13 से 15 प्रतिशत में यूरेनियम संदूषण पाया गया। यह रिपोर्ट 2024 में देशभर से एकत्र किए गए लगभग

### दिल्ली में भूजल प्रदूषण



15,000 नमूनों पर आधारित है। रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि दिल्ली के 86 निगरानी स्थलों में लिए गए कई नमूनों में विभिन्न मानक भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) की पेयजल सीमा से अधिक पाए गए।

वर्ष 2024 में भूजल गुणवत्ता के नमूने 5,368 चयनित ट्रेंड स्टेशनों से मानसून से पहले और मानसून के बाद के मौसम में एकत्र किए गए, ताकि मौसमी पुनर्भरण का भूजल गुणवत्ता पर प्रभाव आंका जा सके। नमूना संग्रहण और विश्लेषण के लिए एपीएचए 2012 (स्टैंडर्ड मेथड्स फॉर द एग्जामिनेशन ऑफ वाटर एंड वेस्ट वॉटर, अमेरिकन पब्लिक हेल्थ एसोसिएशन) में दिए गए मानक तरीकों का उपयोग किया गया। इस रिपोर्ट का उद्देश्य पेयजल और कृषि उपयोग हेतु भूजल में अकार्बनिक जल गुणवत्ता मानकों के व्यापक परीक्षण करना है। देशभर में भूजल गुणवत्ता में बहुत अंतर पाया गया। अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मेघालय और जम्मू-कश्मीर जैसे राज्यों में शत-प्रतिशत नमूने बीआईएस मानकों पर खरे उतरे हैं। इसके विपरीत राजस्थान, हरियाणा और आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों में व्यापक प्रदूषण पाया गया। दिलचस्प बात यह है कि मानसून के दौरान पानी की गुणवत्ता में कुछ सुधार देखा गया, विशेषकर उन क्षेत्रों में जहाँ विद्युत चालकता (ईसी) और फ्लोराइड उच्च था। मानसून के बाद कुछ क्षेत्रों में ईसी और फ्लोराइड स्तर में मामूली कमी दर्ज की गई, जिससे स्पष्ट होता है कि मानसूनी पुनर्भरण लवणों के घुलनशील होने के कारण जल गुणवत्ता में अस्थायी सुधार ला सकता है। मानकों के अनुसार 30 पीपीबी की अधिकतम अनुमेय मात्रा से अधिक यूरेनियम घनत्व वाला पानी पीने के लिए सुरक्षित नहीं माना जाता, क्योंकि इसका निरंतर सेवन आंतरिक अंगों को क्षति पहुंचा सकता है।

## हवा की रफ्तार कम होते ही बढ़ने लगा प्रदूषण

नई दिल्ली। हवा की रफ्तार कम होने के साथ ही दिल्ली का प्रदूषण एक बार फिर से अति खराब श्रेणी में पहुंच गया है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक, सोमवार को दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक 300 दर्ज किया गया। अगले तीन-चार दिनों में दिल्ली के लोगों को प्रदूषित हवा से राहत मिलने के आसार नहीं है। राजधानी में इस बार मानसून के समय सामान्य से ज्यादा अच्छी बारिश हुई थी। इसके चलते जून, जुलाई, अगस्त और सितंबर में वायु गुणवत्ता भी खासी साफ-सुथरी रही थी, लेकिन 14 अक्तूबर के बाद से लोगों को प्रदूषित हवा में सांस लेना पड़ रहा है। बीते दो दिनों में हवा की रफ्तार बढ़ने से प्रदूषण के स्तर में हल्का सुधार हुआ था और वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में आ गई थी, लेकिन एक दिन बाद ही दिल्ली की हवा अति खराब श्रेणी में पहुंच गई है।

### दिल्ली में सीजन की सबसे ठंडी सुबह

# पारा 5.7 डिग्री सेल्सियस तक लुढ़का

■ शांत हवाओं और साफ आसमान की वजह से हुई तापमान में तेज गिरावट

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली में सोमवार को न्यूनतम तापमान 5.7 डिग्री सेल्सियस तक गिरने के साथ ही यहां इस मौसम की अब तक की सबसे ठंड सुबह रही। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बताया कि एक दिन पहले यहां न्यूनतम तापमान 8.3 डिग्री सेल्सियस था और आज पारा मौसम के औसत से 4.6 डिग्री से भी नीचे चला गया।

एक मौसम विज्ञानी ने कहा कि तापमान में यह तेज गिरावट शांत हवाओं और साफ आसमान की वजह से हुई है। मेटियोरोलॉजी एंड क्लाइमेट चेंज के उपाध्यक्ष महेश पलावत ने कहा कि अगले दो या तीन दिनों में तापमान थोड़ा बढ़ेगा क्योंकि दो पश्चिमी विक्षोभ आ रहे हैं, जिससे कुछ समय के लिए न्यूनतम तापमान बढ़ जाएगा।

उन्होंने कहा, अगले एक-दो दिनों में तापमान में थोड़ी बढ़ोतरी होने की उम्मीद है, जिसके बाद मध्य दिसंबर में उसमें फिर से गिरावट आएगी। उन्होंने कहा,दिसंबर के दूसरे हफ्ते से राष्ट्रीय राजधानी में तापमान फिर से गिरने की संभावना है, जिससे ठंड का दौर शुरू हो जाएगा। पलावत ने कहा कि दो पश्चिमी विक्षोभ आ रहे हैं, जिससे पांच दिसंबर के बाद तापमान थोड़ा बढ़ जाएगा। उनके अनुसार इस बीच, पश्चमी विक्षोभ से ऊपरी हिमालयी इलाके में हल्की बर्फबारी होने की उम्मीद है।

पलावत ने कहा, ज्यादा बर्फबारी नहीं होगी और दिल्ली में बारिश होने की भी उम्मीद नहीं है। उन्होंने कहा कि विक्षोभ अब भी दिल्ली के तापमान पर असर डाल सकता है। आईएमडी के अनुसार, 5.7 डिग्री सेल्सियस सर्दी के इस मौसम में दर्ज किया गया सबसे कम तापमान है। इससे पहले सबसे कम तापमान आठ डिग्री सेल्सियस था। पिछले साल दिसंबर में सबसे कम न्यूनतम तापमान 4.5 डिग्री सेल्सियस था, 2023 में यह 4.9 डिग्री सेल्सियस और 2022 में यह पांच डिग्री सेल्सियस था। सोमवार को अधिकतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की उम्मीद है। सुबह साढे आठ बजे सापेक्षित आर्द्रता 100 प्रतिशत थी।



### राजधानी की हवा बेहद खराब

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को वायु गुणवत्ता एक बार फिर बेहद खराब श्रेणी में पहुंच गई और इस दौरान समग्र वायु गुणवत्ता (एक्यूआई) 301 दर्ज की गई। लगातार 24 दिनों तक बेहद खराब और अक्सर गंभीर श्रेणी के करीब रहने के बाद रविवार को दिल्ली में वायु गुणवत्ता में मामूली सुधार हुआ था और तब एक्यूआई 279 दर्ज किया गया था जो खराब की श्रेणी में आता है। हालांकि, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के समीर ऐप के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली के 38 निगरानी केंद्रों में से 24 में वायु गुणवत्ता बेहद खराब श्रेणी में दर्ज की गई, जबकि शेष 14 में यह स्तर खराब श्रेणी में बना हुआ है। इस बीच ठंड भी बढ़ने लगी है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार न्यूनतम तापमान 5.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के औसत से 4.6 डिग्री कम है। सुबह साढ़े आठ बजे सापेक्षिक आर्द्रता 100 प्रतिशत दर्ज की गई। मौसम विभाग ने बताया कि अधिकतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है। सीपीसीबी मानकों के अनुसार, 0 से 50 के बीच एक्यूआई को अच्छा, 51-100 को संतोषजनक, 101-200 को मध्यम, 201-300 को खराब, 301-400 को बेहद खराब और 401-500 को गंभीर माना जाता है।



## प्रदूषण-सड़क पर गड्ढा करने से पहले नियमों का करना होगा पालन

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में अब सड़क पर खुदाई से पहले दस नियमों का ध्यान रखना होगा। दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति ने रोड कटिंग के लिए दस सूत्रीय मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार की है। इसमें सड़क की खुदाई से होने वाले धूल नियंत्रण के उपायों को शामिल किया गया है। दिल्ली में प्रदूषण के मुख्य कारकों में धूल को शामिल किया जाता है। खासतौर पर सड़कों पर उड़ने वाली धूल लोगों की सेहत से खिलवाड़ करती है। सड़क किनारे जमा होने वाली यह धूल वाहनों के पहिए के साथ लिपटकर उड़ती है। वाहनों से होने वाले उत्सर्जन के चलते इसके साथ रासायनिक कण जुड़ जाते हैं और प्रदूषक कणों का निर्माण होता है। इसीलिए सड़कों पर उड़ने वाली धूल की रोकथाम के लिए तमाम प्रयास किए जाते हैं। इस क्रम में डीपीसीसी ने सड़क पर होने वाली खुदाई के लिए दस सूत्रीय एसओपी जारी की है। इसमें कहा गया है कि 18 मीटर से ज्यादा चौड़ाई वाली सड़कों पर खुदाई के लिए दो मीटर ऊंची धूल नियंत्रण दीवार लगानी होगी।

# स्कूली शिक्षा में भारतीय ज्ञान प्रणाली को लागू करने के लिए राष्ट्रव्यापी आंदोलन

■ भारतीय ज्ञान परंपराओं को एक जीवंत, कक्षा-उन्मुख मॉडल में बदलना हमारा उद्देश्य

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

स्कूली शिक्षा में भारतीय ज्ञान प्रणाली को सार्थक रूप से जोड़ने के उद्देश्य से श्री अरबिंदो सोसाइटी ने प्रमुख राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों के सहयोग से एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया। यह आयोजन न केवल भारतीय ज्ञान प्रणाली के अकादमिक महत्व को रेखांकित करता है, बल्कि इसे कक्षा-स्तर पर लागू करने के लिए एक व्यापक राष्ट्रव्यापी आंदोलन की दिशा तय करता है।

इस अवसर पर देश का पहला भारतीय ज्ञान प्रणाली चार्टर लॉन्च किया गया, जिसे श्री अरबिंदो सोसाइटी ने लंबे शोध और विशेषज्ञों की सलाह के आधार पर तैयार किया



है। यह चार्टर स्कूलों में भारतीय ज्ञान प्रणाली के जिम्मेदार, व्यावहारिक और स्पष्ट कार्यान्वयन के लिए एक मार्गदर्शक दस्तावेज के रूप में काम करेगा। इसमें सिद्धांत निर्धारण, पाठ्यक्रम निर्माण के मानदंड, आयु-आधारित मॉड्यूल, मूल्यांकन पद्धतियां, शिक्षक प्रशिक्षण और नैतिक कार्यान्वयन के लिए आवश्यक सहयोगात्मक तंत्र शामिल हैं। श्री अरबिंदो सोसाइटी के कार्यकारी बोर्ड सदस्य संभ्रांत शर्मा ने कहा, यह सम्मेलन केवल विचार-विमर्श का मंच नहीं है, बल्कि एक राष्ट्रीय परिवर्तन का आरंभ है। हमारा उद्देश्य भारतीय ज्ञान परंपराओं को एक जीवंत, कक्षा-उन्मुख मॉडल में बदलना है। हम कई राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के स्कूलों के साथ मिलकर भारतीय ज्ञान प्रणाली के सफल मॉडल विकसित कर रहे हैं, जिन्हें आने वाले वर्षों में पूरे देश में लागू किया जा सकता है। इस अवसर पर बजरंग बागड़ा, महासचिव विहिप, ने चार्टर की सराहना करते हुए कहा कि यह दस्तावेज भारतीय ज्ञान प्रणाली को पाठ्यक्रम में शामिल करने वाले शिक्षकों, प्रशासकों और नीति-निमार्ताओं के लिए एक स्पष्ट दिशा देने वाली नियमावली की तरह काम करेगा। सम्मेलन में कई विषयगत पैनल चचाओं का आयोजन किया गया, जिनमें शिक्षा विशेषज्ञों, नीति-निमार्ताओं, विद्वानों और विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। चचाओं में इस बात पर जोर दिया गया कि विज्ञान, दर्शन, कला, पारिस्थितिकी और चेतना-आधारित परंपराओं से समृद्ध भारत की सभ्यतागत विरासत आधुनिक स्कूली शिक्षा के लिए नई दिशा तय कर सकती है।

पैनलिस्टों ने यह भी कहा कि भारतीय ज्ञान प्रणाली, नई शिक्षा नीति 2020 और एनसीएफ 2023 जैसी आधुनिक नीतियों के अनुरूप शिक्षा प्रणाली में नवाचार ला सकता है। इस कार्यक्रम में अतिथियों, विशेषज्ञों और संस्थागत साझेदारों व सभी प्रतिभागियों ने यह संदेश दिया कि भारतीय ज्ञान प्रणाली का एकीकरण न केवल भारत की शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करेगा, बल्कि विश्व के लिए भी एक वैकल्पिक और भविष्य उन्मुख मॉडल प्रस्तुत करेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### आईसीएमएम पार्टनरशिप से हिंदुस्तान जिंक का सस्टेनेबल व फ्यूचर-रेडी विजन और मजबूत

**फरीदाबाद।** दुनिया की सबसे बड़ी इंटीग्रेटेड जिंक प्रोड्यूसर हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड ने इंटरनेशनल काउंसिल ऑन माइनिंग एंड मेटल्स (ICMM) की मेंबरशिप को भारत के लिए रणनीतिक उपलब्धि बताया है। आईसीएमएम के 26 वैश्विक सदस्यों में इकलौती भारतीय कंपनी के रूप में हिंदुस्तान जिंक देश को जिम्मेदार खनन पर वैश्विक मंच पर महत्वपूर्ण प्रतिनिधित्व देती है। चेयरपर्सन प्रिया अग्रवाल ने कहा कि भारत आवश्यक मिनरल्स के निर्णायक दशक की ओर बढ़ रहा है और यह साझेदारी देश की क्लीन-एनर्जी ट्रांजिशन व सस्टेनेबल ऑपरेशन्स के संकल्प को मजबूत करेगी। रिन्यूएबल एनर्जी, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और डिजिटल तकनीक के विस्तार के बीच जिंक और सिल्वर की बढ़ती मांग को देखते हुए कंपनी का डीकाबोर्नाइजेशन, रिन्यूएबल एनर्जी, सर्कुलरिटी और एथिकल प्रैक्टिस पर फोकस इसे वैश्विक नेतृत्व प्रदान करता है। यह मेंबरशिप भारत की क्रिटिकल मिनरल्स सप्लाई चेन में लीडरशिप को और मजबूत करेगी।

### एचएसईबी वर्कर्स यूनियन का जोरदार प्रदर्शन



**फरीदाबाद।** हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड वर्करज यूनियन (हेड ऑफिस भिवानी-292) की ओर से सोमवार को एनआईटी स्थित सबडिवीजन-5 में कर्मचारियों की गेट मीटिंग आयोजित की गई। इस बैठक का उद्देश्य यूनियन आपके द्वार कार्यक्रम के तहत फील्ड और दफ्तरों में काम करने वाले कर्मचारियों की वास्तविक समस्याओं को समझना और उन्हें प्रदेश स्तर पर उठाना रहा। मीटिंग की अध्यक्षता सबडिवीजन-5 के प्रधान अजय कुमार ने की, जबकि कार्यक्रम का संचालन एनआईटी जोन के प्रधान लेखराज चौधरी ने किया। कर्मचारियों ने दो घंटे तक दरी बिछाकर जोरदार नारेबाजी की और अपनी मांगों को मजबूती से उठाया। इस मौके पर प्रदेश के स्टेट चीफ ऑर्गनाइजर विनोद शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। विनोद शर्मा ने यह भी स्पष्ट किया कि कर्मचारियों की प्रमुख मांगों को लेकर यूनियन आर-पार की लड़ाई लड़ने के लिए तैयार है। कार्यक्रम में मदन गोपाल, सुरेंद्र, दयाराम, भागीरथ, परविंदर, राजबीर, सुनील चौहान, राजेश, संदीप पंघाल, योगेश, विक्की सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

### न्यारामदास गौशाला में बुजुर्ग के हाथों वायर मेश बाउंड्री वॉल के कार्य का शुभारंभ

**गुरुग्राम।** मानेसर गांव स्थित बाबा न्यारामदास गौशाला में 35 लाख की लागत से तैयार होने वाली वायर मेश बाउंड्री वॉल के कार्य का सोमवार को शुभारंभ किया गया। सीनियर डिप्टी मेयर प्रवीन यादव ने एक बुजुर्ग के हाथों से इसका शुभारंभ कराया। इस अवसर पर पार्षद मनोज कुमार, निगम अधिकारी और गौशाला कमेटी के सदस्य मौजूद रहे। यह बाउंड्री वॉल गौशाला की सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।



उद्घाटन के दौरान, निगम के अधिकारियों और ठेकेदार को सख्त निर्देश दिए कि काम समय सीमा के भीतर और गुणवत्ता के साथ बिना किसी समझौता किए पूरा किया जाए। गौमाता की सेवा के लिए यह कार्य बेहद जरूरी है और इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि बाबा न्यारामदास गौशाला मानेसर गांव की एक प्रमुख गौशाला है, जहां सैंकड़ों गायों की देखभाल की जाती है। गौशाला का उद्देश्य पशु कल्याण के साथ-साथ ग्रामीण पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है।

मुख्य न्यायाधीश के दौरे को लेकर तैयारियां शुरू

# सीजेआई करेंगे आईआईटी का शुभारंभ

- मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत छह दिसंबर को भौंडसी कारागार में आईटीआई का करेंगे शुभारंभ
- दौरे को लेकर न्यायिक अधिकारियों का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा गुरुग्राम जिला कारागार, कार्यक्रम स्थल पर किया तैयारियों का निरीक्षण

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम।**



जिला कारागार भौंडसी में कैदियों को कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से स्थापित नव-निर्मित आईटीआई का शुभारंभ आगामी छह दिसंबर को भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत द्वारा किया जाएगा। इस आईटीआई के माध्यम से कैदियों को तकनीकी शिक्षा एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे वे रिहाई के बाद सम्मानजनक आजीविका के साथ समाज में पुनः स्थापित हो सकें।

मुख्य न्यायाधीश के प्रस्तावित दौरे को ध्यान में रखते हुए महानिरीक्षक (कारागार) बी. सतीश बालन व न्यायिक अधिकारियों का प्रतिनिधिमंडल सोमवार को जिला कारागार भौंडसी पहुंचा। न्यायिक अधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल में पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय से एडीजे अमित ग्रोवर, सुनील चौहान एडीजे, सुनील दीवान एडीजे, महावीर सिंह एडीजे, रजत सीजेएम, जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम राकेश कादियान भी शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान महानिरीक्षक ने कारागार में आईटीआई से संबंधित अवसंरचना, प्रशिक्षण क्षमताओं तथा सुविधाओं काअवलोकन करते तैयारियों को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कारागार अधीक्षक और अन्य अधिकारियों से तैयारियों की विस्तृत जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, ताकि सभी व्यवस्थाएं मुख्य न्यायाधीश के आगमन से पूर्व सुचारू और मानकों के अनुरूप पूरी हो सकें। कारागार अधीक्षक विवेक चौधरी ने कार्यक्रम को लेकर महानिरीक्षक को विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मुख्य न्यायाधीश छः दिसंबर को पहले जिला कारागार में स्किल डेवलपमेंट सेंटर और निर्माण सदन का दौरा करेंगे। इसके उपरांत वे आरटीसी, भोंडसी में सेमिनार को संबोधित करेंगे।

न्यायिक अधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल ने निरीक्षण के दौरान वर्कशॉप, जेल रेडियो, कंप्यूटर लैब, इलेक्ट्रॉनिक्स लैब, फिजिक्स लैब, संगीतशाला, सैलून और स्किल डेवलपमेंट सेंटर का दौरा किया। उन्होंने प्रत्येक केंद्र पर उपलब्ध संसाधनों, प्रशिक्षण सामग्री, प्रशिक्षकों की उपलब्धता तथा कैदियों की भागीदारी को विस्तार से परखा। एडीजे अमित ग्रोवर ने कहा कि आईटीआई सहित विभिन्न कौशल केंद्र कैदियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में अत्यंत प्रभावी साबित होंगे।

## केजीपी पर दो ट्रकों की टक्कर में ड्राइवर की मौत

- ट्रक बिना किसी रिफ्लेक्टर, लाइट या चेतावनी संकेत के खड़ा हुआ था

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

कुंडली-गाजियाबाद-पलवल एक्सप्रेस-वे (केजीपी) पर गांव छांयसा के पास शनिवार देर रात दर्दनाक हादसा हो गया। दो ट्रकों की भीषण टक्कर में एक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर बादशाह खान अस्पताल भिजवाया।

जानकारी के अनुसार मृतक चालक रामप्रसाद राजस्थान के भरतपुर जिले का रहने वाला था और लंबे समय से ट्रक चलाने का काम कर रहा था। शनिवार देर रात वह अपने ट्रक में क्रशर भरकर नोएडा की ओर जा रहा था। इसी दौरान छांयसा के पास एक्सप्रेस-वे पर एक अन्य ट्रक बिना किसी रिफ्लेक्टर, लाइट या चेतावनी संकेत के खड़ा हुआ था। रात का अंधेरा होने के कारण रामप्रसाद को आगे खड़े इस ट्रक का अंदाजा नहीं लगा और उसका ट्रक तेज रफ्तार में जाकर सीधे खड़े ट्रक से जा टकराया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि रामप्रसाद की मौके पर ही मौत हो गई।

मृतक के बेटे उमेद सिंह ने बताया कि उसके पिता कई वर्षों से ट्रक चलाते थे। रात में एक एम्बुलेंस ड्राइवर टिंकू ने फोन कर उसे हादसे की सूचना दी। उमेद के मुताबिक यदि एक्सप्रेस-वे पर खड़े ट्रक चालक ने सुरक्षा नियमों के अनुसार रिफ्लेक्टर बोर्ड या पत्थर लगाए होते, तो इस हादसे को आसानी से टाला जा सकता था।

थाना छांयसा पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर ट्रक को कब्जे में ले लिया है। पुलिस प्रवक्ता यशपाल ने बताया कि उमेद सिंह की शिकायत पर अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ लापरवाही से मौत का मामला दर्ज कर लिया गया है। साथ ही आसपास के सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है ताकि पता चल सके कि ट्रक कब और कैसे एक्सप्रेस-वे पर बिना संकेत के खड़ा किया गया। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंपने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। हादसे के बाद से मृतक के परिवार में शोक की लहर है। पुलिस मामले की जांच जारी रखे हुए है।

## 39 गैंग के 104 आरोपी गिरफ्तार, 113 मामलों का हुआ खुलासा

- 99 लाख रुपये से अधिक की चोरी की गई संपत्ति भी बरामद की गई

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता के निर्देश पर फरीदाबाद पुलिस ने वर्ष 2025 में अपराधियों के खिलाफ सख्त अभियान चलाते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने गृह भेदन, चोरी, वाहन चोरी और स्नैचिंग में शामिल कुल 39 गैंग के 104 सदस्यों को गिरफ्तार कर 113 मामलों का सफलतापूर्वक खुलासा किया है। कार्रवाई के दौरान 99 लाख रुपये से अधिक की चोरी की गई संपत्ति भी बरामद की गई।

पुलिस प्रवक्ता के अनुसार, गृह भेदन की 10 गैंगों को पकड़ते हुए 44 आरोपियों की गिरफ्तारी हुई। इससे 37 मामले सुलझे और 51 लाख रुपये से अधिक की संपत्ति बरामद की गई। वहीं वाहन चोरी में शामिल 21 गैंगों के 43 सदस्यों को गिरफ्तार कर 51 मामलों का खुलासा किया गया और 34 लाख रुपये से ज्यादा की संपत्ति मिली।

साधारण चोरी की 5 गैंग के 11 सदस्यों को पकड़ते हुए 12 मामलों का निपटारा किया गया तथा साढ़े 4 लाख रुपये से अधिक की बरामदगी हुई। स्नैचिंग की 2 गैंगों के 4 सदस्यों को गिरफ्तार कर 4 मामलों का पदार्फाश किया गया और 4 लाख रुपये से अधिक की संपत्ति मिली। इसके अलावा ट्रांसफार्मर चोरी की एक गैंग के 2 आरोपी भी गिरफ्तार हुए, जिनसे जुड़े 9 मामलों को वर्कआउट करते हुए करीब 5 लाख की संपत्ति बरामद की गई।

इस प्रकार वर्ष 2025 में फरीदाबाद पुलिस ने अपराध पर कड़ा प्रहार करते हुए कुल 39 गैंगों के 104 अपराधियों को जेल पहुंचाया और करीब 99 लाख की चोरी की संपत्ति बरामद कर पीड़ितों को न्याय दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की।

## मोर चौक से मेन मार्केट तक 600 एमएम की सीवर लाइन डालने का कार्य शुरू

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम।**

वार्ड-27 के अंतर्गत पटेल नगर में सोमवार को विधायक मुकेश शर्मा, मेयर राजरानी मल्होत्रा व पार्षद आशीष गुप्ता द्वारा 600 एमएम सीवर लाइन कार्य का शुभारंभ किया गया। यह लाइन मोर चौक से मेन मार्केट तक डाली जाएगी, जिससे क्षेत्र की सीवर समस्या का स्थायी समाधान होगा। इस अवसर पर कैटल पिकअप वाहनों को भी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर पूर्व पार्षद सुभाष सिंगला, पंकज यादव, ईश्वर यादव, निर्मल नागेश, आरडब्ल्यूए प्रधान संजय, अनिल गोयल, आरडब्ल्यूए प्रधान गौरव मंगला, अजय शर्मा, रणबीर सिंह, बिमला सैनी आदि मौजूद रहे।

विधायक मुकेश शर्मा ने कहा कि हर वार्ड में जरूरत के अनुसार जो भी कार्य हैं, उनको पूरा किया जा रहा है। किसी भी तरह के कार्यों को करने के पूर्व क्षेत्र की आबादी के हिसाब से योजना तैयार की जा रही है, ताकि



- विधायक मुकेश शर्मा, मेयर राज रानी मल्होत्रा, पार्षद आशीष गुप्ता ने की शुरुआत

उस काम का वर्षों तक लाभ मिले। मेयर राज रानी मल्होत्रा ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में बिजली, पानी, सीवरेज, सडकों के सुधारीकरण का काम जारी है। विकास के कार्यों में कोई कोताही मंजूर नहीं और गुणवत्ता प्राथमिकता है। पार्षद आशीष गुप्ता ने बताया कि अपने वार्ड-27 के विकास के लिए वे संकल्पबद्ध हैं। आमजन को हर सुविधा देना उनकी प्राथमिकताओं में है। इसी के अनुरूप से यहां 600 एमएम की सीवर लाइन डालने का कार्य शुरू किया गया है। निकट भविष्य में यहां सीवरेज से संबंधित सभी समस्याएं दूर हो जाएंगीं। उन्होंने कहा कि सरकार का यह ध्येय है कि जिस जनता ने हम पर विश्वास जताया है, उस पर हम खरे उतरें। पार्षद से मुख्यमंत्री तक जनता की सेवा में लगे हुए हैं।

आशीष गुप्ता ने कहा कि विधायक मुकेश शर्मा के नेतृत्व में शहर में क्रमबद्ध तरीके से विकास कार्य प्रगति पर हैं। चाहे सडकें हों या सीवरेज, सब का काम युद्ध स्तर पर जारी है। बरसात बंद होने के बाद शहर की अधिकांश सडकों को गड्ढामुक्त कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि ट्रिपल इंजन की सरकार का यही प्रयास है कि कम समय में क्षेत्र की जनता को अधिक से अधिक सुविधाएं दी जाएं। गुरुग्राम को जलभराव से मुक्ति के लिए कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह, विधायक मुकेश शर्मा जमीनी स्तर पर काम कर रहे हैं। साल 2026 के वित्त वर्ष की शुरूआत तक जलभराव वाले स्थानों पर दुरुस्त कर दिया जाएगा।

## 13 दिसंबर को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**गुरुग्राम।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की चेयरमैन वाणी गोपाल शर्मा के मार्गदर्शन में तथा मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजेएम) एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव राकेश कादियान के नेतृत्व में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 दिसंबर को गुरुग्राम जिला न्यायालय परिसर में किया जाएगा।

इस लोक अदालत का उद्देश्य अधिक से अधिक मामलों का आपसी सहमति से त्वरित व स्थायी समाधान करना है। इसमें विशेष रूप से ट्रैफिक चालान, बैंक रिकवरी, मोटर वाहन दुर्घटना दावे, पारिवारिक विवाद, दीवानी मामले, जमानती फौजदारी केस, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण, बिजली-पानी के बिल संबंधी विवाद, राजस्व मामले और अन्य छोटे-मोटे वादों का निपटारा किया जाएगा।

सीजेएम राकेश कादियान ने आम जनता से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं और अपने लंबित विवादों को लोक अदालत के माध्यम से निपटवाकर त्वरित एवं सुलभ न्याय प्राप्त करें।

## आत्मनिर्भर भारत मात्र नारा नहीं, सफलता की कुंजी

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**



- मोबाइल निर्माण आज इसका सबसे बड़ा उदाहरण : राज सीकरी

पंजाबी बिरादरी महा संगठन के प्रधान बोध राज सीकरी आत्मनिर्भर भारत आज सिर्फ एक नारा नहीं, बल्कि भारत के भविष्य की दिशा तय करने वाला राष्ट्रीय संकल्प है। इसकी नींव पांच मजबूत स्तंभों पर रखी गई है। वो पांच स्तम्भ हैं-अर्थव्यवस्था, बुनियादी ढांचा, हमारी प्रणाली, जीवंत सांख्यिकी और मांग।

उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के पांच अन्य अभिन्न अंग या घटक हैं-मेक इन इंडिया, मेड इन इंडिया, वोकल फॉर लोकल, मेड फॉर द वर्ल्ड और स्वदेशी। इन पांचों स्तंभों का और पांच घटकों का लक्ष्य भारत को उत्पादन, तकनीक, नवाचार और निर्यात के क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व तक पहुंचाना है। बोध राज सीकरी ने कहा कि मेक इन इंडिया का शुभारंभ 24 सितंबर 2014 को हुआ, जिसने भारतीय विनिर्माण क्षेत्र में नई ऊर्जा भरी। इसके बाद 29 दिसंबर 2014 को विज्ञान भवन में एक बड़े वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इसकी अगुवाई स्वयं प्रधानमंत्री ने की।

उन्होंने कहा कि ब्रांड इंडिया को मजबूत बनाने के लिए जीरो डिफेक्ट और जीरो इफेक्ट के सिद्धांत को अपनाना होगा। इसका असर तत्काल दिखाई देने लगा। आत्मनिर्भर भारत अभियान को सबसे बड़ी ताकत वर्ष 2020 में मिली जब सरकार ने प्रोडक्टिविटी लिंक्ड इंसेंटिव स्कीम की शुरूआत की। यह स्कीम भारत के लिए एक मील का पत्थर साबित हुई। इसमें 19 उद्योगों के लिए 1.97 लाख करोड़ रुपये का विशाल बजट निर्धारित किया गया। ये वही सेक्टर थे जिनमें भारत पहले अन्य देशों पर निर्भर था। बोध राज सीकरी ने कहा कि पीएलआई स्कीम ने इन क्षेत्रों में उत्पादन को बढ़ावा देने, निवेश आकर्षित करने और रोजगार सृजन करने में निर्णायक भूमिका निभाई। मोबाइल निर्माण आज इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। कुछ वर्षों पहले भारत मोबाइल फोन के आयात पर निर्भर था, परंतु आज भारत दुनिया के प्रमुख मोबाइल उत्पादन केंद्रों में शामिल है।

इसी तरह फार्मा और मेडिकल डिवाइस क्षेत्र में भी भारत ने उल्लेखनीय प्रगति की है। टेक्सटाइल, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स और फूड प्रोसेसिंग में भी भारत के उत्पादों की मांग तेजी से बढ़ रही है। देश अब केवल आत्मनिर्भर नहीं बन रहा, बल्कि कई क्षेत्रों में निर्यात भी तेजी से बढ़ रहा है। आज भारत तेजी से विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

## तेज रफ्तार कार दीवार से टकराई, दोनों युवक सुरक्षित

- सामने से तेज रफ्तार में आ रही एक थार गाड़ी को बचाने के प्रयास में उसका संतुलन बिगड़ गया

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

सेक्टर-14 के गेट नंबर-3 पर रविवार देर रात एक तेज रफ्तार कार अचानक नियंत्रण खो बैठी और सड़क किनारे लगी रेलिंग तोड़ते हुए सीधे दीवार में जा घुसी। हादसा इतना जोरदार था कि दीवार कार के बोनट पर आ गिरी। गनीमत रही कि कार में सवार दोनों युवक सुरक्षित बच गए। एयरबैग खुल जाने के कारण किसी को चोट नहीं आई।

जानकारी के अनुसार कार चला रहा युवक बल्लभगढ़ के सेक्टर-3 का निवासी है। वह अपने दोस्त के साथ मथुरा रोड से बाईपास की ओर जा रहा था। तभी सामने से तेज रफ्तार में आ रही एक थार गाड़ी को बचाने के प्रयास में उसका संतुलन बिगड़ गया। कार अनियंत्रित होकर पहले रेलिंग तोड़ती हुई अंदर घुस गई और दीवार से जा टकराई। टक्कर की आवाज सुनकर आस-पास के लोग मौके पर दौड़े और दोनों युवकों को सुरक्षित बाहर निकाला। हादसे के बाद थार गाड़ी का चालक अपनी गाड़ी सहित मौके से फरार हो गया।

पुलिस जांच अधिकारी कृष्णलाल ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि गलती किस तरफ से हुई। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## हत्या के तीन दोषियों को उम्रकैद

**गुरुग्राम।** टैक्सी ड्राइवर का अपरहरण करके उसकी हत्या करके कार छीनने की वारदात को अन्जाम देने वाले तीन आरोपियों को अदालत ने दोषी करार दिया। दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। आरोपियों ने ब्लेड से गले पर चोटें मारकर व कम्बल से गला घोंटकर टैक्सी चालक की हत्या की थी।

जानकारी के अनुसार 23 नवंबर 2019 को पुलिस चौकी अंसल टाउनशिप थाना पालम विहार गुरुग्राम में सुरजन सिंह चौहान ने पुलिस को एक शिकायत दी थी। शिकायत में कहा था कि वह सांई टूर एण्ड ट्रैवल नामक एजेंसी चलाता है। उसके पास 10 व्यवसायिक कारें हैं। उसका एक ड्राइवर जयपाल गुरुग्राम करीब एक साल से उसके पास काम कर रहा है। 21 नवंबर 2019 को 10 बजे गुरुग्राम से गाड़ी में दानेश को छोडने के लिए पालम विहार गुरुग्राम गया था।

## स्ट्रेंजर थिंग्स गेम के फैन्स के लिए इंस्टास्ट्रेंज लॉन्च

- नेटफ्लिक्स इंडिया व इंस्टामार्ट ने किया लॉन्च
- अब इंस्टामार्ट के इंस्टास्ट्रेंज पर भी ले सकते हैं स्ट्रेंजर थिंग्स गेम का आनंद

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम।**

स्ट्रेंजर थिंग्स गेम के फैन्स के लिए यह अच्छी खबर है कि अब इसे नेटफ्लिक्स इंडिया व इंस्टामार्ट ने भी लॉन्च कर दिया है। इंस्टामार्ट के इंस्टास्ट्रेंज पर स्ट्रेंजर थिंग्स गेम का आनंद ले सकते हैं।

जिस एक्सक्लूसिव मर्चेंडाइज का बेसब्री से इंतजार था, वह अब इंस्टामार्ट पर खरीदारी के लिए उपलब्ध है। फैन्स इंस्टामार्ट ऐप पर टेलीकिनेसिस स्टोर के जरिए सुपरनैचुरल चीजों का अनुभव जारी रख सकते हैं। स्ट्रेंजर थिंग्स से प्रेरित टेलीकिनेसिस वेंडिंग मशीन है, जिससे फैन्स इलेवन की तरह शॉपिंग कर सकते हैं। एक्सक्लूसिव स्ट्रेंजर थिंग्स मर्चेंडाइज में मैजिक मग, डायरी, की चेन, माउसपैड इंस्टामार्ट पर उपलब्ध है। स्विगी के ब्रांड हेड मयूर होला ने इस कोलैबोरेशन पर कहा कि इंस्टामार्ट में हम हमेशा तकनीक को खुशी के साथ मिलाने की कोशिश करते हैं। स्ट्रेंजर थिंग्स ने हमें खेल के लिए एक परफेक्ट यूनिवर्स दिया। टेलीकिनेसिस स्टोर उस दुनिया के एक हिस्सा को हमारे फैन्स तक पहुंचाने का तरीका है।

डीएलएफ साइबर हब में अब एक नया ऑफलाइन एक्टिवेशन, टेलीकिनेसिस स्टोर इंस्टास्ट्रेंज लाइव हो गया है। यह विजिटर्स को चीजों को हिलाने, हैंड्स-फ्री शॉपिंग करने और सीधे हॉकिन्स के काल्पनिक शहर में एक दिन के लिए प्योर स्ट्रेंज एनर्जी के साथ जाने का मौका देता है।

## चोरी की आधा दर्जन से अधिक वारदातों का आरोपी गिरफ्तार, सात बाइक बरामद

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

वाहन चोरी करने की आधा दर्जन से भी अधिक वारदातों को अंजाम देने वाला आरोपी अपराध शाखा सोहना ने गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से सात बाइक बरामद की गई हैं।



जानकारी के अनुसार 25 अक्टूबर 2025 को एक व्यक्ति ने पुलिस थाना सदर में शिकायत दी कि 24 अक्टूबर 2025 को सेक्टर-48 से किसी अज्ञात द्वारा उसकी बाइक चोरी कर ली गई। इस शिकायत पर पुलिस थाना सदर गुरुग्राम में केस दर्ज किया गया। अपराध शाखा सोहना इंचार्ज उप-निरीक्षक विनय की टीम ने कार्रवाई करते हुए बाइक चोरी करने की वारदात को अंजाम देने के आरोपी को रायपुर नाका सोहना से गिरफ्तार किया गया। आरोपी की पहचान मुस्तफा उर्फ बालम निवासी घासेड़ा जिला नूंह के रूप में हुई। आरोपी ने पुलिस पूछताछ में कहा कि गुरुग्राम से वाहन चोरी करने की सात वारदातों को अंजाम देने का खुलासा हुआ है। आरोपी के खिलाफ गुरुग्राम के सदर थाना, सेक्टर-50 थाना, सदर थाना, सिटी थाना, मानेसर थाना, सेक्टर-65 थाना में विभिन्न अपराधों में केस दर्ज हैं। जांच से यह भी पता चला है कि उसके खिलाफ पहले भी दो केस सदर थाना नूंह में दर्ज हैं। सोमवार को आरोपी को अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

## पीड़ित बनकर साइबर अपराध थाना पहुंचे डीजीपी

**पायनियर समाचार सेवा। भिवानी**

साइबर अपराध को लेकर गुरुग्राम पुलिस के साइबर थाना की कार्यप्रणाली जांच के लिए हरियाणा के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) ओ.पी. सिंह स्वयं डिजिटल अरेस्ट पीड़ित बनकर साइबर अपराध थाना पूर्व गुरुग्राम में पहुंचे। उन्होंने आम नागरिकों को मिलने वाली वास्तविक प्रक्रिया, व्यवहार और सहायता की गुणवत्ता का आंकलन किया।

डीजीपी ओ.पी. सिंह ने सोमवार को थाना साइबर अपराध पूर्व गुरुग्राम का औचक निरीक्षण किया। डिजिटल अरेस्ट पीड़ित के रूप में उन्होंने थाना में शिरकत की। थाने में तैनात संतरी ने निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार उन्हें शोध अधिकारी से मिलने तथा शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया समझाई। इस दौरान पुलिस महानिदेशक ने थाने की कार्यप्रणाली, पीड़ित सहायता व्यवस्था, रिस्पॉन्स सिस्टम और जागरूकता तंत्र की गहन समीक्षा की। निरीक्षण के बाद पत्रकारों से बातचीत में डीजीपी ओ.पी. सिंह ने साइबर अपराधों से बचाव, पीड़ितों को त्वरित राहत दिलाने और समाज को अधिक जागरुक बनाने के लिए उठाए जा रहे कदमों की जानकारी सांझा की। उन्होंने कहा कि हरियाणा पुलिस साइबर अपराधों की बदलती चुनौतियों से निपटने के लिए लगातार ठोस, प्रभावी और नवाचारी रणनीति अपना रही है। डीजीपी ने बताया कि साइबर ठगी के मामलों में छोटी राशियों के फ्रीज होने पर पीड़ितों को आर्थिक राहत तेजी से उपलब्ध करवाने के लिए पुलिस लोक अदालत की मदद लेगी, ताकि उन्हें बिना देरी रकम की वापसी मिल सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि किसी साइबर ठगी में बैंक की ओर से लापरवाही सामने आती है तो पीड़ित को हुए आर्थिक नुकसान की भरपाई का दायित्व बैंक पर रहेगा।



### साइबर जागरुकता एंबेसडर होंगें तैयार

समाज को साइबर सुरक्षित बनाने के लिए डीजीपी ओ.पी. सिंह ने कहा कि जागरुकता को अभियान-स्तर पर ले जाया जाएगा। सोशल मीडिया, सामुदायिक कार्यक्रमों और राज्यव्यापी अभियानों के साथ स्कूल-कॉलेजों में हेड स्टूडेंट्स की विशेष टीमें गठित की जाएंगी।

## एचपीएससी में नौकरी के नाम पर 12 लाख हड़पे

**पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद**

हरियाणा पब्लिक सर्विस कमीशन (एचपीएससी) में सेल्स टैक्स ऑफिसर लगाने का झांसा देकर फरीदाबाद के एक परिवार से 30 लाख रुपये ठग लिए गए। पीड़ित की शिकायत पर एनआईटी थाना पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित परिवार पिछले डेढ़ साल से आरोपियों के चक्कर काट रहा था।

गांधी कॉलोनी निवासी सुरजीत सिंह ने पुलिस को बताया कि उसके दामाद शुभम ने साल 2023 में एचपीएससी की भर्ती के लिए आवेदन किया था। इसी दौरान उनकी मुलाकात ग्रेटर फरीदाबाद निवासी मनोज नामक युवक से हुई। मनोज पीड़ित को दिल्ली के एक फाइव स्टार होटल में ले गया, जहां उसकी मुलाकात विवेक त्रिपाठी से कराई गई। त्रिपाठी ने शुभम को सरकारी नौकरी दिलाने के लिए 30 लाख रुपये की मांग की और कहा कि वह इससे पहले कई लोगों को बड़े पदों पर लगवा चुका है। भरोसा करने पर सुरजीत ने 30 लाख रुपये उनके बताए खाते में ट्रांसफर कर दिए।

सुरजीत ने बताया कि पैसे लेने के बाद दोनों आरोपी लगातार नौकरी का इंतजार करवाते रहे। लगभग एक साल बीत जाने के बाद भी जब नौकरी नहीं मिली तो सुरजीत ने दोनों पर दबाव बनाना शुरू कर दिया। लगातार चेतावनी के बाद साल 2024 में आरोपियों ने 30 लाख में से 18 लाख रुपये लौटा दिए, लेकिन बचे 12 लाख रुपये देने से इनकार कर दिया।

## डीएचबीवीएन के प्रबंध निदेशक बने विक्रम



**गुरुग्राम।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम (डीएचबीवीएन) में 2014 बैच के आईएएस अधिकारी विक्रम को प्रबंध निदेशक लगाया गया है। उनके आदेश मुख्य सचिव हरियाणा द्वारा जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने विभिन्न पदों पर अपनी सेवाएं दी हैं। एमडी प्रबंधक निदेशक के पदभार के दौरान पूर्व एमडी अशोक कुमार गर्ग भी मौजूद रहे। उन्होंने विक्रम को शुभकामनाएं दीं। आईएएस विक्रम 2014 से लगातार हरियाणा सरकार में निरंतर अपनी सेवाएं देते हुए विभिन्न पदों पर कार्यरत रहे हैं। वर्तमान में फरीदाबाद उपायुक्त के रूप में सेवाएं दे रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### छात्र की मौत में दो युवतियों समेत पांच पर केस

**गाजियाबाद।** एमसीए के छात्र की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में नंदग्राम पुलिस ने दो युवतियों समेत छात्र के पांच दोस्तों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज किया है। छात्र की मौत के बाद परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए दो दिनों तक जमकर हंगामा किया था। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। मूलरूप से गुलावठी बुलंदशहर निवासी राकेश राणा नंदग्राम ई-ब्लॉक में बने जीडीए के ट्रिपल स्टोरी फ्लैट्स में किराए पर रहते हैं। पुलिस को दी शिकायत में राकेश राणा ने बताया कि 26 नवंबर को वह पत्नी के साथ परिचित की शादी में गए हुए थे। घर पर उनका 24 वर्षीय बेटा वतन राणा अकेला था। देर शाम पड़ोस में रहने वाले उनके साले राजेश का फोन आया। वहां मौजूद लोगों और साले से बात करने पर कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। राकेश के मुताबिक राजेश ने उन्हें बताया कि कमरे की कुंडी बाहर से बंद थी। जब दरवाजा खोला गया, तो वतन चादर से पंखे पर लटका हुआ मिला। उसके पैर मुड़े हुए थे और शरीर पर निशान भी दिखाई दे रहे थे, जो घटना को संदिग्ध बनाता है। इन परिस्थितियों में आत्महत्या की संभावना कमजोर लगती है।

### पार्षद के निधन पर नगर निगम में हुई शोक सभा

**गाजियाबाद।** वार्ड-23 के पार्षद जगत सिंह का रविवार को निधन हो गया। उनके निधन पर सोमवार को नगर निगम मुख्यालय में शोक सभा का आयोजन हुआ। इसमें महापौर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक समेत सभी अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। महापौर ने कहा कि पार्षद के निधन से निगम परिवार को क्षति हुई है। दुख की इस घड़ी में निगम पार्षद के परिवार के साथ खड़ा है। इस मौके पर कार्यकारिणी उपाध्यक्ष प्रवीण चौधरी, अपर नगर आयुक्त अवनींद्र सिंह,अपर नगर आयुक्त जंग बहादुर यादव कर्मचारी यूनियन के पदाधिकारी, पार्षद आदि मौजूद रहे।

### जिला स्तरीय जूनियर बालक कबड्डी ट्रायल आज

**गाजियाबाद।** महामाया स्पोर्ट्स स्टेडियम में दो दिसंबर को जिला स्तरीय जूनियर बालक कबड्डी ट्रायल का आयोजन किया जाएगा। जिला क्रीडा अधिकारी अभिषेक धनुक ने बताया कि 75 किग्रा. या उससे कम वजन वाले खिलाड़ी जिसकी आयु 31 दिसंबर तक 20 वर्ष या उससे कम होगी, वह ट्रायल में भाग ले सकते हैं। ट्रायल में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों को जन्म तिथि प्रमाण पत्र लेकर आना अनिवार्य है। प्रदर्शन के आधार पर खिलाड़ियों का चयन मंडलीय ट्रायल के लिए किया जाएगा। मंडल स्तरीय ट्रायल तीन दिसंबर को मेरठ में आयोजित किया जाएगा।

### शिविर में 100 लोगों ने आंखों की जांच कराई

**गाजियाबाद।** लोहा मंडी में गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल की तरफ से नेत्र परीक्षण और चश्मा वितरण शिविर लगाया गया। इसमें 100 लोगों ने आंखों की जांच कराई। लोहा विक्रेता मंडल के कार्यालय में आयोजित शिविर में चिकित्सकों ने मजदूरों और लोगों के आंखों की जांच कराई। 60 लोगों को निशुल्क चश्मे भी वितरित किए। लोहा विक्रेता मंडल के अध्यक्ष डा. अतुल कुमा जैन ने बताया कि इस तरह के शिविर संगठन की तरफ से समय समय पर लगाए जाते हैं। इस दौरान सतीश बंसल, इंद्र मोहन कुमार आदि मौजूद रहे।

### हाउस टैक्स जमा करने की अपील

**गाजियाबाद।** नगर निगम के मुख्य कर निर्धारण अधिकारी सुनील कुमार राय ने करदाताओं से हाउस टैक्स जमा करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि करदाताओं को इस महीने 20 फीसदी छूट का लाभ दिया जाएगा। लोग समय पर हाउस टैक्स जमा करके इस का लाभ उठा सकेंगे। उन्होंने कहा कि जिस किसी को कर निर्धारण में कोई दिक्कत है तो वह निगम मुख्यालय में आकर उनसे संपर्क कर सकते हैं।

### डॉक्टर से मारपीट में तीन के खिलाफ केस

**ग्रेटर नोएडा।** जेपी अमन सोसाइटी में दुकान के सामने खड़ी कार हटाने को लेकर हुए विवाद में डॉक्टर के साथ मारपीट की गई। पीड़ित डॉक्टर की शिकायत पर पुलिस ने टेंपो में सवार तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है। पुलिस के मुताबिक जेपी अमन सोसाइटी में डॉ. अमित सेठ परिवार के साथ रहते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि वह शनिवार की शाम सोसाइटी की एक दुकान में डोसा खाने गए थे। उनकी कार दुकान के बाहर खड़ी थी। इस बीच एक टेंपो में सवार तीन लोग वहां पहुंचे और कार हटाने के लिए कहा। उन्होंने दो मिनट में कार हटाने के लिए कहा। इस बात को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि टेंपो सवार तीनों आरोपियों ने मिलकर डॉक्टर के साथ मारपीट की। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### पोस्टर से एचआईवी के प्रति जागरूक किया

**नोएडा।** विश्व एड्स दिवस पर सोमवार को राजकीय पीजी महाविद्यालय में जनजागरुकता के लिए पैदल मार्च और पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया। रैली से छात्र-छात्राओं ने एचआईवी/एड्स से संबंधित महत्वपूर्ण संदेशों के साथ समाज को जागरूक करने का प्रयास किया। इसके बाद पोस्टर प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने रचनात्मकता और सामाजिक चेतना का परिचय दिया।

### छात्रों ने महात्मा गांधी के विचारों को समझा

**ग्रेटर नोएडा।** जीडी गोयंका स्कूल के कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों ने शिक्षकों के साथ सोमवार को नई दिल्ली स्थित राजघाट और राष्ट्रीय स्मृति परिसर का शैक्षिक भ्रमण किया। विद्यार्थियों ने महात्मा गांधी की समाधि पर पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके जीवन में सत्य, अहिंसा और नैतिक मूल्यों के महत्व को जाना। राष्ट्र निर्माण में गांधी के विचारों की प्रासंगिकता को समझा।

### आईआईएमटी कॉलेज में छात्रों ने अनुभव किए साझा

**ग्रेटर नोएडा।** आईआईएमटी कॉलेज में सोमवार को फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। वरिष्ठ छात्रों ने नए छात्रों का गर्मजोशी से स्वागत किया और कॉलेज में अपने अनुभव साझा किए। इस दौरान डांस, गाने, शेरो-शायरी, कविता, फैशन वॉक, हरियाणवी गानों पर संगीतमय प्रस्तुति देकर छात्रों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। एमडी डॉ. मयंक अग्रवाल ने छात्रों के भविष्य उज्जवल की कामना की। मिस्टर फ्रेशर और मिस फ्रेशर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

नोएडा शहरवासियों को मिला नया पर्यटन आकर्षण

# 'जंगल ट्रेल पार्क' का विधायक पंकज सिंह ने किया उद्घाटन





**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**

नोएडा शहरवासियों के लिए एक और शानदार मनोरंजन स्थल तैयार हो गया है। सेक्टर-94 में बने जंगल ट्रेल पार्क का विधिवत उद्घाटन विधायक पंकज सिंह द्वारा किया गया। लगभग 18.27 एकड़ क्षेत्र में फैला यह पार्क पर्यटकों और स्थानीय लोगों के लिए रोमांच, प्रकृति और कला का अद्भुत संगम पेश करता है। करीब 25 करोड़ रुपए की लागत से बने इस अनोखे पार्क को पीपीपी मॉडल पर विकसित किया गया है। पार्क की सबसे बड़ी खासियत है कि यहां कबाड़ और लोहे से बनी 650 से अधिक कलाकृतियां स्थापित की गई हैं, जिन्हें वेस्ट टू वंडर थीम पर तैयार किया गया है। इनमें गौ माता की विशाल प्रतिमा, गोरिल्ला, चिंपांजी, डॉल्फिन, व्हेल, सील, ऑक्टोपस, स्टार फिश, हॉर्स, डायनासोर सहित विभिन्न महाद्वीपों के जंगली जीवों की आकृतियां देखने को मिलेंगी।

पार्क को पांच प्रमुख थीम जोन में बांटा गया है, एक्वा जोन, नॉर्थ अमेरिका, साउथ अमेरिका, एशिया और अफ्रीका जोन, जिससे आगंतुकों को दुनिया भर के वन्यजीवों की झलक एक ही स्थान पर मिल सकेगी। जंगल ट्रेल पार्क में रोमांचक गतिविधियों को भी विशेष स्थान दिया गया है। आने वाले समय में यहां रॉक क्लाईंबिंग, जिप लाइन, जिप साइक्लिंग और बोटिंग की शुरूआत की जाएगी। इसके अलावा पार्क में एडवेंचर वॉक, वाटर शॉक, फ्लाइबंग जैसी एक्टिविटी भी जोड़ी जा रही हैं, जो खासकर युवाओं और बच्चों को आकर्षित करेंगी। पार्क के भीतर फूड कोर्ट और प्रदर्शनी क्षेत्र भी विकसित किए जा रहे हैं ताकि पर्यटक पूरी शाम आराम और मनोरंजन के साथ बिता सकें। साथ ही वेटलैंड और 5.45 एकड़ की ग्रीन जोन भी बनाई जा रही है, जो पर्यावरण संरक्षण व जैव विविधता को बढ़ावा देती है।

पार्क में प्रवेश के लिए 120 रुपये का टिकट निर्धारित किया गया है। महमाया फ्लाईओवर के नीचे बनाए गए मुख्य गेट के माध्यम से पार्क में प्रवेश किया जा सकता है। लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पार्किंग की भी अलग से व्यवस्था की गई है।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से ऑटो चालक की मौत

**पायनियर समाचार सेवा। ग्रेटर नोएडा**

एलजी गोलचक्कर के समीप बेकाबू ट्रैक्टर-ट्रॉली ने ऑटो में टक्कर मार दी। हादसे में ऑटो चालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि दो सवारियां घायल हो गईं। उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। नॉलेज पार्क थाने की पुलिस के मुताबिक दादरी की दौलत राम कॉलोनी में जगबीर सिंह परिवार के साथ रहते थे। वह ग्रेटर नोएडा में ऑटो चलाते थे। जगबीर सिंह की बेटी एकता कुमारी ने पुलिस को बताया कि उनके पिता 27 नवंबर को ऑटो में सवारी लेकर सूरजपुर की तरफ आ रहे थे। एलजी गोलचक्कर के समीप बेकाबू ट्रैक्टर-ट्रॉली ने ऑटो में टक्कर मार दी। हादसे में जगबीर सिंह की मौत हो गई, जबकि दो सवारियां घायल हो गईं। दोनों को नजदीक के अस्पताल में भर्ती करवाया गया। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि जगबीर सिंह की बेटी की शिकायत पर आरोपी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपी चालक की तलाश में जुटी है। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### वाहन की भिड़ंत से ई-रिक्शा चालक ने दम तोड़ा

**नोएडा।** सेक्टर-57 में करीब पांच माह पूर्व अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हुए ई-रिक्शा चालक की मौत हो गई। उसकी पत्नी ने मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। गाजियाबाद के विजय नगर निवासी सुमन ने पुलिस को बताया कि उनके पति राजेश कुमार ई-रिक्शा चलाते थे। वह 23 जून को ई-रिक्शा लेकर नोएडा आए थे। सेक्टर-57 में अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में राजेश गंभीर रूप से घायल हो गए थे और ई-रिक्शा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। राजेश को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। गंभीर हालत होने के कारण उन्हें दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान पिछले दिनों उनकी मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि घटनास्थल और उसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के आधार पर अज्ञात वाहन की पहचान कर चालक को पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है। जल्द ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### पुलिस से मुठभेड़ में बदमाश घायल, गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश में गाजियाबाद के अंकुर विहार इलाके में रविवार देर रात पुलिस और एक बदमाश के बीच मुठभेड़ हुई। इसके बाद पुलिस ने एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस की ओर से वाहन चेकिंग की जा रही थी। इस दौरान पुलिस ने स्कूटी सवार संदिग्ध युवक को जबी रुकने का इशारा किया, तो उसने भागने का प्रयास किया। जब पुलिस ने उसे पकड़ने का प्रयास किया तो संदिग्ध युवक ने पुलिस पर तमंचे से फायर कर दिया। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए गोली चलाई, जिसमें बदमाश के दाहिने पैर में गोली लग गई और वह गिर गया। घायल बदमाश को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। आरोपी के पास से एक 315 बोर का तमंचा, एक कारतूस और चोरी की स्कूटी मिली।

## तेज रफ्तार कार पुल से गिरी पिता की मौत, बेटा घायल

**पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद**

गाजियाबाद में सोमवार तड़के एक तेज रफ्तार कार पुल की रेलिंग तोड़ते हुए करीब 50 फुट नीचे लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के परिसर में जा गिरी। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि उसका बेटा घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार दुर्घटना तड़के करीब तीन बजे राजनगर फ्लाईओवर की है जब एक कार रेलिंग तोड़ते हुए नीचे जा गिरी जहां पीडब्ल्यूडी का परिसर है। उसने बताया कि कार में सवार जाग्रति विहार निवासी प्रिंस (20) और उनके पिता राकेश कुमार (48) गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें बाहर निकाला और अस्पताल भेजा, जहां चिकित्सकों ने राकेश कुमार को मृत घोषित कर दिया। नंदग्राम की अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त



उपासना पांडे ने बताया कि प्रिंस का उपचार जारी है और उसकी स्थिति खतरे से बाहर है। उन्होंने बताया कि कार प्रिंस चला रहा था और हादसा संभवतः झपकी लगने से हुआ।

## भंगेल एलिवेटेड रोड पर सिलेंडर से भरा टेंपो पलटा, चालक घायल

**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**

नवनिर्मित भंगेल एलिवेटेड रोड पर सोमवार दोपहर एलपीजी सिलेंडरों से भरा टेंपो टायर फटने से अनियंत्रित होकर पलट गया। गनीमत रही कि पीछे रखे सिलेंडर न तो एलिवेटेड रोड के नीचे गिरे और न ही फटे। ऐसा होता तो बड़ा हादसा हो सकता था। राहगीरों ने घायल चालक को अस्पताल पहुंचाया और टेंपो को खुद ही सीधा कर यातायात को सुचारू कराया। पुलिस के मुताबिक दादरी के कुडाखेड़ी गांव निवासी राजकुमार गैस एजेंसी का टेंपो चलाता है। वह सिलेंडरों को ग्राहकों तक पहुंचाने का काम करता है। वह दोपहर करीब एक बजे दादरी स्थित एचपी गैस के गोदाम से सिलेंडर लेकर सेक्टर-16 जा रहा था।

एलिवेटेड रोड पर चढ़ने के बाद अचानक टेंपो का अगला टायर फट



गया। टायर की हवा निकलते ही टेंपो एक तरफ झुक गया और अनियंत्रित होकर पलट गया। टेंपो में फंसकर चालक राजकुमार के हाथ में चोट आई।

राहगीरों ने किसी तरह चालक को बाहर निकाला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने चालक को अस्पताल पहुंचाया। गैस एजेंसी के दूसरे टेंपो में सिलेंडरों को भरवाकर भेजा गया। क्षतिग्रस्त टेंपो को एलिवेटेड से उतारकर यातायात सामान्य कराया गया। गनीमत रही कि हादसे के बाद कोई सिलेंडर नहीं फटा। अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। बता दें कि हाल ही में भंगेल एलिवेटेड रोड का निर्माण कार्य पूरा हुआ है। एक सप्ताह पूर्व एक युवक की एलिवेटेड रोड से गिरकर मौत हो गई थी। इसके बाद कई वाहन आपस में टकरा चुके हैं।

## प्रेमिका की शादी कहीं और तय होने से नाराज युवक ने उसे गोली मारी

**पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद**

गाजियाबाद के भोजपुर इलाके में 22 वर्षीय महिला की शादी कहीं और तय होने से नाराज उसके कथित प्रेमी ने उसे गोली मार दी। मोदीनगर के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (एसीपी) अमित सक्सेना ने बताया कि यह घटना शनिवार शाम को भोजपुर इलाके के नांगलाबेर गांव में हुई। ऐसा बताया जा रहा है कि प्रदीप (28) और महिला के बीच करीब पांच साल से प्रेम प्रसंग था तथा महिला का रिश्ता किसी अन्य युवक से तय होने के कारण आरोपी नाराज था। प्रदीप कथित तौर पर महिला के घर में घुसा और एक देसी पिस्तौल से उसे गोली मार दी। गोली लगने के बाद महिला फर्श पर गिर गई,



जिसके बाद परिवार के सदस्य और पड़ोसी उसे मोदीनगर के पास के एक अस्पताल ले गए।

एसीपी ने बताया कि बाद में उसे बेहतर इलाज के लिए मेरठ के एक अस्पताल ले जाने के लिए कहा गया। चिकित्सकों के मुताबिक गोली उसके कान के पास सिर में ऊपरी हिस्से में फंसी हुई है। पुलिस ने बताया कि एमएससी प्रथम वर्ष की छात्रा ने हाल के हफ्तों में प्रदीप से बात करना बंद कर दिया था। आरोपी कथित तौर पर इस बात से परेशान था कि उसकी शादी किसी और से तय हो गई थी। अधिकारियों ने बताया कि प्रदीप ने उस पर काफी पैसे भी खर्च किए थे और उसके घर में लगे एयर कंडीशनर की किस्त भी दे रहा था। सक्सेना ने कहा, "महिला की शादी के बारे में जानने के बाद उसे अपने दोस्तों के बीच बेइज्जती महसूस हुई। गुस्से में आकर वह उसके घर पहुंचा और युवती पर गोली चला दी। पीड़िता के छोटे भाई अंशुल ने मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई है। अधिकारी ने कहा कि पुलिस टीम प्रदीप के संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

### श्रमिकों को पंजीकरण नवीनीकरण करना होगा: श्रम आयुक्त

**गाजियाबाद।** श्रमिकों को पंजीकरण नवीनीकरण करना होगा। श्रमिकों को अपना श्रमिक पंजीकरण 10 दिसंबर तक अपडेट कराना होगा। उप श्रम आयुक्त अनुराग मिश्र ने बताया कि ऐसे श्रमिक जिन्होंने पिछले चार वर्ष से अपना श्रमिक पंजीकरण अपडेट नहीं कराया है, उनको 10 दिसंबर से पहले पंजीकरण को नवीनीकरण कराना अनिवार्य है। पंजीकरण को अपडेट नहीं कराने पर उन्हें निष्क्रिय सूची में डाल दिया जाएगा। अधिकारी ने बताया की जनपद में दो लाख 92 हजार 141 श्रमिकों को अपना पंजीकरण अपडेट कराना है। लाभार्थी जन सेवा केंद्र पर जाकर पंजीकरण के नवीनीकरण के लिए आवेदन कर सकता है।

## हर्ष फायरिंग में 10 वर्षीय लड़का घायल, दो गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**

ग्रेटर नोएडा में एक विवाह समारोह के दौरान हुई हर्ष फायरिंग में 10 वर्षीय एक बच्चा गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। घायल बच्चे को ग्रेटर नोएडा के कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

ऐसी जानकारी है कि जिस लाइसेंसी हथियार से गोली चलायी, वह एक सेवानिवृत्त फौजी के नाम पंजीकृत है। उसका बेटा हथियार लेकर बारात में आया था। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (ग्रेटर नोएडा) सुधीर कुमार ने बताया कि पीड़ित सुनील प्रजापति ने थाने में दी शिकायत में बताया कि 30 नवंबर की देर रात जारचा थाना क्षेत्र के नगला चमरू गांव के सतीश की बेटी की शादी में खैरपुर से बारात आई थी। इस दौरान कुछ बारातियों ने हर्ष फायरिंग शुरू कर दी और उनका बेटा कृष (10) गोली लगने से मौके पर ही गिर पड़ा।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया है और मौके से एक हथियार भी बरामद कर लिया गया है।

## डासना में चल रहे प्रोजेक्ट का मुख्य अभियंता ने किया निरीक्षण

**पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद।**

प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को जल्द फ्लैट पर कब्जा मिलेगा। डासना में चल रहे प्रोजेक्ट के निर्माण कार्य का निरीक्षण प्रभारी मुख्य अभियंता ने किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण सामग्री की गुणवत्ता परखा। साथ ही जल्द ही भवन तैयार करने के निर्देश दिए।

जीडीए डासना में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 432 मकान तैयार कर रहा है। यह प्रोजेक्ट एक मार्च 2019 को शुरू हुआ था, जबकि इसका निर्माण कार्य समाप्त होने की समयावधि 30 जून 2023 तय की गई थी। 14,074 वर्ग मीटिर में फैले इस प्रोजेक्ट में भवनों का स्ट्रेक्चर बनकर तैयार हो चुका है। यहां तेजी से निर्माण



कार्य चल रहा है।

प्रभारी मुख्य अभियंता इस प्रोजेक्ट का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने यहां मकानों के निर्माण में प्रयोग होने वाली सामग्री की जांच की। साथ ही तैयार मकानों में लगी सामग्री को भी परखा। इस दौरान उन्होंने ठेकेदार से एक महीने में इन मकानों को तैयार करने के लिए कहा। बता दें कि चार मंजिला इमारत में तैयार हो रहे भवनों का कारपेट एरिया 22.67 वर्ग मीटर है जबकि इसका सुपर एरिया 34.07 वर्ग मीटर है। इन भवन में दो कमरे, कुकिंग स्पेस, बाथरूम, डब्लूसी, बरामदा है।

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने जारी की सूची, चार दिसंबर तक मांगी आपत्ति

## यूपी बोर्ड परीक्षा के लिए जिले में 64 केंद्र बनाए

**पायनियर समाचार सेवा। गाज़ियाबाद**

यूपी बोर्ड की परीक्षाओं के लिए जिले में 64 केंद्र निर्धारित किए गए हैं। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की तरफ से ऑनलाइन जारी किए गए इन केंद्रों पर अभिभावक, छात्र, स्कूलों और शिक्षकों से आपत्तियां मांगी गई हैं। आपत्ति दर्ज कराने की अंतिम तिथि चार दिसंबर है। जिले में यूपी बोर्ड वर्ष 2026 की परीक्षाओं के लिए विभाग तैयारियों में जुटा है। सभी स्कूलों के भौतिक सत्यापन के बाद इसकी रिपोर्ट बोर्ड को भेजी गई।

इस रिपोर्ट के अधार पर ही बोर्ड की तरफ से जिले में 64 स्कूलों को केंद्र बनाया गया है। केंद्रों की सूची डीआईओएस कार्यालय, जीआईसी




नंदग्राम, एनआईसी की वेबसाइट और सभी स्कूलों की मेल आईडी पर भेज दी गई है, जिसमें आवंटित केंद्र का नाम, परीक्षार्थियों की संख्या आदि सभी जानकारी शामिल हैं।

जिला विद्यालय निरीक्षक धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि यह प्राथमिक सूची है। इसमें त्रुटियां भी हो सकती हैं और अधिक दूरी तथा अन्य किसी समस्या को लेकर आपत्ति भी हो सकती है। इन परीक्षा केंद्रों को लेकर अगर किसी अभिभावक, छात्र, शिक्षक, स्कूल प्रबंधन या प्रधानाचार्य को कोई आपत्ति है तो वह अपनी शिकायत चार दिसंबर तक ऑनलाइन कर सकता है।

शिकायत बोर्ड के पोर्टल और डीआईओएस को मेल करनी होगी। साथ ही नंदग्राम स्थित जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में कारणों और साक्ष्यों के साथ लिखित शिकायत भी देनी होगी। बता दें कि जिले में 18 फरवरी 2026 से यूपी बोर्ड हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षाएं होनी हैं। इस बार जिले में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट दोनों कक्षाओं में कुल 53 हजार 149 छात्र-छात्राएं शामिल होंगे।

- **दूरी, सुविधा या किसी भी अन्य परेशानी को लेकर कर सकेंगे शिकायत**

### यहां दर्ज कराएं आपत्ति

- **ऑनलाइन:** माध्यमिक शिक्षा परिषद के पोर्टल upmsp.edu.in और dios.gzbd@gmail.com
- **ऑफलाइन:** जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय, नंदग्राम

"जिले में 64 केंद्रों की सूची जारी की गई है। अगर किसी भी अभिभावक, स्कूल या शिक्षक को कोई आपत्ति है तो हर हाल में चार दिसंबर तक अपनी आपत्ति या शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इसके बाद प्राप्त किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

**धर्मेंद्र शर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक**

# नये श्रम कानून
## असंगठित श्रमिकों का हित संरक्षण

केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने चार नए श्रम कानूनों को प्रभावी कर दिया है। इस नई व्यवस्था के तहत पहले प्रचलित श्रम कानून इन चार कानूनों में बदल गए हैं। जो नए श्रम कानून लागू हुए हैं इसको लेकर फिलहाल व्यापक प्रचार-प्रसार न होने से भ्रम की स्थिति है और इसको समझने में तमाम दिक्कतें आ रही हैं। वैसे अभी तक श्रमिक किसे माना जाना चाहिए इसको भी सही तरीके से परिभाषित नहीं किया गया है। जो नए श्रम कानून लागू होने जा रहे हैं उसमें देश के 40 करोड़ से अधिक असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के हितों का सबसे अधिक ध्यान रखा गया है। जो नई श्रम नीति है उसमें अब असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के वेतन में वृद्धि भी होने जा रही है। अब संगठित क्षेत्र के श्रमिकों के वेतन में प्रतिदिन 9 रुपये की वृद्धि हो जाएगी। इसका आशय यह है कि अब प्रति माह असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को 3000 रुपए तक का वेतन मिल सकेगा। श्रमिकों के न्यूनतम वेतन में बढ़ोतरी से उनकी खपत भी बढ़ेगी और देश की अर्थव्यवस्था को भी बड़ा विस्तार मिलेगा। नए श्रम कानून से अब श्रम विभाग की छोटे व्यापारियों को परेशान करने की मनमानी से भी राहत मिलेगी। नए कानून के मुताबिक अब जिस भी संस्थान में 20 से कम श्रमिक काम कर रहे हैं वहां पर अब बिना श्रम आयुक्त की अनुमति के कोई भी निरीक्षक बलपूर्वक निरीक्षण करने नहीं जा सकेगा। आशय यह है कि श्रम विभाग की जो डंडा संस्कृति है उससे नये नियमों में राहत दिलाई गई है। नीति आयोग के मुताबिक अब सभी प्रकार के श्रमिकों को नियुक्ति पत्र देना अनिवार्य होगा। श्रमिकों के पास उन्हें नौकरी करने और वेतन पाने का लिखित सबूत भी मिलेगा। अभी सिर्फ अनुसूचित औद्योगिक इकाइयों में ही न्यूनतम वेतन का नियम लागू होता था अब यह सभी जगहों पर लागू होगा। नए श्रम कानूनों के लागू होने से अब उद्यमियों को विभिन्न प्रकार के श्रम कानून के पालन से मुक्ति मिलेगी। नई श्रम नीति में 300 से कम कर्मचारी वाली यूनिट को बिना सरकार के अनुमति के कभी भी बंद किया जा सकता है। अभी यह संख्या 100 है। यूनिट बंद करने के नियम में सख्ती से कई बार उद्यमी ऑर्डर मिलने पर भी नई यूनिट नहीं लगा रहे थे। वैसे श्रमिकों की न्यूनतम मजदूरी बढ़ाने और ग्रेच्युटी के नियम में बदलाव से प्रतिष्ठानों की लागत भी बढ़ेगी। अभी ग्रेच्युटी पाने के लिए कम से कम 5 साल की नौकरी अनिवार्य है। परंतु नए श्रम कानून के लागू होने पर अब 1 साल काम करने पर ही श्रमिकों को ग्रेच्युटी का भुगतान करना पड़ेगा। अभी ग्रेच्युटी बेसिक वेतन के आधार पर दी जाती है जबकि नए नियम लागू होने पर कुल वेतन के आधार पर ग्रेच्युटी दी जाएगी। स्थाई और गैर स्थाई दोनों प्रकार के कर्मचारियों को सामाजिक सुरक्षा का लाभ सुनिश्चित करने से भी प्रतिष्ठानों की लागत बढ़ेगी। नई श्रम नीति के तहत केंद्र सरकार देशभर के श्रमिकों के लिए एक फ्लोर मजदूरी या वेतनमान तय करने जा रही है और कोई भी राज्य फ्लोर मजदूरी से कम वेतन अपने श्रमिकों को नहीं दे सकेगा। फ्लोर मजदूरी का नियम ऑफिस, दुकान या किसी निजी प्रतिष्ठान में काम करने वाले सभी प्रकार के श्रमिकों के लिए लागू होगा। अगले तीन महीने में फ्लोर मजदूरी तय हो जाएगी।



# सहकारिता से समृद्धि की राह

**प्रहलाद सबनानी**

भारत एक कृषि प्रधान देश रहा है और हिंदू सनातन संस्कृति के संस्कारों का अनुपालन करते हुए ग्रामीण इलाकों में निवास कर रहे नागरिक आपस में भाई-चारे के साथ मिलजुलकर रहते आए हैं। इस दृष्टि से देखा जाय तो सहकार की भावना हम भारतीयों के डीएनए में है। इसी विषय के दृष्टिगत एक बार पुनः आज भारत के प्रत्येक गांव को खुशहाल एवं समृद्ध बनाने की लिए समस्त गावों को सहकारिता से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। ''सहकार से समृद्धि'' का नारा भी इसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर दिया गया है। भारत में आज सहकारी समितियों की स्थापना को बढ़ावा दिया जा रहा है क्योंकि भारत में सहकारी समतियां, स्व-सहायता, स्व-जिम्मेदारी, लोकतंत्र, समानता, न्याय एवं एकजुटता जैसे भारतीय मूल्यों के आधार पर कार्य करती हुई दिखाई देती हैं। साथ ही, जिन 7 सिद्धांतों के आधार पर इन समितियों के कार्य करने की अपेक्षा रहती है, उससे इन समितियों के सफल होने की सम्भावना बढ़ जाती है। यह 7 सिद्धांत हैं - खुली और स्वैच्छिक सदस्यता; लोकतांत्रिक तरीके से सदस्यों की भागीदारी; सदस्यों की आर्थिक भागीदारी; स्वायत्तता और स्वतंत्रता; शिक्षा, प्रशिक्षण और सूचनाः कोआपरेटिव के बीच सहयोग; समुदाय के प्रति सरोकार।

सहकारिता वह संगठन है जिसके द्वारा दो या दो से अधिक व्यक्ति स्वेच्छापूर्ण मिलजुल कर समान स्तर पर आपसी आर्थिक हितों की वृद्धि करते हैं। इस प्रकार सहकारिता उस आर्थिक व्यवस्था को कहते हैं जिसमें मनुष्य किसी आर्थिक उद्देश्य की पूर्ति के लिए मिलजुल कर कार्य करते हैं। समृद्धि केवल धन-संपत्ति से कहीं अधिक है, यह तब होती है जब सभी लोगों को फलने-फूलने का अवसर और स्वतंत्रता प्राप्त होती है। समृद्धि एक समावेशी समाज पर आधारित होती है, जिसमें एक मजबूत सामाजिक अनुबंध होता है जो प्रत्येक व्यक्ति की मूलभूत स्वतंत्रता और सुरक्षा की रक्षा करता है। सहकारिता का मुख्य उद्देश्य सदस्यों के जीवन को बेहतर बनाना और सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है। यह एक ऐसा संगठन है जो सदस्यों को सशक्त बनाता है और उन्हें अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए एक साथ काम करने का अवसर प्रदान करता है। भारत में आर्थिक विकास को गति देने के उद्देश्य से सहकारिता आंदोलन को सफल बनाना बहुत जरूरी है। वैसे तो हमारे देश में सहकारिता आंदोलन की शुरुआत वर्ष 1904 से हुई है एवं तब से आज तक सहकारी क्षेत्र में लाखों समितियों की स्थापना हुई है। कुछ अत्यधिक सफल रही हैं, जैसे अमूल डेयरी, परंतु इस प्रकार की सफलता की कहानियां बहुत कम ही रही हैं। कहा जाता है कि देश में सहकारिता आंदोलन को जिस तरह से सफल होना चाहिए था, वैसा हुआ नहीं है। बल्कि, भारत में सहकारिता आंदोलन में कई प्रकार की कमियां ही दिखाई दी हैं। देश की अर्थव्यवस्था को शीघ्र ही यदि 5 लाख करोड़ अमेरिकी डालर के आकार का बनाना है तो देश में सहकारिता आंदोलन को सफल बनाना ही होगा। इस दृष्टि से केंद्र सरकार द्वारा एक नए सहकारिता मंत्रालय का गठन भी किया गया है। विशेष रूप से गठित किए गए इस सहकारिता मंत्रालय से अब ''सहकार से समृद्धि'' की परिकल्पना के साकार होने की उम्मीद भी की जा रही है।



भारत में सहकारिता आंदोलन का यदि सहकारिता की संरचना की दृष्टि से आंकलन किया जाय तो ध्यान में आता है कि देश में लगभग 8.5 लाख से अधिक सहकारी साख समितियां कार्यरत हैं। इन समितियों में कुल सदस्य संख्या लगभग 28 करोड़ है। हमारे देश में 55 किस्मों की सहकारी समितियां विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रही हैं। जैसे, देश में 1.5 लाख प्राथमिक दुग्ध सहकारी समितियां कार्यरत हैं। इसके अतिरिक्त 93, 000 प्राथमिक कृषि सहकारी साख समितियां कार्यरत हैं। ये मुख्य रूप से ग्रामीण इलाकों में कार्य करती हैं। इन दोनों प्रकार की लगभग 2.5 लाख सहकारी समितियां ग्रामीण इलाकों को अपनी कर्मभूमि बनाकर इन इलाकों की 75 प्रतिशत जनसंख्या को अपने दायरे में लिए हुए है। उक्त के अलावा देश में सहकारी साख समितियां भी कार्यरत हैं और यह तीन प्रकार की हैं। एक तो वे जो अपनी सेवाएं शहरी इलाकों में प्रदान कर रही हैं। दूसरी वे हैं जो ग्रामीण इलाकों में तो अपनी सेवाएं प्रदान कर रही हैं, परंतु कृषि क्षेत्र में ऋण प्रदान नहीं करती हैं। तीसरी वे हैं जो उद्योगों में कार्यरत श्रमिकों एवं कर्मचारियों की वित्त सम्बंधी जरूरतों को पूरा करने का प्रयास करती हैं। इसी प्रकार देश में महिला सहकारी साख समितियां भी कार्यरत हैं। इनकी संख्या भी लगभग एक लाख है। मछली पालन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मछली सहकारी साख समितियां भी स्थापित की गई हैं, इनकी संख्या कुछ कम है। ये समितियां मुख्यतः देश में समुद्र के आसपास के इलाकों में स्थापित की गई हैं। देश में बुनकर सहकारी साख समितियां भी गठित की गई हैं, इनकी संख्या भी लगभग 35, 000 है। इसके अतिरिक्त हाउसिंग सहकारी समितियां भी कार्यरत हैं। संचालन और कार्यों की प्रकृति के आधार पर मुख्यतः छह प्रकार की सहकारी समितियां होती हैं। इनमें उपभोक्ता सहकारी समितियां, उत्पादक सहकारी समितियां, विपणन सहकारी समितियां, कृषक सहकारी समितियां, ऋण सहकारी समितियां और सहकारी आवास समितियां शामिल हैं। उक्त वर्णित विभिन क्षेत्रों में कार्यरत सहकारी समितियों के अतिरिक्त देश में सहकारी क्षेत्र में तीन प्रकार के बैंक भी कार्यरत हैं। एक, प्राथमिक शहरी सहकारी बैंक जिनकी संख्या 1550 है और ये देश के लगभग सभी जिलों में कार्यरत हैं। दूसरे, 300 जिला सहकारी बैंक कार्यरत हैं एवं तीसरे, प्रत्येक राज्य में एपेक्स सहकारी बैंक भी बनाए गए हैं। उक्त समस्त आंकडें वर्ष 2021-22 तक के हैं। 29 जून, 2022 को भारत सरकार द्वारा 63, 000 क्रियाशील प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पीएसीएस) के कम्प्यूटरीकरण के लिए 2, 516 करोड़ रुपये के कुल वित्तीय परिव्यय के साथ परियोजना को मंजूरी दी गई थी।

इस प्रकार यह कहा जा सकता है कि हमारे देश में सहकारी आंदोलन की जड़ें बहुत गहरी हैं। दुग्ध क्षेत्र में अमूल सहकारी समिती लगभग 70 वर्ष पूर्व प्रारम्भ हुई है, जिसे आज भी सहकारी क्षेत्र की सबसे बड़ी सफलता के रूप में गिना जाता है। सहकारी क्षेत्र में स्थापित की गई समितियों द्वारा रोजगार के करोड़ों नए अवसर निर्मित किए गए हैं। सहकारी क्षेत्र में एक विशेषता यह पाई जाती है कि इन समितियों में सामान्यतः निर्णय सभी सदस्यों द्वारा मिलकर लिए जाते हैं। सहकारी क्षेत्र देश के आर्थिक विकास में अपनी अहम भूमिका निभा सकता है। परंतु इस क्षेत्र में बहुत सारी चुनौतियां भी रही हैं। जैसे, सहकारी क्षेत्र के बैंकों की कार्य पद्धति पर हमेशा से ही आरोप लगते रहे हैं एवं कई तरह की धोखेबाजी की घटनाएं समय समय पर उजागर होती रही हैं। सहकारी क्षेत्र के बैंकों में पेशेवर प्रबंधन का अभाव रहा है एवं ये बैंक पूंजी बाजार से पूंजी जुटा पाने में भी सफल नहीं रहे हैं। अभी तक चूंकि सहकारी क्षेत्र के संस्थानों को नियंत्रित करने के लिए प्रभावी तंत्र का अभाव था एवं केंद्र सरकार द्वारा अब किए गए नए मंत्रालय के गठन के बाद सहकारी क्षेत्र के संस्थानों को नियंत्रित करने में कसावट आएगी एवं इन संस्थानों का प्रबंधन भी पेशेवर बन जाएगा जिसके चलते इन संस्थानों की कार्य प्रणाली में भी निश्चित ही सुधार होगा, ऐसी उम्मीद की जानी चाहिए।

भारत विश्व में सबसे अधिक दूध उत्पादन करने वाले देशों में शामिल हो गया है। अब हमें दूध के पावडर के आयात की जरूरत नहीं पड़ती है। परंतु दूध के उत्पादन के मामले में भारत के कुछ भाग ही, जैसे पश्चिमी भाग, सक्रिय भूमिका अदा कर रहे हैं। देश के उत्तरी भाग, मध्य भाग, उत्तर-पूर्व भाग में दुग्ध उत्पादन का कार्य संतोषजनक रूप से नहीं हो पा रहा है। जबकि ग्रामीण इलाकों में तो बहुत बड़ी जनसंख्या को डेयरी उद्योग से ही सबसे अधिक आय हो रही है। अतः देश के सभी भागों में डेयरी उद्योग को बढ़ावा दिए जाने की आवश्यकता है। केवल दुग्ध सहकारी समितियां स्थापित करने से इस क्षेत्र की समस्याओं का हल नहीं होगा। डेयरी उद्योग को अब पेशेवर बनाने का समय आ गया है। गाय एवं भैंस को चिकित्सा सुविधाएं एवं उनके लिए चारे की व्यवस्था करना, आदि समस्याओं का हल भी खोजा जाना चाहिए। साथ ही, ग्रामीण इलाकों में किसानों की आय को दुगुना करने के लिए सहकारी क्षेत्र में खाद्य प्रसंस्करण इकाईयों की स्थापना करनी होगी। इससे खाद्य सामग्री की बर्बादी को भी बचाया जा सकेगा। एक अनुमान के अनुसार देश में प्रति वर्ष लगभग 25 से 30 प्रतिशत फल एवं सब्जियों का उत्पादन उचित रख रखाव के अभाव में बर्बाद हो जाता है। शहरी क्षेत्रों में गृह निर्माण सहकारी समितियों का गठन किया जाना भी अब समय की मांग बन गया है क्योंकि शहरी क्षेत्रों में मकानों के अभाव में बहुत बड़ी जनसंख्या झुग्गी झोपड़ियों में रहने को विवश है। अतः इन गृह निर्माण सहकारी समितियों द्वारा मकानों को बनाने के काम को गति दी जा सकती है। देश में आवश्यक वस्तुओं को उचित दामों पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कंज्यूमर सहकारी समितियों का भी अभाव है। पहिले इस तरह के संस्थानों द्वारा देश में अच्छा कार्य किया गया है। इससे मुद्रा स्फीति की समस्या को भी हल किया जा सकता है।

देश में व्यापार एवं निर्माण कार्यों को आसान बनाने के उद्देश्य से ''ईज आफ डूइंग बिजिनेस'' के क्षेत्र में जो कार्य किया जा रहा है उसे सहकारी संस्थानों पर भी लागू किया जाना चाहिए ताकि इस क्षेत्र में भी काम करना आसान हो सके। सहकारी संस्थानों को पूंजी की कमी नहीं हो इस हेतु भी प्रयास किए जाने चाहिए। केवल ऋण के ऊपर अत्यधिक निर्भरता भी ठीक नहीं है। सहकारी क्षेत्र के संस्थान भी पूंजी बाजार से पूंजी जुटा सकें ऐसी व्यवस्था की जा सकती हैं।

# प्रदूषण की कैद में पृथ्वी
## राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस (2 दिसम्बर) पर विशेष

**इस दिन का उद्देश्य प्रदूषण को रोकने में मदद करने वाले कानूनों के बारे में लोगों को जागरूक करना, औद्योगिक आपदाओं के प्रबंधन तथा नियंत्रण के प्रति जागरूकता फैलाना और औद्योगिक प्रक्रियाओं तथा मानवीय लापरवाही से उत्पन्न प्रदूषण को रोकना है**

**श्वेता गोयल**

प्रतिवर्ष 2 दिसम्बर को भोपाल गैस त्रासदी में जान गंवाने वाले लोगों की याद में भारत में 'राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस' मनाया जाता है। विभिन्न रिपोर्टों के मुताबिक उस गैस त्रासदी में जहरीली गैस के रिसाव के कारण पांच लाख से भी अधिक लोगों की मौत हो गई थी, हालांकि मध्य प्रदेश सरकार द्वारा मौतों की संख्या 3787 घोषित की गई थी। उस गैस त्रासदी को इतने वर्षों बाद भी पूरी दुनिया में इतिहास की सबसे बड़ी औद्योगिक प्रदूषण आपदा के रूप में जाना जाता है। 1984 की उस गैस त्रासदी के दौरान प्राण गंवाने वाले लोगों को याद करने और प्रदूषण नियंत्रण कृत्यों के महत्व से हर व्यक्ति को अवगत कराने के लिए 2 दिसबर का दिन राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस के रूप में चिह्नित किया गया। इस दिन का उद्देश्य प्रदूषण को रोकने में मदद करने वाले कानूनों के बारे में लोगों को जागरूक करना, औद्योगिक आपदाओं के प्रबंधन तथा नियंत्रण के प्रति जागरूकता फैलाना और औद्योगिक प्रक्रियाओं तथा मानवीय लापरवाही से उत्पन्न प्रदूषण को रोकना है। दरअसल आधुनिकता की अंधी दौड़ में हम पर्यावरण का महत्व भूलते जा रहे हैं। इन दिनों देश के विभिन्न हिस्सों में पर्यावरण प्रदूषण को लेकर जो विकराल स्थिति बरकरार है, ऐसे में इस दिवस का महत्व कई गुना बढ़ जाता है।

देश में प्रदूषण को गंभीरता से नियंत्रित करने और रोकने के लिए कानून में कई धाराएं समाहित हैं, जिनमें 1974 का जल (रोकथाम और प्रदूषण नियंत्रण) अधिनियम, 1977 का जल उपकर अधिनियम, 1981 का वायु अधिनियम, 1986 का पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 का पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1989 का खतरनाक रासायनिक निर्माण, भंडारण और आयात का नियम, 1989 का खतरनाक अपशिष्ट नियम, 1989 का खतरनाक माइक्रो जीव अनुवांशिक इंजीनियर जीवों या कोशिकाओं के निर्माण, भंडारण, आयात, निर्यात और भंडारण नियम, 1996 का रासायनिक दुर्घटनाओं (इमरजेंसी, योजना, तैयारी



और प्रतिक्रिया) नियम, 1998 का जैव चिकित्सा अपशिष्ट नियम, 1999 का पुनर्नवीनीकरण प्लास्टिक निर्माण और उपयोग नियम, 2000 का ओजोन क्षयकारी पदार्थ नियम, 2000 का ध्वनि प्रदूषण नियम, 2000 का नगरपालिका ठोस अपशिष्ट नियम, 2001 बैट्री (मैनेजमेंट और संचालन) नियम, 2006 महाराष्ट्र जैव कचरा नियंत्रण अध्यादेश, 2006 का पर्यावरण प्रभाव आकलन अधिसूचना नियम इत्यादि प्रमुख हैं। इतने सारे अधिनियमों के बावजूद यह विड़म्बना ही है कि देश में प्रदूषण का स्तर निरन्तर बढ़ रहा है और वायु प्रदूषण के मामले में दिल्ली, लखनऊ, कानपुर, आगरा, फरीदाबाद, वाराणसी, गया, पटना, जयपुर, पटियाला इत्यादि भारत के कई शहरों की गिनती अक्सर विश्व के सर्वाधिक प्रदूषित शहरों में होती रही है।

बढ़ते प्रदूषण ने जलवायु परिवर्तन के खतरे को भयावह रूप से तीव्र कर दिया है। हिंदी अकादमी दिल्ली के सौजन्य से प्रकाशित पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' के अनुसार, औद्योगिकीकरण, जीवाश्म ईंधनों का अत्यधिक उपयोग, वनों की कटाई और शहरीकरण ने वातावरण में ग्रीनहाउस गैसों की मात्रा बढ़ाकर पृथ्वी के तापमान को असंतुलित कर दिया है। 'लांसेट' जर्नल की रिपोर्ट इस संकट की गंभीरता को रेखांकित करती है। रिपोर्ट के अनुसार विश्व के 30 देशों में जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों के चलते कृषि उत्पादन में गिरावट का चरण शुरू हो चुका है, जो न केवल खाद्य सुरक्षा को प्रभावित कर रहा है बल्कि करोड़ों लोगों की आजीविका पर भी प्रत्यक्ष खतरा बन गया है। यही नहीं, यूरोप और पूर्वी भूमध्यसागरीय क्षेत्र गर्मी के बढ़ते जोखिम की जद में हैं, जहां 65 वर्ष से अधिक आयु वाले लगभग 42 प्रतिशत लोग भीषण तापमान से होने वाले दुष्प्रभावों का सामना कर रहे हैं। वर्ष 2000 से 2017 के दौरान दुनिया के 15 करोड़ से अधिक लोग भीषण गर्मी की चपेट में आए जबकि वर्ष 2017 में यह संख्या 2016 की तुलना में 1.8 करोड़ अधिक थी। उसके बाद से यह आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है। यह स्पष्ट करता है कि यदि प्रदूषण नियंत्रण और पर्यावरण संरक्षण के ठोस कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले वर्षों में जलवायु परिवर्तन मानव सभ्यता के अस्तित्व के लिए गंभीर चुनौती बन सकता है।

प्रदूषण आज न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया के लिए नासूर बनता जा रहा है, जिसकी वजह से बढ़ती बीमारियों के कारण स्वास्थ्य सेवाओं पर बोझ कई गुना बढ़ता जा रहा है। हवा में मौजूद प्रदूषण के कण न केवल दिल, दिमाग और फेफड़ों पर गंभीर असर डालते हैं बल्कि कैंसर जैसी असाध्य बीमारियों का भी कारण बन रहे हैं। प्रतिवर्ष करीब सात मिलियन लोग वायु प्रदूषण के कारण अपनी जान गंवाते हैं। दुनियाभर में प्रदूषण को लेकर इस समय स्थिति इतनी बदतर है कि प्रत्येक दस में से नौ लोगों को शुद्ध हवा नसीब नहीं हो पाती और यदि समय रहते इन परिस्थितियों पर नियंत्रण करने में सफलता नहीं मिली तो यह तय है कि हमारे आने वाली पीढ़ियां जहरीली हवा में ही सांस लेकर जीवन के दिन काटने को विवश होंगी। प्रदूषण से पैदा होती विकराल वैश्विक स्थिति के बारे में प्रदूषण नियंत्रण के लिए कार्यरत शिकागो के प्रो. माइकल ग्रीनस्टोन कहते हैं कि प्रदूषण किसी भी व्यक्ति के लिए ऐसी समस्या है, जिससे स्वयं को बचाने के लिए वह निजी स्तर पर कुछ विशेष नहीं कर सकता बल्कि यह एक सामूहिक प्रयास है।

प्रदूषण को लेकर विभिन्न रिपोर्टों के मुताबिक विश्व की करीब 75 फीसदी आबादी ऐसे क्षेत्रों में रहती है, जहां वायु प्रदूषण का स्तर विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानकों से ज्यादा है। प्रदूषण से कम होती औसत आयु और लगातार बढ़ती शारीरिक व्याधियों को लेकर अब लगभग हर वर्ष चिंताजनक रिपोर्टें आ रही हैं। अमेरिका की यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो के शोधकर्ताओं द्वारा तैयार एयर क्वालिटी लाइफ इंडेक्स (एक्यूएलआई) में तो चौंका देने वाला यह तथ्य भी सामने आया कि भारत के अलावा चीन में भी औसत आयु में कमी आने के पीछे वायु प्रदूषण सबसे बड़ा कारण है, जिसकी इसमें करीब 73 फीसदी भागीदारी है। एक्यूएलआई में औसत आयु पर पड़ने वाले प्रभावों के आधार पर वायु प्रदूषण को दुनियाभर में मानव स्वास्थ्य के लिए सबसे बड़ा खतरा बताया गया है। पर्यावरण विशेषज्ञों का मत है कि प्रदूषण से उम्र पर पड़ने वाला प्रभाव धूम्रपान और टीबी जैसी बीमारियों से भी ज्यादा है और यदि प्रदूषण को लेकर विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानकों का सख्ती से पालन किया जाए तो लोगों की उम्र में कई वर्ष की बढ़ोतरी हो सकती है। चिंतनीय स्थिति यह है कि प्रकृति ने पृथ्वी को जितना खूबसूरत बनाया है, प्रदूषण से पृथ्वी प्रदत्त वह खूबसूरती बर्बाद हो रही है। दरअसल दुनिया जितनी तीव्र गति से विकास के मार्ग पर अग्रसर है, उससे भी तेज रफ्तार से प्रदूषण का स्तर बढ़ाने में भी योगदान कर रही है। ऐसे में संजीदगी से प्रदूषण की रोकथाम के गंभीर प्रयास करने की दरकार है क्योंकि यदि प्रदूषण को नियंत्रित नहीं किया गया तो हमारे आने वाली पीढ़ियां बेहद विषैली हवा में सांस लेने को विवश होंगी और इस दुनिया में जन्म लेते ही बच्चे तरह-तरह की बीमारियों के शिकार होंगे। बढ़ते वायु प्रदूषण, गर्म होती धरती और बीमारियों के विस्फोट ने साफ संकेत दे दिए हैं कि पृथ्वी अब और बोझ सहन नहीं कर सकती। यदि अभी कठोर कदम नहीं उठाए गए तो आने वाली पीढ़ियों को हम एक ऐसी दुनिया सौंपेंगे, जहां सांस लेना भी संघर्ष होगा।

(लेखिका डेढ़ दशक से अधिक समय से शिक्षण क्षेत्र में सक्रिय शिक्षाविद हैं)

# आप की बात

### प्रतिबंधित चाइनीज मांझा बेचने और उपयोग करने वालों पर हत्या का मुकदमा दर्ज हो

मध्य प्रदेश सहित देशभर में पतंगबाजी के दौरान प्रतिबंधित चाइनीज, नायलॉन और सिंथेटिक धागे का चोरीझछिपे धड़ल्ले से उपयोग हो रहा है। हर वर्ष विभिन्न राज्य सरकारें इस जानलेवा धागे पर प्रतिबंध लगाती हैं, लेकिन इसके बावजूद प्रशासन की नाक के नीचे ही यह धागा दुकानों और घरों में खुलेआम बिकता रहता है। परिणामस्वरूप हर साल सैकड़ों लोग और अनगिनत पक्षी इसकी धार का शिकार हो जाते हैं। हाल ही में इंदौर में एक मासूम बालक की गर्दन प्रतिबंधित चाइनीज मांझे से कटने से हुई दर्दनाक मौत ने पूरे प्रदेश को विचलित कर दिया। ऐसी घटनाएं केवल हादसे नहीं, बल्कि लापरवाही की पराकाष्ठा और कानून व्यवस्था की विफलता का प्रमाण हैं। अब समय आ गया है कि सरकार और समाज दोनों इस बढ़ती समस्या पर गंभीरता से विमर्श करें। प्रतिबंधित धागे के कारण होने वाली मौतों को मात्र हादसा मानने के बजाय हत्या के दायरे में लाया जाना चाहिए। जो दुकानदार चाइनीज मांझा बेचते हैं और जो लोग इसका उपयोग करके दूसरों की जान को खतरे में डालते हैं, उन पर हत्या का मुकदमा दर्ज हो। साथ ही जिस क्षेत्र में इस तरह की घटना घटित होती है, वहाँ के जिम्मेदार एसडीएम, तहसीलदार और पुलिस अधिकारियों की जवाबदेही भी तय की जाए।

**अरविंद रावल, 51, गोपाल कॉलोनी, झाबुआ (म.प्र.)**

### संसद-सांसद और सत्र का स्थगित होना कितना ठीक?

संसद का शीतकालीन सत्र आरम्भ होते ही कुछ समय पश्चात हल्ले-गुल्ले के कारण अध्यक्ष ॐ बिड़ला को संसद की कार्रवाई स्थगित करनी पड़ी. ये कोई नई बात नहीं है. क्योंकि सरकार और विपक्ष में पिछले अनेक सत्रों से तालमेल नहीं बैठने के कारण हमेशा ही सत्र हंगामों की भेंट चढ़ते ही रहे हैं. २०१४ से जब से देश में विपक्ष की सरकार स्थापित हुई है तब से ही सत्ता और विपक्ष के बीच ३६ का आंकड़ा ही बना रहा. पहले भी विपक्ष से सरकार को कोई सहयोग नहीं मिला और लगता है शायद अब भी नहीं। आखिर विपक्ष अनेक बार सरकार द्वारा रिक्वेस्ट और सर्वदलीय बैठक के माध्यम से कोर्ट की तारीख पे तारीख की तरह बारम्बार अपील करता रहा कि संसद को शान्ति से चलने दें, स्वच्छ बहस के जरिये जनता के कार्यों को और बेहतर तरीके से करने में अपना बहुमूल्य सहयोग दे ताकि देश को सबके सहयोग से नई दिशा मिल सके और वो हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयां छू सके. क्या विपक्ष इन बातों पर गौर करेगा और स्वस्थ बहस करके देश को आगे बढ़ाने सहयोग देगा ? या फिर ढाक के तीन पात की तरह.....?

**शकुंतला महेश नेनावा, गिरधर नगर, इंदौर (म.प्र.)**

### सादगी से सामाजिक बदलाव

सत्ता का उद्देश्य क्या होना चाहिए, इसका सबसे प्रभावी उदाहरण मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पूरे प्रदेश को देकर दिखाया है। 30 नवंबर को उनके छोटे बेटे डॉ. अभिमन्यु यादव ने उज्जैन के संवराखेड़ी में 21 अन्य नवयुगलों के साथ सामूहिक विवाह में फेरे लेकर ऐसा संदेश दिया, जिसने समाज के दिलों को छू लिया। यह विवाह केवल एक पारिवारिक आयोजन नहीं था, बल्कि दहेज-प्रथा, फिजूलखर्ची और दिखावे की बढ़ती प्रवृत्ति पर सटीक चोट थी। एक ही मंडप में—विभिन्न जातियों और सामाजिक पृष्ठभूमि से आए सभी जोड़ों का समान रीति से संपन्न विवाह—सामाजिक सामरसता का अद्भुत प्रतीक बना। बाबा रामदेव और धीरेंद्र शास्त्री जैसे संतों का आशीर्वाद इस पहल को और प्रबल बनाता है। जब आज करोड़ों की चमक-दमक वाली शादियाँ सामान्य हो चुकी हैं, तब यह सादगीपूर्ण आयोजन सच्चे बदलाव की दिशा दिखाता है। डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री के 'सादा विवाह' संदेश को जीवंत कर यह स्पष्ट कर दिया कि असली खुशी खर्च में नहीं, बल्कि एकता, समानता और सरलता में है। यही वह नेतृत्व है जो समाज को जोड़ता है।

**प्रो. आरके जैन ''अरिजीत'', बड़वानी (मप्र)**

### च्यवनप्राश अवलेह का सम्बन्ध नहीं

पतंजलि च्यवनप्राश के टीवी विज्ञापन में बताया जाता है कि उनका उत्पाद वही है जिसके सेवन से बूढ़े च्यवन ऋषि युवा हो गए थे । पतंजलि निर्माताओं की यह घोषणा असत्य एवम् भ्रामक है और शास्त्रानुकूल भी नहीं । महाभारत एवं अन्यान्य पौराणिक साहित्य में जहां राजा शर्याति की पुत्री सुकन्या व च्यवन ऋषि के प्रकरण में अश्विनीकुमारों द्वारा च्यवन ऋषि के कायाकल्प का उल्लेख है वहाँ च्यवनप्राश अवलेह जैसे किसी रसायन पदार्थ का कोई चिह्न नहीं जिसका स्पष्ट अर्थ है कि ऋषि च्यवन के कायाकल्प से च्यवनप्राश अवलेह का सम्बन्ध नहीं । वैसे भी च्यवनप्राश अवलेह नाम की औषधि का स्रोत ग्रन्थ शारंगधर संहिता है व इसके गुण और उपयोग में कायाकल्प ( वृद्ध से युवावस्था प्राप्त करने) का उल्लेख नहीं।

च्यवनप्राश अवलेह आयुर्वेद शास्त्रीय योगों में अवलेह - पाक योग के अन्तर्गत वर्णित एक अत्यन्त महत्वपूर्ण औषधीय योग है जिसका उत्पादन लगभग सभी आयुर्वेद औषधि उत्पादक संस्थान करते हैं ।

अतः पतंजलि के विज्ञापन में भ्रामक प्रचार बन्द होना चाहिए ।

**डॉ. जय प्रकाश गुप्त**
**अम्बाला छावनी**

पाठकगण अपने विचार responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भेज सकते हैं।

### पुलिस का बनभूलपुरा में फ्लैग मार्च, एसएसपी के निर्देश पर चलाया सघन चेकिंग अभियान

# फ्लैग मार्च निकाल दिया शांति व सुरक्षा का पैगाम

**जनपद के हर बैरियर पर हाई-अलर्ट सुरक्षा**


**सोशल मीडिया पर भी पुलिस की कड़ी नजर**

पायनियर समाचार सेवा। हल्द्वानी

सुप्रीम कोर्ट में रेलवे बनभूलपुरा अतिक्रमण मामले को लेकर आज मंगलवार को फैसला आने की पूरी उम्मीद है। वहीं इसके लिए पुलिस एवं प्रशासन ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कमर कस ली है। सोमवार को सुबह तड़के ही एसएसपी नैनीताल डॉ. मंजूनाथ टीसी के कड़े निर्देश पर जनपद के सभी बैरियरों, बॉर्डर, मुख्य मार्गों एवं संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस टीमों द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस टीमों द्वारा महत्वपूर्ण बैरियरों पर कड़ी चेकिंग जारी रही।

पुलिस द्वारा बेलबाबा बॉर्डर बैरियर, आम्रपाली बैरियर (हल्द्वानी), हल्दूचौड़, रामनगर रूट बैरियर, गडप्पू बैरियर (कालाढूंगी), बारापत्थर बैरियर, भीमताल, खैरना बैरियर, सुभाष नगर बैरियर आदि सभी लोकेशनों पर अतिरिक्त फोर्स तैनात की गई है। एसएसपी के निर्देश पर प्रत्येक सेक्टर में सीनियर अफसर स्वयं मौजूद रहे। वहीं दरोगा स्तर के अधिकारियों की अगुवाई में टीमें मैदान में सक्रिय होकर चेकिंग करती रहीं। इस दौरान वाहन, व्यक्ति, सामान का सत्यापन किया गया।





#### हाई-इंटेंसिटी सुरक्षा व्यवस्था

चेकिंग के समय पुलिसकर्मी बॉडी प्रोटेक्टर व आधुनिक ऑटोमेटिक असलाहों से लैस रहे। हर संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्यवाही के लिए पुलिस टीमें सतर्क रही। साथ ही अवैध गतिविधियों, अतिक्रमण एवं सत्यापन पर विशेष फोकस किया गया।



#### सोशल मीडिया पर कड़ी नजर

पुलिस के द्वारा साफ कहा गया है कि किसी भी प्रकार की अफवाह, भ्रामक खबर या माहौल खराब करने की कोशिश करने वालों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। वहीं पुलिस ने अपील की है कि शांति व सुरक्षा बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें। आवश्यक दस्तावेज साथ रखें और चेकिंग में सहयोग दें।

#### फ्लैग मार्च के दौरान दिखी चौकसी

वहीं सोमवार दोपहर से समय एसपी क्राइम नैनीताल डॉ. जगदीश चन्द्रा द्वारा पुलिस फोर्स को ब्रीफ कर रेलवे स्टेशन, गफूर बस्ती, लाईन नंबर 17, इन्द्रानगर बड़ी रोड, इन्द्रानगर छोटी रोड, लाईन नंबर 16, बिलाली मस्जिद, लाईन नंबर 8 से चोरगलिया रोड से होते हुए थाना बनभूलपुरा तक अत्याधुनिक अस्लाहों, हेलमेट डंडे तथा बॉडी प्रोटेक्टर से लैस होकर शांति एवं सुरक्षा का पैगाम देते हुए फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च के दौरान एसपी सिटी हल्द्वानी मनोज कुमार कत्याल, सीओ सिटी हल्द्वानी अमित कुमार, सीओ रामनगर सुमित पांडे, प्रभारी थाना अध्यक्ष बनभूलपुरा सुशील जोशी सहित पुलिस फोर्स मौजूद रही।

#### जनपद के चप्पे-चप्पे पर पुलिस की कड़ी निगरानी

सभी एंट्री-एग्जिट पॉइंट्स पर सघन चेकिंग की गई। शहर के भीतरी हिस्सों में पैदल गश्त बढ़ाई गई है। वहीं भीड़भाड़ वाले इलाकें, चौराहों और एंट्री-एग्जिट पॉइंट्स पर पुलिस की तैनाती रही।

## धामी सरकार ने बढ़ाया गन्ने का समर्थन मूल्य

**किसानों को मिलेगा सीधा लाभ**



पायनियर समाचार सेवा। देहरादून

उत्तराखंड में गन्ने के समर्थन मूल्य में 30% की बढ़ोतरी कर दी गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि यह बढ़ोतरी किसानों की मांग और फसल की लागत को ध्यान में रखते हुए की गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा, सरकार हर साल गन्ने के समर्थन मूल्य को बढ़ाती रहती है ताकि किसानों की आय में वृद्धि हो और गन्ने की खेती को प्रोत्साहन मिले। इसी को ध्यान में रखते हुए कीमतें निर्धारित की गई हैं। सरकार का कहना है कि इस निर्णय से किसानों को सीधा आर्थिक लाभ मिलेगा और राज्य में गन्ने की खेती को भी बढ़ावा मिलेगा।

## सरकार हमेशा किसान हितैषी : सीएम धामी



- अन्तर्राष्ट्रीय संस्कृत सम्मेलन के समापन समारोह में पहुंचे मुख्यमंत्री धामी

पायनियर समाचार सेवा। हरिद्वार

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सोमवार को हरिद्वार में अन्तर्राष्ट्रीय संस्कृत सम्मेलन (संस्कृत गंगा संगम-2025) के समापन समारोह में शिरकत करने के लिए पहुंचे। जहां हेलीपैड पर किसानों ने गन्ना मूल्य बढ़ाए जाने पर उनका आभार जताते हुए स्वागत किया। सीएम धामी ने कहा कि उनकी सरकार हमेशा किसान हितैषी रही है और आगे भी किसानों के हितों में निर्णय लेती रहेगी। कुंभ 2027 को लेकर उठ रहे सवालों पर सीएम ने कहा कि 2021 का कुंभ कोविड के कारण प्रभावित हुआ था, इसलिए इस बार का कुंभ दिव्य और भव्य रूप में आयोजित करने का संकल्प लिया गया है। सभी संतों को इस आयोजन से जुड़ना चाहिए। वहीं, एसआईआर को लेकर विपक्ष के विरोध पर सीएम ने पलटवार किया। विपक्ष का विरोध केवल विरोध के लिए है, जबकि जनता हर चुनाव में उन्हें सबक सिखाती आई है और आने वाले चुनावों में भी सिखाएगी।

## त्रिवेंद्र सिंह रावत ने संसद में उठाया टिहरी झील क्षेत्र परियोजना का मुद्दा

- सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने प्रश्नकाल के दौरान सरकार से किया सवाल

पायनियर समाचार सेवा। देहरादून



हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत के साथ ही टिहरी सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह समेत दो अन्य सांसदों ने आज संसद के शीतकालीन सत्र के पहले दिन टिहरी झील क्षेत्र परियोजना से संबंधित विकास कार्यों को लेकर केंद्र सरकार से सवाल पूछा।

सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने प्रश्नकाल के दौरान सरकार से सवाल किया कि उत्तराखंड के टिहरी झील क्षेत्र परियोजना में 126. मिलियन डालर की सतत, समावेशी और जलवायु अनुकूल पर्यटन विकास के तहत किए जा रहे बुनियादी ढांचे और विकास कार्यों का ब्यौरा क्या है। यह भी सवाल किया कि इस परियोजना से कितने निवासियों और पर्यटकों को लाभ मिलने का संभावना है। भूस्खलन और बाढ़ जोखिमों को कम करने के लिए संस्थागत सुदृढीकरण, आपदा की तैयारी और प्रकृति आधारित समाधानों को अपनाने के लिए लागू की गई प्रमुख पहले क्या हैं। सरकार द्वारा परियोजना के तहत समावेशिता और सामुदायिक भागीदारी सुनिश्चित करने और महिलाओं के नेतृत्व वाली आपदा प्रबंधने पहलों का सहयोग करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं। इस सवाल के लिखित जवाब में वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने बताया कि एडीबी और भारत सरकार ने टिहरी झील परियोजना में सतत, समावेशी और जलवायु अनुकूल पर्यटन विकास के लिए 10 सितंबर, 2025 को 126.4 मिलियन अमेरिकी डालर के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस परियोजना का उद्देश्य उत्तराखंड राज्य के टिहरी गढवाल जिले के टिहरी झील क्षेत्र में आजिविका, पर्यावरण संरक्षण और जलवायु प्रतिरोधी पर्यटन के विकास में सहायता करना है।

### ई रिक्शा और बुलेट की जोरदार टक्कर, एक युवक की मौत

**हल्द्वानी।** शहर में सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार सुबह तड़के मुखानी थाना क्षेत्र के ऊंचा पुल रोड के पास करीब 4 बजे एक तेज रफ्तार बुलेट ने पीछे से एक ई रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बुलेट सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें स्थानीय लोगों एवं पुलिस ने 108 एंबुलेंस की मदद से डॉ. सुशीला तिवारी चिकित्सालय भेजा गया। यहां एक युवक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया, जबकि दो अन्य घायलों का उपचार किया जा रहा है।

**पुलिस ने दोनों मामलों में जांच कर दी है शुरू**

इधर, रामपुर रोड क्षेत्र से भी सोमवार को एक अन्य सड़क हादसे की खबर सामने आई। यहां दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को तुरंत इलाज के लिए चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने दोनों मामलों में जांच शुरू कर दी है।

## वरिष्ठ आईएफएस अधिकारी रंजन कुमार मिश्र बने उत्तराखंड के नए पीसीसीएफ

- वन संरक्षण से जुड़े अभियानों का किया है नेतृत्व

पायनियर समाचार सेवा। देहरादून



उत्तराखंड वन विभाग को नया मुखिया मिल गया है। वरिष्ठ आईएफएस अधिकारी रंजन कुमार मिश्र को राज्य का नया प्रमुख मुख्य वन संरक्षक (पीसीसीएफ) नियुक्त किया गया है। शासन ने उनकी नियुक्ति के आदेश जारी कर दिए हैं, जिसके बाद वे जल्द ही पदभार ग्रहण करेंगे।

1993 बैच के अधिकारी रंजन कुमार मिश्र वन एवं पर्यावरण प्रबंधन में लंबे अनुभव के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए कई संवेदनशील और वन संरक्षण से जुड़े अभियानों का नेतृत्व किया है। उनकी नियुक्ति को विभाग में एक सशक्त और अनुभवी नेतृत्व के रूप में देखा जा रहा है।

वर्तमान पीसीसीएफ समीर सिन्हा के सेवानिवृत्त होने के बाद यह नियुक्ति की गई है। नए पीसीसीएफ मिश्र से उम्मीद है कि वे वन संरक्षण, जैव विविधता संरक्षण और आधुनिक वन प्रबंधन की दिशा में राज्य के प्रयासों को और गति देंगे।

## अतिथि शिक्षक पर नाबालिगों से छेड़छाड़ का आरोप, क्षेत्र में तनाव

- खंड शिक्षा अधिकारी ने मामले में कार्रवाई के लिए थाना चमोली को किया पत्राचार

पायनियर समाचार सेवा। चमोली




चमोली जिले के दशोली विकासखंड के एक विद्यालय में तैनात बिजनौर निवासी अतिथि शिक्षक यूसुफ उर्फ यूनुस अंसारी पर नाबालिग छात्रझछात्राओं से यौन शोषण और छेड़छाड़ के गंभीर आरोप लगे हैं। मामला सामने आने के बाद पूरे क्षेत्र में आक्रोश फैल गया है और माहौल गर्म हो गया है। सूत्रों के अनुसार, विद्यालय की कक्षा 12 की छात्रा ने शिक्षक पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया, जबकि कक्षा 7 के एक छात्र ने यौन शोषण की शिकायत की।

अभिभावकों द्वारा मामला उठाए जाने के बाद विद्यालय प्रबंधन ने आरोपी से माफीनामा लिखवाया और घटना की जानकारी खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) दशोली को दी। खंड शिक्षा अधिकारी ने मामले में कार्रवाई के लिए थाना चमोली को पत्राचार किया है। हालांकि, अब तक आरोपी शिक्षक की गिरफ्तारी न होने पर स्थानीय लोगों और हिंदू संगठनों में रोष बढ़ गया है। हिंदू संगठनों ने थाना चमोली पहुंचकर आरोपी को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की और पुलिस प्रशासन को 24 घंटे का अल्टीमेटम जारी किया है। संगठनों का कहना है कि यदि समयसीमा के भीतर कार्रवाई नहीं की गई, तो वे व्यापक आंदोलन शुरू करेंगे। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच में जुटी है, वहीं प्रशासन स्थिति पर करीबी से नजर बनाए हुए है।

### नाबालिग किशोरी से दुष्कर्म, मुकदमा दर्ज

**किच्छा।** जिला उधम सिंह नगर के किच्छा कोतवाली क्षेत्र में नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि आरोपी युवक नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया और दुष्कर्म करने के बाद वीडियो बनाकर क्लिप वायरल करने की धमकी दी। वहीं तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। किच्छा के वार्ड नंबर 16 निवासी एक व्यक्ति ने कोतवाली में तहरीर देकर कहा कि उसकी नाबालिग पुत्री को एक युवक बहला फुसलाकर कर अपने साथ ले गया तथा दुष्कर्म किया इसके बाद जब इस बात की जानकारी उन्हें हुई तो उन्होंने पहले बहला फुसलाकर ले जाने वाले युवक से वार्ता की।

**पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शुरू कर दी जांच**

### आरटीओ हल्द्वानी ने कार्रवाई के दिए संकेत

## रेंटल टैक्सी बाइक की मनमानी पर जल्द होगी कार्रवाई

- ज्यादा पैसा वसूल कर बिना लाइसेंस दे रहे हैं बाइक

पायनियर समाचार सेवा। हल्द्वानी



काठगोदाम रेलवे स्टेशन पर हर रोज हजारों यात्री पहुंचते हैं। यहां पहुंचकर पर्यटक और स्थानीय लोग रेंटल टैक्सी बाइक लेकर आगे की यात्रा करते हैं, लेकिन पिछले कुछ दिनों से रेंटल बाइक संचालकों की बड़ी लापरवाही और मनमानी सामने आ रही है। मामला इतना गंभीर है कि अब आरटीओ हल्द्वानी ने कार्रवाई के संकेत दिए हैं।

काठगोदाम रेलवे स्टेशन पर बाइक रेंटल सेवाओं का धंधा तेजी से बढ़ा है, लेकिन इसी के साथ नियमों का खुला उल्लंघन भी बढ़ता जा रहा है। जानकारी के मुताबिक कुछ संचालक यात्रियों को प्राइवेट रजिस्ट्रेशन वाली स्कूटी और बाइक भी किराए पर दे रहे हैं, जो बिल्कुल अवैध है। इतना ही नहीं, आरोप यह भी लगाए जा रहे हैं कि बाहर से आने वाले कई यात्रियों के पास लाइसेंस भी नहीं होता, लेकिन कुछ संचालक इस कमजोरी का फायदा उठाते हुए उनसे ज्यादा पैसा वसूल कर बिना लाइसेंस के ही बाइक दे रहे हैं। यह न सिर्फ कानून का उल्लंघन है, बल्कि यात्रियों की जान को भी जोखिम में डालने जैसा है।

#### लाइसेंस निरस्त करने की कार्यवाही की जाएगी

आरटीओ हल्द्वानी अरविंद पाण्डेय ने बताया कि जो भी संचालक अनाधिकृत संचालन करता पाया गया एवं परमिट की शर्तों का उलंघन करता पाया गया तो ऐसे संचालकों का लाइसेंस निरस्त करने की कार्यवाही की जाएगी। इसके लिए अभियान चलाकर जल्द ही चैकिंग की जाएगी। आरटीओ विभाग की सख्ती से उम्मीद की जा रही है कि इस तरह की अवैध गतिविधियों पर जल्द रोक लगेगी और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी। फिलहाल विभाग की टीम ने आने वाले दिनों में कार्रवाई के संकेत दे दिए हैं।

### बद्रीनाथ धाम में इको पर्यटक शुल्क, फास्ट ट्रैक बैरियर व हेलीकॉप्टरों से प्राप्त शुल्क से नगर पंचायत कर रही आय

## यात्रा काल में कूड़े से की 8 लाख से अधिक की आय

- इस यात्राकाल में बद्रीनाथ नगर पंचायत ने कुल 230 टन कूड़े का किया निस्तारण

पायनियर समाचार सेवा। चमोली



बद्रीनाथ धाम की यात्रा के दौरान सफाई की चाक चौबंध व्यवस्था करना बड़ी चुनौती बनी रहती थी। वहीं नगर पंचायत बदरीनाथ ने धाम में होने वाले कूड़े को समृद्धि का आधार बना लिया है।

यहां नगर पंचायत की ओर से कूड़े का विपणन कर 8 लाख से अधिक की आय अर्जित की है। जो अब जनपद की अन्य नगर पालिकाओं और पंचायतों के लिए भी मॉडल के रूप में स्थापित हो गया है।

बद्रीनाथ धाम में सफाई व्यवस्था का जिम्मा नगर पंचायत के पास है। जिसके लिए पंचायत की ओर से जहां प्रतिवर्ष यात्राकाल में यहां पर्यावरण मित्रों की तैनाती की जाती है। वहीं कूड़ा निस्तारण के लिए एम आर एफ सेंटर, कॉम्पेक्टर मशीन, ऑर्गेनिक वेस्ट कनवर्टर मशीन के साथ ही अन्य व्यवस्थाएं की गई हैं। जिनके माध्यम से एक ओर नगर पंचायत की ओर से प्लास्टिक और अन्य कचरे के ब्लॉक बनाकर विपणन किया जाता है। वहीं खाद्य सामग्री के कचरे से कम्पोस्ट खाद बनाकर बेचा जा रहा है। जिससे धाम में सफाई व्यवस्था को चाक चौबंद रखने के साथ पंचायत को अच्छी खासी आय भी प्राप्त हो रही है।

इस यात्राकाल में बद्रीनाथ नगर पंचायत ने कुल 230 टन कूड़े का निस्तारण किया है। जबकि 133 टन सूखे के ब्लाक और 97 गीले कूड़े की कम्पोस्ट खाद बनाकर 8 लाख 89 हजार 598 रुपए की आय अर्जित की है। इसके साथ ही पंचायत ने इको पर्यटक शुल्क के माध्यम से 1 करोड़ 14 लाख 97 हजार 56 रुपए की आय अर्जित की गई है। वहीं फास्ट टैग बैरियर से 92 लाख 60 हजार 796 रुपए और हेलीकॉप्टर संचालन से मिलने वाले शुल्क से 22 लाख 36 हजार 260 लाख की आय अर्जित की है।

## राज्य का पहले जेन-जी डाकघर का शुभारंभ, आधुनिक तकनीक व नवाचार से सुसज्जित

- छात्रों को डिजाइन और सजावट में योगदान देने के लिए दिया धन्यवाद

पायनियर समाचार सेवा। पौड़ी गढ़वाल



भारत सरकार के मार्गदर्शन में उत्तराखंड का प्रथम जेन-जी डाकघर घुड़दौड़ी स्थित गोविंद बल्लभ पंत इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर में विधिवत उद्घाटित किया गया। जिसका शुभारंभ फीता काटकर मुख्य पोस्टमास्टर जनरल शशि शालिनी कुजूर और निदेशक डॉ. विजय कुमार बंगा ने किया।

जेन-जी डाकघर पारंपरिक डाक सेवाओं को आधुनिक तकनीक और डिजिटल नवाचार के साथ जोड़ता है। मुख्य पोस्टमास्टर जनरल ने कहा कि यह पोस्ट ऑफिस केवल सेवा केंद्र नहीं बल्कि इंटरऐक्टिव प्लेटफॉर्म है, जहां युवा संचार, वित्तीय समावेशन और डिजिटल सेवाओं की वास्तविक दक्षताएं सीख सकेंगे। उन्होंने छात्रों को डिजाइन और सजावट में योगदान देने के लिए धन्यवाद दिया।

डाकघर में माई-स्टाम्प काउंटर, पार्सल बुकिंग, पीपीएफ और आईपीपीबी जैसी वित्तीय सेवाएं तथा छात्रों के लिए साप्ताहिक और पाक्षिक परामर्श शिविर जैसी विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। यह केंद्र दस्तावेज, पार्सल और वित्तीय सेवाओं के साथ-साथ छात्रों के लिए शिक्षा और डिजिटल अनुभव का मंच भी बनेगा।

## एक नजर

### शिव चौराहे प्रकरण में भाकियू का रुख बदला, पुलिस पिटाई पर उठाए सवाल



**मुजफ्फरनगर।** शिव चौराहे पर स्कॉर्पियो सवार युवकों द्वारा पुलिसकर्मियों को कुचलने के प्रयास के मामले में अब भारतीय किसान यूनियन ने नया मोर्चा खोल दिया है। पहले पुलिस कार्रवाई का समर्थन कर चुकी भाकियू सोमवार को जिलाध्यक्ष नवीन राठी के नेतृत्व में जेल पहुँची और युवकों पर हुई कथित ज्यादती को लेकर पुलिस पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए। भाकियू पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि कार्रवाई के दौरान युवकों की बेरहमी से पिटाई की गई, जिससे उनके शरीर पर पड़े नीले निशान इसकी गवाही दे रहे हैं। गौरतलब है कि पांच दिन पहले एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत की मौजूदगी में शिव चौराहे पर चेकिंग के दौरान स्कॉर्पियो चालक ने वाहन रोकने के बजाय स्पीड बढ़ाते हुए पुलिसकर्मियों को चपेट में लेने का प्रयास किया था। पुलिस ने बाद में घेराबंदी कर चारों युवकों को गिरफ्तार कर हत्या के प्रयास की धारा में चालान किया था। वाहन पर भाकियू का झंडा लगा होने के बावजूद उस समय संगठन ने पुलिस के कदम का समर्थन किया था, लेकिन अब रुख बदलते हुए वे युवकों के पक्ष में खुलकर सामने आ गए हैं। जिलाध्यक्ष नवीन राठी, पूर्व जिलाध्यक्ष धीरज लाठियान, पुरकाजी चेयरमैन जहीर फारुकी और भाकियू बिजनौर के पदाधिकारी जिला कारागार पहुंचे और बंद युवकों से विस्तृत बातचीत की। नवीन राठी ने कहा कि पुलिस ने कार्रवाई के नाम पर हद से अधिक सख्ती दिखाई है। उन्होंने कहा कि स्कॉर्पियो सवार युवक पुलिस को देखकर घबरा गए थे, ऐसे में हत्या के प्रयास की धारा लगाना अनुचित है। गाड़ी सीज करने और कड़ी धाराओं में जेल भेजने को उन्होंने प्रशासनिक अति बताया। भाकियू ने साफ संकेत दिया है कि यदि प्रशासन ने रवैया नहीं सुधारा तो स्थिति गंभीर हो सकती है। संगठन जल्द ही अधिकारियों से मुलाकात कर धारा 307 हटाने और पिटाई के लिए जिम्मेदार पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग करेगा।

### एसआईआर फॉर्म भरना जरूरी : मौलाना मुगीसी

**बेहट।** तहसील क्षेत्र के ग्राम घघरौली में स्थित जामिया रहमत के प्रबंधक एवं ऑल इंडिया मिल्ली यूथ ऑर्गनाइजेशन मिल्ली काउंसिल के राष्ट्रीय संयोजक डॉ अब्दुल मालिक मुगीसी ने क्षेत्र की जनता से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग एस.आई.आर फॉर्म जरूर भरे। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने एस आई आर के फॉर्म भरने के लिए 7 दिन और बढ़ा दिए हैं। उन्होंने बताया अपना फार्म भरने के बाद बी एल ओ के पास जमा कराये तो उनसे एक फॉर्म रिसीव करा लें।

### चोरी के सामान के साथ एक गिरफ्तार

**नकुड़। को**तवाली क्षेत्र के ग्राम लद्देबांस निवासी रमेश सैनी पुत्र दलेल सिंह के छोटे भाई के घर से अलमारी का ताला तोड़कर सोने एवं चांदी के आभूषण एवं नगदी चोरी किये जाने की घटना का पुलिस ने खुलासा करते एक चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्र अधिकारी नकुड ने बताया कि मुखबिर की सटीक सूचना पर पुलिस द्वारा शातिर चोर सोबान पुत्र इनाम निवासी मोहल्ला कि ला कस्बा अंबेहटा को नया गांव रोड पर स्थित बंद पड़े पेट्रोल पंप के पास से गिरफ्तार किया गया है। उसके कब्जे से चोरी का माल भी बरामद हुआ है।

### बसपा के नये जिलाध्यक्ष बने रजनीश बंधु

सहारनपुर। बहुजन समाज पार्टी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष रजनीश बंधु ने पार्टी कार्यालय पर एक प्रेस वार्ता आयोजित कर कहा है कि वह पार्टी की नीतियों और दिशा-निदेशों के अनुसार कार्य करते हुए अधिक से अधिक लोगों को बसपा से जोड़ने का कार्य करेंगे। जिला अध्यक्ष ने पूर्व जिला अध्यक्ष जगपाल सिंह को पद से हटाए जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि यह पार्टी हाईकमान का निर्णय है और संगठन में बदलाव समय-समय पर होते रहते हैं।

### मारपीट में दो व्यक्ति घायल

**नागल।** गांव मडकी में दो पक्षों में कहा सुनी के बाद देर रात हुई मारपीट में दो व्यक्ति घायल हो गये। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के विरुद्ध पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने घायलों का मेडिकल परीक्षण कराते हुए जांच पड़ताल शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि गांव के ही ऋषिपाल तथा पाल सिंह के परिवार के कुछ लोग गांव से ही एक बारात में गये थे जहां उनकी कुछ मामूली कहा सुनी हुई थी। गांव वापस आकर रात दोनों परिवारों के बीच मारपीट होनी शुरू हो गयी जिसमें अमरीश तथा लैविश घायल हो गये। थाना प्रभारी राजकुमार चौहान ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से एक दूसरे के विरुद्ध तहरीर दी है और दोनों घायलों का मेडिकल कराया गया है जांच कर अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### भूमि पर अवैध कब्जे के मामले में केस दर्ज

**सहारनपुर।** थाना सरसावा क्षेत्र के ग्राम ढिक्का कला में ग्राम सभा एवं सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे के मामले में प्रशासन सख्त मोड में आ गया है। चकबंदी विभाग ने प्रशासन की ओर से 20 लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है। जिन पर सरकारी कार्य में बाधा डालने और भूमि को क्षति पहुँचाने जैसे गंभीर आरोप है। जिलाधिकारी मनीष बंसल ने जानकारी देते बताया कि राजस्व विभाग की टीम भूमि का निरीक्षण, सीमा-निर्धारण एवं अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही कर रही थी। इसी दौरान कुछ लोगों ने संगठित होकर विरोध किया और सरकारी कार्य में बाधा डाली। इस दौरान भूमि को क्षति पहुँचाने और कार्रवाई रोकने का भी प्रयास किया गया।

---

एक्सरे न होने पर मरीजों को करना पड़ा परेशानियों का सामना, दूसरी जगह कराए एक्सरे

# जिला चिकित्सालय में मरीज बेहाल

- मशीन का ट्यूब हैड खराब होने से आई दिक्कतें, उपकरण लेने रवाना हुए कर्मचारी



**पायनियर समाचार सेवा। शामली**

जिला संयुक्त चिकित्सालय में एक्सरे मशीन की ट्यूब हैड अचानक खराब हो जाने से मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पडा। अस्पताल के कर्मचारी ट्यूबहैड लेने के लिए रवाना हो गए हैं।

जानकारी के अनुसार शहर के जिला संयुक्त चिकित्सालय में एक्सरे मशीन के ट्यूब हैड में अचानक खराबी हो गयी जिस कारण एक्सरे का काम बंद हो गया। मशीन के खराब होने से अस्पताल पहुंचे एक्सरे के मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। अस्पताल के कर्मचारियों ने मशीन को ठीक करने का काफी प्रयास किया लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। मरीज घंटों अस्पताल में मशीन के ठीक होने का इंतजार करते रहे। बाद में मायूस होकर वापस लौट गए। चिकित्सालय के सीएमएस डा. किशोर आहूजा ने बताया कि शनिवार को अचानक एक्सरे मशीन का ट्यूब हैड अचानक खराब हो गया। कर्मचारियों ने मशीन को ठीक करने का प्रयास किया लेकिन वह ठीक नहीं हो पायी। उक्त ट्यूब है देहरादून अथवा चंडीगढ से मंगाया जाता है, जिसे लेने के लिए कर्मचारी रवाना हो गए हैं, अगर वहां उपकरण मिल गया तो मशीन मंगलवार तक ठीक हो जाएगी, अगर उपकरण नहीं मिला तो मशीन के ठीक होने में दो से तीन दिन का समय लग सकता है।

वहीं जिला संयुक्त चिकित्सालय में मशीन के खराब होने के कारण कई मरीजों को दूसरी जगह एक्सरे कराना पड़ा।

### अस्पताल में नेट की समस्या से कर्मचारी परेशान

**शामली।** जिला संयुक्त चिकित्सालय में सोमवार को इंटरनेट के सिगनल न आने से चिकित्सा कर्मचारियों के साथ-साथ मरीजों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

बताया जाता है कि सोमवार को अस्पताल में इंटरनेट न चलने से कंप्यूटर से पर्ची नहीं बन पायी, चिकित्साकर्मियों को हाथ से पर्ची बनाकर देनी पड़ी।

इसके अलावा काला पीलिया के मरीजों की संख्या भी कंप्यूटर में दर्ज नहीं हो सकी जिस कारण उन्हें दवाईयां भी नहीं मिल सकी। वहीं खून की जांच की रिपोर्ट भी कंप्यूटर में दर्ज न होने से मरीजों को परेशानी उठानी पड़ी।

---

# ब्लैकमेलर गैंग का जंगलराजः व्यापार ठप

**पायनियर समाचार सेवा। खतौली**

- कारोबारी पलायन करने को हुए मजबूर

कस्बे में ब्लैकमेलिंग और अवैध वसूली करने वाला संगठित गैंग लगातार व्यापारियों को निशाना बना रहा है। झूठी शिकायतें, निर्माण पर फर्जी आपत्तियाँ और प्रशासनिक दबाव बनाकर होने वाली वसूली ने व्यापारियों की रीढ़ तोड़ दी है। हालात इतने बेकाबू हो चुके हैं कि कई पुराने कारोबारी अपना व्यापार समेटकर दूसरे शहरों का रुख कर रहे हैं।

व्यापारियों का आरोप है कि गैंग का सरगना दुकानोंझमकानों के निर्माण पर झूठी शिकायतें दर्ज कराकर एमडीए और अन्य विभागों से नोटिस जारी करवाता है। एक प्रसिद्ध मिठाई कारोबारी को इसी गैंग के कारण एमडीए से कार्रवाई झेलनी पड़ी। नोटिस रुकवाने के नाम पर लाखों रुपये ऐंठे गए, फिर भी लगातार दबाव के चलते उसे दुकान का हिस्सा तोड़ना पड़ा। ऐसे ही कई व्यापारी इस जालस-ाजी में आर्थिक रूप से टूट चुके हैं। लगातार बढ़ती शिकायतबाजी और धमकियों ने कस्बे की व्यावसायिक साख को गहरा नुकसान पहुंचाया है। बाहरी व्यापारी अब खतौली में निवेश को जोखिम मान रहे हैं, जिससे स्थानीय विकास और व्यापारिक गतिविधियाँ ठहर-सी गई हैं। एमडीए के एक जेई द्वारा गैंग के सरगना किक्की जैन पर पहले भी रंगदारी का मुकदमा दर्ज कराया जा चुका है। स्कूल संचालक, व्यापारी और प्रॉपर्टी डीलर कई बार धरनाझप्रदर्शन कर चुके हैं, लेकिन पुलिस अभी तक किसी निर्णायक कार्रवाई तक नहीं पहुँच सकी। इससे जनता में प्रशासन के प्रति बेहद नाराजगी और अविश्वास व्याप्त है।व्यापारी बताते हैं कि धमकियों ने परिवारों को मानसिक रूप से तोड़ रखा है।

---

# छात्र-छात्राओं ने निकाली एड्स जागरूकता रैली



**पायनियर समाचार सेवा। बेहट**

जनता इंटर कालेज मे राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयं सेवकों ने विश्व एड्स दिवस के अवसर पर कस्बे में जन चेतना रैली निकाल कर इसके प्रति लोगों को जागरूक किया। कालेज के प्रधानाचार्य डॉ सुभाष चंद सागर ने विश्व एड्स दिवस के मौके पर जन चेतना रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली कस्बे के विभिन्न गली- मोहल्लो होती हुई कॉलेज के प्रांगण में संपन्न हुई। इस दौरान उन्होंने कहा कि सभी स्वयं सेवक आम नागरिकों में एड्स,कैंसर जैसी भयानक मृत्यु कारक रोगों से बचाव के लिए जन चेतना उत्पन्न करे,ताकि ऐसी उपचार रहित रोगों से सभी नागरिक जागरूक होकर इनसे बचकर रहे। इस मौके पर अध्यापक शिवकुमार,प्रदीप चौधरी, आदित्य धीमान, तन्नू, अजीम, गरिमा, सुधांशु, साकिब, मोनू, वासिफ,अन्नू सहित काफी संख्या में स्वयं सेवक मौजूद रहे।

### पराली लाने वालों से जिला पंचायत के कर्मियों ने की मारपीट

**कैराना।** हरियाणा से पराली लेकर लौट रहे युवक और उसके परिजनों के साथ यमुना पुल पर जिला पंचायत कर्मचारियों द्वारा मारपीट करने का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पाँवटी कला निवासी अलीशान ने कोतवाली कैराना पर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया हैं कि शनिवार रात करीब दो बजे उसका पुत्र सादिक अपने साथियों के साथ मवेशियों के लिए पराली लेकर ट्रैक्टर-ट्राली से आ रहा था। यमुना पुल पर कथित तौर पर मौजूद जिला पंचायत के कर्मचारियों ने उसका ट्रैक्टर रुकवा लिया और पैसों की मांग शुरू कर दी। सादिक ने कहा कि उसके पास नकद नहीं है, वह ऑनलाइन भुगतान कर देगा। इस पर आरोपितों ने गाली-गलौच करते हुए उस पर हमला कर दिया। मारपीट में सादिक का मोबाइल भी टूट गया और उसे कई चोटें आईं। किसी तरह वह जान बचाकर मौके से भागा।

---

# जूस व फल की दुकान में लगी भीषण आग, लाखों का नुकसान

- करीब एक लाख रुपये की नकदी, लाखों के फल, फ्रिज, इन्वर्टर, बैटरा जलकर नष्ट



**पायनियर समाचार सेवा। शामली**

शहर के गांधी चौक स्थित एक जूस की दो दुकान में आग लगने से करीब एक लाख रुपये की नकदी व लाखों रुपयों के फल व कीमती उपकरण जलकर नष्ट हो गए। सूचना पर दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची तथा किसी तरह आग पर काबू पाया लेकिन तब तक सबकुछ जलकर नष्ट हो गया था।

जानकारी के अनुसार शहर की पंजाबी कालोनी निवासी गगन पुत्र सतनाम सिंह की गांधी चौक में फ्रूट जूस की दुकान है। रविवार की रात करीब आठ बजे गगन दुकान बंद करके घर चला गया था। देर रात करीब 12 बजे किसी व्यक्ति ने दुकान से धुआं उठता देखकर सूचना दी जिस पर गगन व अन्य परिजन मौके पर पहुंचे तो देखा कि दुकान में भीषण आग लगी हुई थी।

उन्होंने तुरंत फायर बिग्रेड को मामले की सूचना दी जिस पर टीम मौके पर पहुंची तथा आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन तब तक आग पूरी तरह भडक चुकी थी, दुकान बेहद छोटी होने के कारण दमकलकर्मियों को भी आग पर नियंत्रण पाने में मशक्कत करनी पडी। किसी तरह आग पर काबू पाया गया लेकिन तब तक दुकान में रखे करीब डेढ लाख रुपये के फल, 70 हजार रुपये की नकदी, फ्रिज, इन्वर्टर, बैटरा सहित अन्य कीमती सामान जलकर नष्ट हो चुके थे। गगन की दुकान के बराबर में उसके भाई विशाल की भी फलों की दुकान है, आग उसकी दुकान तक भी जा पहुंची और दुकान में रखे फल पूरी तरह बर्बाद हो गए।

---

# तीन दिन बाद भी दुरुस्त नहीं हुई भूड़ रजवाहा की पटरी

- ग्रामीणों का फूटा गुस्सा, भाकियू नेता अंकुश प्रधान बोले, नुकसान की भरपाई करे विभाग, नहीं तो होगा उग्र आंदोलन

**पायनियर समाचार सेवा। खतौली**

क्षेत्र में भूड़ रजवाहा की टूटी पटरी ने ग्रामीणों की मुसीबतें कई गुना बढ़ा दी हैं। घटना को तीन दिन गुजर जाने के बावजूद सिंचाई विभाग द्वारा मरम्मत कार्य शुरू न किए जाने से स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। शुक्रवार देर रात रजवाहा फटने से निकलने वाला तेज पानी बस्ती में घुस गया था, जिससे कई घरों, दुकानों व गलियों में जलभराव हो गया और दैनिक जीवन बुरी तरह प्रभावित रहा। ग्रामीणों का कहना है कि तीन दिनों से लगातार विभागीय अनदेखी जारी है।

न तो कोई अधिकारी मौके पर पहुँचा, न ही टूटी पटरी को ठीक करने की दिशा में कोई कदम उठाया गया। घरों में घुसे पानी से लोगों का सामान खराब हो गया, महिलाओं और बच्चों को गंदे पानी के बीच रहना पड़ा और आवागमन लगभग ठप हो गया। घटना की रात भाकियू नेता अंकुश प्रधान पानी से भरे रजवाहे में उतरकर धरना देने लगे थे। जलभराव के बीच खड़े होकर उन्होंने विभाग की कठोर शब्दों में आलोचना की। अंकुश प्रधान ने आरोप लगाया कि खतौली क्षेत्र का यह रजवाहा पिछले कुछ दिनों में 9 से 10 बार टूट चुका है, लेकिन सिंचाई विभाग हर बार सिर्फ कागजी कार्रवाई कर अपना पल्ला



झाड़ लेता है। उन्होंने कहा कि विभाग की लापरवाही ने ग्रामीणों का जीना दूभर कर दिया है और लगातार हो रही टूट-फूट का कोई स्थायी हल नहीं निकाला गया। ग्रामीणों ने बताया कि टूटे हिस्से से निकला पानी पूरे मोहल्ले में फैल गया था, जिससे बच्चों का स्कूल जाना, महिलाओं का दैनिक कार्य, और दुकानदारों की दिनचर्या पूरी तरह बाधित रही। अंकुश प्रधान ने स्पष्ट कहा कि प्रभावित परिवारों को हुए नुकसान की भरपाई सिंचाई विभाग करे।

### विधायक मदन भैया के प्रयास से राजवाहे पर पुल निर्माण को मंजूरी

**खतौली।** क्षेत्र में विकास की रफ्तार को नई दिशा देते हुए विधायक मदन भैया ने बुआड़ा कलां गांव की वर्षों पुरानी मांग पूरी कर दी है। गांव के मंदिर के समीप राजवाहे पर प्रस्तावित पुल निर्माण को उनकी पहल पर स्वीकृति मिल गई है। यह वह स्थान है, जहां विधायक ने बीते दिनों मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों से पुल निर्माण कराने का वादा किया था।पुल निर्माण की मंजूरी मिलते ही क्षेत्र में उत्साह की लहर है। ग्रामीणों का कहना है कि पुल बन जाने से उनकी सीधी कनेक्टिविटी मुख्य मार्ग से स्थापित हो जाएगी, जिससे दर्जनों गांवों के हजारों लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। अभी तक उन्हें खेतों, बाजार और अन्य इलाकों तक पहुंचने के लिए लंबा चक्कर लगाना पड़ता था। ग्रामीणों की खुशी की एक और बड़ी वजह यह है कि पुल बनने के बाद गांव में हर वर्ष लगने वाले कांवड़ सेवा शिविर को और बेहतर तरीके से संचालित किया जा सकेगा। श्रद्धालुओं के आवागमन, सेवा वितरण और व्यवस्थाओं में इस पुल की अहम भूमिका रहेगी।

---

# नवोदय प्रवेश परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र जारी

- 80 सीटों पर प्रवेश के लिए पांच केंद्रों पर 1492 छात्र-छात्राएं 13 दिसंबर को देंगे परीक्षा

**पायनियर समाचार सेवा। शामली**

जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा छह की प्रवेश परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र जारी कर दिए हैं। परीक्षा का आयोजन जनपद के पांचों ब्लॉकों में पांच केंद्रों पर 13 दिसंबर को सुबह 10 बजे से होगी। 80 सीटों के सापेक्ष 1492 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। जवाहर नवोदय विद्यालय में शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा छह में 80 सीटों पर प्रवेश दिए जाएंगे। प्रवेश के लिए 1492 छात्र-छात्राओं ने आवेदन किए हैं। प्रवेश के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र जारी हो गए हैं। प्रवेश पत्र पर परीक्षा केंद्र नाम भी लिखा होगा। अभिभावक नवोदय की वेबसाइट पर जाकर प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

### इन केंद्रों पर होगी परीक्षा

**शामली।** ब्लॉक में आरके इंटर कॉलेज शामली, थानाभवन ब्लॉक में लाला लाजपत राय इंटर कॉलेज थानाभवन, ऊन ब्लॉक में आरएसएस इंटर कॉलेज झिंझाना, कैराना ब्लॉक में सेंट आरसी स्कूल कैराना, कांधला में चंदनलाल इंटर कॉलेज में होगी।

> जनपद में पांच परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा आयोजित कराई जाएगी। परीक्षा के लिए तैयारी पूरी कर ली गई है। प्रत्येक केंद्र को सीसीटीवी कैमरो से लेस किया गया है। सघन तलाशी के बाद ही परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया जाएगा। **शलभ मित्तल, प्रभारी प्रधानाचार्य।**

---

सहायक अध्यापक, प्रशिक्षित स्नातक श्रेणी की परीक्षा की तैयारियों पर बैठक

# परिवहन, सुरक्षा समेत अन्य सुविधाएं मुहैया कराने पर जोर



**पायनियर समाचार सेवा। सहारनपुर**

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक अध्यापक, प्रशिक्षित स्नातक श्रेणी की आगामी 6 दिसम्बर को होने वाली प्रारम्भिक परीक्षा की तैयारियों के सम्बंध में डी.एम मनीष बंसल की अध्यक्षता में एक बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में मौजूद अधिकारियों से जिला मजिस्ट्रेट ने कहा कि सभी सेक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक, केन्द्र पर्यवेक्षक निर्धारित प्रक्रियानुसार परीक्षा के सफल संचालन एवं परीक्षा को सकुशल, निर्विघ्न, निष्पक्षता अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए सम्पन्न कराये। उन्होंने निर्देश दिए कि परीक्षा को पूर्व परीक्षाओं की भांति पूरी पारदर्शिता के साथ नकलविहीन संपन्न करायी जाये। इसकी संवेदनशीलता, शुचिता एवं पारदर्शिता किसी भी स्तर पर भंग न हो, यदि कोई भंग करने का प्रयास करेगा तो उसके विरूद्ध कडी कार्यवाही की जाएगी। सुरक्षा व्यवस्था के बावत बैठक में मनीष बंसल ने कहा कि समस्त परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की उपलब्धता सुनिश्चित कर ली जाये। इसके साथ ही परीक्षा में महिला अभ्यर्थियों के शामिल होने के दृष्टिगत सुरक्षा के लिये विशेष प्रबंध किये जाये। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित सेक्टर एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए कि परीक्षा से पूर्व परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर लें। परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीवी, विद्युत व्यवस्था, पेयजल, शौचालय एवं आवश्यक मूलभूत सुविधाओं ध्यान रखा जाये। परीक्षा के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने परिवहन विभाग को निर्देश दिया कि अन्य जनपदों से आने वाले अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पडे।

### प्रारम्भिक परीक्षा के बनाए गए 16 परीक्षा केंद्र

परीक्षा के लिए 16 केन्द्र बनाये गये है। राजकीय कन्या इण्टर कॉलेज लिंक रोड, बीडी बाजोरिया इण्टर कॉलेज बेहट रोड, जेवी जैन इण्टर कॉलेज मातागढ कलसिया रोड, इस्लामिया इण्टर कॉलेज ईदगाह रोड, गुरूनानक इण्टर कॉलेज अंबाला रोड, एसएएम इण्टर कॉलेज देहरादून रोड, राजकीय इण्टर कॉलेज नेहरू मार्किट, बीएचएस इण्टर कॉलेज मिशन कम्पाउण्ड, आर्य कन्या इण्टर कॉलेज मटियामहल, जेबीएस हिन्दू कन्या इण्टर कॉलेज रायवाला, गुरूनानक गर्ल्स इण्टर कॉलेज गांधी पार्क, इण्डस्ट्रीयल मुस्लिम गर्ल्स इण्टर कॉलेज आतिशबाजान कम्बोह का पुल, गौरी शंकर इन्द्रपाल सिंह इण्टर कॉलेज दिल्ली रोड, मुन्नालाल एण्ड जयनारायण खेमका गर्ल्स कॉलेज चिलकाना रोड, जेवी जैन कॉलेज प्रद्युमन नगर, महाराज सिंह कॉलेज चकरौता रोड।

### सड़क हादसे में पत्रकार जयवीर सैनी की दर्दनाक मौत

**मुजफ्फरनगर।** चरथावल क्षेत्र में रविवार शाम हुए भीषण सड़क हादसे में पत्रकार जयवीर सैनी समेत दो लोगों की मौत हो गई। हादसे ने पूरे पत्रकार समुदाय को गमगीन कर दिया है। हैबतपुर गांव निवासी जयवीर सैनी रोज की तरह चरथावल में अपनी मोबाइल की दुकान बंद कर बाइक से घर लौट रहे थे कि अचानक सामने से आ रही दो बाइकों की टक्कर उनकी बाइक से हो गई। जोरदार भिड़ंत में उनका हेलमेट तक टूट गया और गंभीर चोटों के कारण रीढ़ की हड्डी व पेट में आंतें भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। घायलावस्था में पहले उन्हें मुजफ्फरनगर ले जाया गया और बाद में मेरठ रेफर किया गया, लेकिन डॉक्टरों की कोशिशों के बावजूद सोमवार तड़के उन्होंने दम तोड़ दिया। हादसे में एक अन्य युवक की भी मौत हुई है। जयवीर सैनी अपने पीछे पत्नी और तीन बच्चों को रोता-बिलखता छोड़ गए।

# शुकतीर्थ में होने वाली सनातन धर्म संसद को मिला बाबा रामदेव का समर्थन

- योग गुरु ने की प्रतिनिधि मंडल से मिलकर कार्यक्रम का प्रचार 196 देशों तक प्रसारित करने की घोषणा



**पायनियर समाचार सेवा। मुजफ्फरनगर**

शुकतीर्थ हनुमत धाम में सात दिसंबर को आयोजित होने वाली सनातन धर्म संसद को योग गुरु बाबा रामदेव का समर्थन मिल गया है। सोमवार को हिंदू संघर्ष समिति का प्रतिनिधि मंडल बाबा रामदेव से मिला और उन्हें कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। मंच से कार्यक्रम की घोषणा करते हुए बाबा रामदेव ने बताया कि सनातन धर्म संसद का प्रसारण आस्था चैनल के माध्यम से 196 देशों में किया जाएगा। बाबा रामदेव ने खुशी जाहिर करते हुए मैं सनातन धर्म संसद सात दिसंबर शुकतीर्थ मुजफ्फरनगर का समर्थन करता हूँ लिखे बैनर के साथ फोटो भी खिंचवाई। प्रतिनिधि मंडल में नरेंद्र कुमार, अरुण प्रताप सिंह, मनोज पाटिल, योगाचारी नवनीत मिश्रा और जोगेंद्र हुड्डा शामिल रहे, जबकि नेतृत्व सत्यप्रकाश रेशू ने संभाला। बाबा रामदेव ने मंच पर पहुँचते ही रुद्राक्ष की माला पहनाकर अतिथियों का स्वागत किया, वहीं समिति की ओर से उन्हें शॉल ओढ़ाकर कार्यक्रम का निमंत्रण पत्र भेंट किया गया, जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार किया।योग गुरु ने कहा कि सनातन धर्म इस देश की आधारशिला है और युवा पीढ़ी द्वारा ऐसा भव्य आयोजन किया जाना गर्व की बात है। अनुमान है कि कार्यक्रम में करीब दस हजार लोग शामिल होंगे। उन्होंने सभी संतों, महामंडलेश्वरों, किसानों, मजदूरों, उद्योगपतियों, पत्रकारों और कार्यकताओं को अपना अभिवादन संदेश भेजा। बाबा रामदेव ने आशा जताई कि ऐसे आयोजन देश की पहचान और गौरव को विश्व स्तर पर और मजबूती देंगे।

# जनसमस्याओं के समाधान पर निगरानी रखें अधिकारी: योगी

❖ 42 से अधिक फरियादियों ने सीएम के समक्ष रखी अपनी फरियाद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को 'जनता दर्शन' किया। मुख्यमंत्री ने प्रदेश भर से आए हर पीड़ित से स्वयं मुलाकात की, उनका प्रार्थना पत्र लिया और समस्याओं के निदान का आश्वासन किया। मुख्यमंत्री ने जनपद में तैनात पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देशित किया कि पीड़ितों की समस्याओं के स्थानीय स्तर पर समाधान पर विशेष जोर रहे। पुलिस से जुड़े मामलों में निष्पक्षता व पारदर्शिता पूर्वक कार्रवाई पर अधिकारी विशेष ध्यान दें।

'जनता दर्शन' में 42 से अधिक फरियादी पहुंचे। मुख्यमंत्री ने हर एक से मिलकर उनकी समस्याएं जानीं और उचित कार्रवाई के लिए आश्वस्त किया। 'जनता दर्शन' में जमीनी विवाद, राजस्व व पुलिस से संबंधित भी कई मामले आए। इस पर सीएम ने निर्देश दिया कि पुलिस कार्रवाई निष्पक्षता व पारदर्शिता से सुनिश्चित की जाए। पुलिस आयुक्त, एडीजी, एसएसपी व एसपी जनता की समस्याओं की निगरानी रखें और प्रमुखता से उसके निस्तारण पर ध्यान दें। दो पीड़ितों ने मुख्यमंत्री से अतिरिक्त आर्थिक सहायता की गुहार लगाई। इस पर मुख्यमंत्री ने दोनों फरियादियों को मदद का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार हर पीड़ित की मदद के लिए खड़ी है। चिकित्सा के लिए नियमित रूप से पीड़ितों को आर्थिक मदद की जा रही है। आप भी एस्टिमेट बनवाकर उपलब्ध कराएं, सरकार मदद करेगी। 'जनता दर्शन' में अभिभावकों के साथ कुछ बच्चे भी आए। मुख्यमंत्री ने उन बच्चों को अपनत्व से दुलारा-पुचकारा, फिर उन्हें चॉकलेट दी। सीएम योगी आदित्यनाथ जी ने कुछ बच्चों का हालचाल भी जाना। सीएम ने उन्हें मन लगाकर पढ़ने और खूब नाम करने का आशीर्वाद दिया।

# उच्च-विश्वास और उच्च-दक्षता वाला बन रहा औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र

## बैंकिंग लीडरशिप समिट एंड अवाड्‌र्स 2025 में यूपी की औद्योगिक विकास की प्रस्तुत हुई रूपरेखा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास मंत्री श्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' ने कहा कि उत्तर प्रदेश एक उच्च-विश्वास और उच्च-दक्षता वाला औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र बना रहा है जो वैश्विक मानकों पर पूरी तरह खरा उतरेगा। उन्होंने निर्यात-उन्मुख उद्योगों के तीव्र विकास, एनआरआई निवेश को सुगम बनाने, विश्वस्तरीय मैन्युफैक्चरिंग जोन एवं लॉजिस्टिक्स हब के निर्माण तथा मैन्युफैक्चरिंग, लॉजिस्टिक्स और हाई-टेक क्षेत्रों के लिए विशेष प्रोत्साहन पैकेज की घोषणा की। उन्होंने राज्य की औद्योगिक विकास यात्रा और भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला।

अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास मंत्री ने यह विचार इंडियन इन्वेस्टर्स फेडरेशन द्वारा आयोजित 10वें भव्य बैंकिंग लीडरशिप समिट एंड अवाड्‌र्स 2025 के अंतर्गत सोमवार एक उच्चस्तरीय आर्थिक एवं औद्योगिक नीति कॉन्क्लेव में व्यक्त किए। इस कार्यक्रम में देश के प्रमुख बैंकर, नीति-निर्माता, उद्योगपति, वित्तीय विशेषज्ञ, वरिष्ठ नौकरशाह, शिक्षाविद् और उद्यमी एक मंच पर एकत्र हुए। कॉन्क्लेव का उद्देश्य उत्तर प्रदेश को अगले दौर की आर्थिक छलांग दिलाना तथा निवेश प्रवाह, एमएसएमई सशक्तीकरण, क्रेडिट सुधार और नई औद्योगिक रणनीतियों पर गहन विचार-विमर्श करना था। सत्र को टीजीआई एसएमई कैपिटल, मुंबई के सीईओ एवं मैनेजिंग पार्टनर अजय ठाकुर ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने एमएसएमई क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हासिल की है। राज्य का जीडीपी ग्रोथ रेट 8.2 प्रतिशत तक पहुंच गया है, बारह कंपनियों का एसएमई लिस्टिंग हुआ है, पूँजी प्रवाह बढ़ा है और उद्यमियों में वित्तीय जागरूकता अभूतपूर्व रूप से बढ़ी है। इससे उत्तर प्रदेश देश के सबसे आकर्षक निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित हो रहा है। इसके बाद कैनरा बैंक के अजित कुमार मिश्रा ने बताया कि उनका बैंक उत्तर प्रदेश को वर्ष 2030 तक एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य में पूर्ण सहयोगी है। एक्सप्रेस-वे, इथेनॉल उत्पादन, वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट, खाद्य प्रसंस्करण तथा नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर वित्त पोषण किया जा रहा है। रेडिको खेतान के साकेत ने प्रति व्यक्ति आय में जीडीपी से भी तेज वृद्धि को राज्य की बढ़ती क्रय शक्ति का प्रमाण बताया। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के अजय खन्ना तथा बैंक ऑफ इंडिया के श्री अमरेंद्र कुमार ने मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, मुद्रा योजना तथा अन्य एमएसएमई योजनाओं में सहज और त्वरित वित्त पोषण की जानकारी दी। मुख्य वक्तव्य इंडियन बैंक के कार्यकारी निदेशक ब्रजेश कुमार सिंह ने दिया। उन्होंने डिजिटल लेंडिंग, औद्योगिक क्रेडिट के आधुनिकीकरण तथा सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की औद्योगीकरण में निर्णायक भूमिका पर जोर दिया। अदाणी ग्रुप, रेडिको ग्रुप, अमूल, मानसिंह गोयल ग्रुप, नवभारत डिफेंस सिस्टम सहित अनेक प्रमुख संस्थानों को उद्योग एवं कॉरपोरेट उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदान किए गए। बैंकिंग श्रेणी में कैनरा बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, इंडियन बैंक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ बड़ौदा, पंजाब नेशनल बैंक आदि ने विभिन्न श्रेणियों में सर्वोच्च सम्मान प्राप्त किए। व्यक्तिगत पुरस्कारों में अमरेंद्र कुमार, अजित कुमार मिश्रा, ब्रजेश कुमार सिंह सहित अनेक वरिष्ठ बैंकरों को वर्ष का सर्वश्रेष्ठ अधिकारी घोषित किया गया।

# वरिष्ठ कवि राजेश शलभ की गीता-काव्यामृत का लोकार्पण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

राजधानी की साहित्यिक ,सांस्कृतिक और सामाजिक संस्था बिम्ब कला केन्द्र के तत्वावधान में वरिष्ठ कवि राजेश अरोरा शलभ की 20वीं व 21 वीं कृति गीता-काव्यामृत ( भाग 2 व भाग 3 ) का लोकार्पण उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान के निराला सभागार में सभाध्यक्ष और उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, व्यंग्यकार सूर्यकुमार पांडेय व श्याम मिश्र, यूपी राज्य वित्त आयोग के पूर्व सदस्य जगदेव सिंह ,यूपीडीडी के कार्यक्रम प्रमुख आत्म प्रकाश मिश्र एवं गीता साधक अम्बिका प्रसाद मिश्र द्वारा किया गया। दीप प्रज्वलन व नीलिमा दत्त द्वारा वाणीवंदना के पश्चात विश्व ख्यातिप्राप्त भजन गायक अनूप जलोटा के स्वर में एक वीडियो के माध्यम से पुस्तक के कर्मयोग अध्याय के कुछ मुक्तकों का गायन प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि राजेश शलभ का यह कार्य हमेशा लोगों को याद रहेगा। कार्यक्रम का संचालन करते हुए आत्म प्रकाश मिश्र ने सबसे पहले कृतियों के रचनाकार को ही पुस्तक की भूमिका बतलाने का आग्रह किया। कवि शलभ ने बताया कि किस प्रकार मूलतः एक हास्य-व्यंग्य के कवि को गीता-काव्यामृत लिखने का विचार कैसे आया और क्यों इसे तीन भागों में प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात श्याम मिश्र और सूर्यकुमार पांडेय ने पुस्तक व कवि की रचनाधर्मिता पर अपने विचार व्यक्त किए। गीता साधक अम्बिका प्रसाद मिश्र ने इस कृति की विशेषताओं का उल्लेख किया और इसे एक असाधारण कृति बतलाया। प्रमुख वक्ता जगदेव सिंह ने इसे एक कालजयी कृति बतलाया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध फिल्म अभिनेता डा. अनिल रस्तोगी अपरिहार्य कारणों से उपस्थित न हो सके परंतु उनका लगभग तीन मिनट का वक्तव्य एक वीडियो के माध्यम से स्क्रीन पर दिखलाया गया जिसमें उन्होंने शलभ को एक बहुआयामी व्यक्तित्व का धनी बतलाया।

## राज्यपाल ने असम स्थापना दिवस पर दी हार्दिक शुभकामनाएं

लखनऊ। यूपी की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने असम राज्य के स्थापना दिवस पर समस्त देशवासियों एवं असम प्रदेश के निवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि असम अपने समृद्ध इतिहास, अद्वितीय सांस्कृतिक विरासत, प्राकृतिक सौंदर्य, लोक-कलाओं, भाषाई विविधता तथा गौरवशाली परंपराओं के लिए विश्वभर में प्रसिद्ध है। राज्यपाल ने विश्वास व्यक्त किया कि असम के परिश्रमी, प्रतिभाशाली एवं प्रगतिशील नागरिक अपने राज्य और राष्ट्र के सर्वांगीण विकास में इसी प्रकार योगदान देते रहेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि असम की सदियों पुरानी सभ्यता, ब्रह्मपुत्र की धारा की तरह निरंतर आगे बढ़ती रही है और देश की एकता, अखंडता तथा सांस्कृतिक धरोहर को मजबूती प्रदान करती है। राज्यपाल जी ने असम के स्थापना दिवस के अवसर पर सभी नागरिकों के जीवन में समृद्धि, सुख-शांति एवं उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं व्यक्त की है।

## सांख्यिकी पत्रिका वार्षिक प्रतिवेदन का विमोचन

लखनऊ। राज्य कर विभाग के प्रमुख सचिव एम देवराज एवं आयुक्त राज्य कर डा. नितिन बंसल ने सोमवार विभाग की सांख्यिकी पत्रिका वार्षिक प्रतिवेदन 2024-25 का सचिवालय लाल बहादुर शास्त्री भवन के सभागार में विमोचन किया। आयुक्त राज्य कर डा. नितिन बंसल ने बताया कि यह पत्रिका वर्ष के सभी सांख्यिकी आंकड़ों का संकलित रूप है तथा विभिन्न प्रकार के विभिन्न वर्षो के कर निर्धारण, वाद, रजिस्ट्रेशन संग्रह जनपद व वस्तु वार डीलर वार संकलित है जो राज्य कर के अधिकारियों के शासकीय कार्यों के लिए उपयोगी है। इसमें राज्य कर विभाग को भारत सरकार के आदेश से प्राप्त होने वाले आईजीएसटी आदेश और रिफंड आदेश भी रिकॉर्ड के रूप में संकलित करके रखे जाते हैं।

## ग्राहकों व भागीदारों के भरोसे बड़ी उपलब्धि

लखनऊ। कोटक महिंद्रा लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (कोटक लाइफ) ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। कंपनी ने अपने एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) में 1 लाख करोड़ रुपए का आँकड़ा पार कर लिया है। यह उपलब्धि कंपनी की लगातार बढ़ती प्रगति, पॉलिसीहोल्डर्स के एसेट्स का समझदारी से प्रबंधन और ग्राहकों व भागीदारों द्वारा कोटक लाइफ पर जताए गए भरोसे को दर्शाती है। इस उपलब्धि पर महेश बालासुब्रमण्यम, मैनेजिंग डायरेक्टर, कोटक लाइफ ने कहा, हमारे 25वें साल में 1 लाख करोड़ रुपए के एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) का स्तर पार करना सिर्फ एक वित्तीय उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह हमारे ग्राहकों और भागीदारों द्वारा हम पर किए गए भरोसे को भी दिखाता है।

# योगी सरकार औद्यानिक विकास को दे रही नई गति

❖ 3 दिसम्बर को 'औद्यानिक उन्नयन गोष्ठी' का मंत्री दिनेश प्रताप सिंह करेंगे शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार किसानों की आय बढ़ाने और औद्यानिक विकास को नई दिशा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी क्रम में उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह 3 दिसम्बर को 10 बजे से गोरखपुर के योगीराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में गोरखपुर एवं बस्ती मंडल की संयुक्त औद्यानिक उन्नयन गोष्ठी का शुभारंभ करेंगे। यह कार्यक्रम उद्यान विभाग के स्वर्णिम 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है।

कार्यक्रम में विशेष रूप से तीन प्रमुख विषयों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। पहला विषय 'रूफ टॉप गार्डनिंग' है, जिसके अंतर्गत शहरी क्षेत्रों में छतों पर फल-सब्जी उत्पादन को बढ़ावा देने, शहरों में हरियाली बढ़ाने और लोगों को ताजी सब्जियां घर पर ही उपलब्ध कराने के उपायों पर चर्चा होगी। विशेषज्ञ शहरवासियों को गमलों में पौधों के उत्पादन की तकनीक, पोषक तत्व प्रबंधन तथा पर्यावरणीय लाभों के बारे में जानकारी देंगे। दूसरा प्रमुख विषय कम क्षेत्रफल में अधिक मूल्य वाली औद्यानिक फसलें है। सीमांत और छोटे किसानों की आय दोगुनी करने की दिशा में यह पहल महत्वपूर्ण है। विषय विशेषज्ञ किसानों को औषधीय पौधों, मसालों, फूलों और उच्च मूल्य वाली अन्य फसलों की तकनीकी खेती और बाजार उपलब्धता के बारे में मार्गदर्शन करेंगे।

# सफाई व्यवस्था में मिलीं खामियां, अफसरों का कटेगा का वेतन

❖ वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री ने सफाई व्यवस्था को लेकर किया औचक निरीक्षण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री तथा लखनऊ के प्रभारी मंत्री सुरेश कुमार खन्ना नगर में साफ-सफाई व्यवस्था की जमीनी स्थिति का आकलन करने के लिए नगर निगम लखनऊ के जोन 8 के विभिन्न वार्डों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महापौर सुषमा खर्कवाल भी उनके साथ मौजूद रहीं।

उन्होंने विभिन्न स्थानों पर सफाई व्यवस्था की खराब स्थिति पर गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने सफाई व्यवस्था में लापरवाही पर जोनल अधिकारी विकास सिंह, जोनल सेनेटरी ऑफिसर जितेंद्र गांधी और एसएफआई मीरा राव सहित सभी संबंधित के एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि साफ-सफाई व्यवस्था सरकार की प्राथमिकता है और इसमें किसी भी तरह की कोताही पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधार के भी निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री सर्वप्रथम जोन 8 के खरिका प्रथम वार्ड में पहुंचे, जहां तेलीबाग, सुभानी खेड़ा, देवी खेड़ा और मोहारीबाग क्षेत्रों में नालियों में समय पर सफाई न होने और सड़कों पर गंदगी पाए जाने पर अधिकारियों को स्पष्ट रूप से चेतावनी दी। महापौर खर्कवाल ने भी सफाई कर्मियों की अनुपस्थिति और ड्रेस कोड का पालन न होने पर असंतोष जाहिर किया। दोनों जनप्रतिनिधियों ने कहा कि नागरिक सुविधाओं से जुड़ी सेवाओं की लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके बाद मंत्री ने खरिका द्वितीय वार्ड का दौरा किया, जहां उन्होंने काशीराम कॉलोनी में जलनिकासी और सफाई व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने स्थानीय अधिकारियों को सफाई अभियान तेज करने और नालियों का नियमित रखरखाव करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जलभराव की समस्या न बढ़े, इसके लिए समय पर कार्रवाई अत्यंत आवश्यक है। सुरेश कुमार खन्ना इसके बाद जोन 8 के इब्राहिमपुर द्वितीय वार्ड पहुंचे जहां स्थित ईश्वरी खेड़ा गांव में भी स्थिति संतोषजनक नहीं मिली। यहां सफाई व्यवस्था की बिगड़ी स्थिति देखकर मंत्री ने अधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त की और कड़े निर्देश दिए कि विस्तारित क्षेत्र की उपेक्षा कतई न की जाए। उन्होंने कहा कि नगर निगम का दायित्व प्रत्येक मोहल्ले और गांव में समान रूप से सेवा उपलब्ध कराना है। राजा बिजली पासी प्रथम वार्ड के चिल्लावाँ बाजार, अमौसी क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान मंत्री जी को कई समस्याएं दिखाई दीं। यहां स्ट्रीट लाइटें खराब मिलीं और नाला उफनता पाया। उन्होंने मौके पर ही अधिकारियों को नाला तुरंत साफ कराने के आदेश दिए। स्थानीय निवासियों ने पंपिंग स्टेशन पर इलेक्ट्रिक मोटर लगाने से जुड़ी समस्या भी मंत्री के संज्ञान में रखी, जिसके समाधान के लिए उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नाले के पानी की निकासी को सुचारू करने के लिए जल्द ही उचित समाधान लागू किया जाएगा। जोन 8 के राजा बिजली पासी द्वितीय वार्ड, नटकुर में सफाई व्यवस्था अपेक्षाकृत बेहतर पाई गई। यहां स्थानीय लोग व्यवस्था से संतुष्ट दिखे।

## खादी महोत्सव में 3.20 करोड़ की रिकॉर्ड बिक्री

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

गोमतीनगर स्थित केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में आयोजित 10 दिवसीय खादी महोत्सव-2025 में इस बार बिक्री ने नया रिकॉर्ड बनाया। 'धागे से धरोहर तक' थीम पर हुए आयोजन में कुल कारोबार 3.20 करोड़ रुपये तक पहुंचा, जो पिछले वर्ष की 2.25 करोड़ रुपये की तुलना में लगभग 42 प्रतिशत अधिक है। अंतिम दिन खरीदारी का दबाव सबसे अधिक रहा और देर शाम तक स्टॉलों पर भीड़ बनी रही। खादी वस्त्र, हर्बल उत्पाद, जूट हस्तशिल्प और माटी कला इस बार ग्राहकों की पहली पसंद रहे। महोत्सव में खादी संस्थाओं के 32, ग्रामोद्योग के 120 और माटी कला के 8 स्टॉल सहित कुल 160 उद्यमियों ने भाग लिया। लखनऊ, मुजफ्फरनगर, बाराबंकी, गोरखपुर सहित विभिन्न जिलों से आए कारीगरों ने बताया कि इस वर्ष न केवल भीड़ बढ़ी, बल्कि खरीदारी को लेकर उत्साह भी पहले की तुलना में ज्यादा देखी गई। स्वराज्य आश्रम के प्रेम कुमार, ग्राम सेवा संस्थान के सतेन्द्र कुमार, मुजफ्फरनगर के अब्बास अंसारी, जूट आर्टिज़न्स की अंजलि सिंह, बाराबंकी के प्रेमचन्द्र और रॉयल हनी के प्रो. नितिन सिंह के अनुसार इस बार युवा ग्राहकों की उपस्थिति विशेष रूप से उल्लेखनीय रही, जिसने बिक्री को नया आयाम दिया। पूरे आयोजन में युवाओं, छात्रों और महिलाओं की लगातार उपस्थिति रही। आगंतुकों ने बताया कि एक ही जगह पर खादी, स्थानीय शिल्प और प्राकृतिक उत्पादों की इतनी व्यापक रेंज मिलना एक दिलचस्प और भरोसेमंद अनुभव रहा। समापन अवसर पर बोर्ड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी शिशिर ने उद्यमियों और आयोजन टीम को धन्यवाद देते हुए कहा कि खादी अब केवल परिधान का विकल्प नहीं, बल्कि सांस्कृतिक धरोहर और आधुनिक उपभोक्ता दोनों की साझा पहचान बन चुकी है।

# मायावती ने किया संसद के शीतकालीन सत्र को सुचारू रूप से चलाने का आह्वान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



बसपा प्रमुख मायावती ने सत्तारूढ़ पार्टी और विपक्ष दोनों से अपील की है कि वे सोमवार से शुरू हो रहे संसद के शीतकालीन सत्र की कार्यवाही का सुचारू और निर्बाध तरीके से संचालन सुनिश्चित करें ताकि दिल्ली में वायु प्रदूषण और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण जैसे आवश्यक एवं जनहित के मुद्दों पर सार्थक चर्चा हो सके।

सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में मायावती ने कहा, संसद का शीतकालीन सत्र आज से शुरू हो रहा है, जिसके हर सत्र की तरह इस बार भी काफी हंगामेदार होने की संभावना व्यक्त की जा रही है, लेकिन हमारी पार्टी चाहती है कि संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही सुचारू व शांतिपूर्ण तरीके से संचालित हों तथा सार्थक मुद्दों पर चर्चा हो। उन्होंने वर्तमान में जारी एसआईआर की प्रक्रिया के दौरान आ रही व्यावहारिक मुश्किलों और आपत्तियों के साथ-साथ काम के दबाव के कारण कथित आत्महत्या की घटनाओं की ओर इशारा करते हुए बूथ-स्तर के अधिकारियों (बीएलओ) के सामने आने वाली चुनौतियों पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा, संसद की कार्यवाही सुचारू एवं शांतिपूर्ण तरीके से संचालित होनी चाहिए ताकि देश व जनहित के जरूरी एवं अहम मुद्दों खासकर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली एवं इसके आस पास के क्षेत्रों में वायु प्रदूषण के कारण हो रही भारी परेशानी तथा मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण अर्थात एसआईआर को लेकर आ रही व्यावहारिक परेशानियों और आपत्तियों के साथ साथ बूथ स्तर के अधिकारियों की आत्महत्या जैसी घटनाओं पर ठीक से चर्चा किए जाने और इनका उचित समाधान निकलने की दिशा में सार्थक प्रयास किया जा सकें।

# विकसित भारत 2047 के लक्ष्य में यूपी की होगी निर्णायक भूमिका

❖ 25,000 आयुष्मान आरोग्य मंदिर और 81 मेडिकल कॉलेज, यूपी बना स्वास्थ्य सेवाओं का नया मॉडल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



विकसित यूपी कॉन्क्लेव में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा निर्धारित विकसित भारत 2047 के विज़न को साकार करने में उत्तर प्रदेश की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में 25,000 से अधिक आयुष्मान आरोग्य मंदिर, 3500 से अधिक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, 200 से अधिक विशिष्ट अस्पताल, तथा 81 मेडिकल कॉलेज सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। एंबुलेंस सेवा 102/108 का रेस्पॉन्स टाइम कम किया गया है, जिससे आपातकालीन सेवाओं की गति और दक्षता बढ़ी है। डिप्टी सीएम सोमवार को चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा आयोजित कॉन्क्लेव में बोल रहे थे। इस कान्क्लेव में नीति आयोग, नियोजन विभाग, फिक्की तथा चौंबर ऑफ कॉमर्स के विशेषज्ञों ने भी भाग लिया। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार में ऐतिहासिक उपलब्धिया हासिल की हैं। उन्होंने बताया कि सरकार संस्थागत प्रसव दर को बढ़ाते हुए मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने पर निरंतर कार्य कर रही है। विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं अब जिला अस्पतालों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों को बड़ी राहत मिली है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा संकल्प है कि 2047 तक उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ जनता को वही अत्याधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हों, जो आज केवल महानगरों में मिलती हैं।

# भाजपा से संसाधनों में कोई मुकाबला नहीं कर सकता

## भाजपा महंगाई, बेरोजगारी पर न बात करती है न काम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि ऐसा लगता है कि इलेक्शन कमीशन इस डेमोक्रेसी में भाजपा का ड्रीम पूरा करना चाहता है जिससे विपक्ष का वोट कट जाए। इधर जब से ड्राजपा खासकर यूपी से हारी है उसके अंदर बेचैनी है। यूपी और पश्चिम बंगाल में अड्डी चुनाव दूर है। फिर इतनी जल्दबाजी क्यों दिखाई जा रही है? सरकार समय क्यों नहीं देना चाहती है? अखिलेश यादव सोमवार को संसद परिसर में कहा कि लोकतंत्र मजबूत हो और संविधान के तहत पीडीए समाज को मजबूती मिले। आजादी के बाद बाबा साहब डॉ. ड्रीमराव अंबेडकर ने संविधान में हमें एक वोट डालने का अधिकार दिया। मतदाता का वोट स्वतंत्र रूप से पड़े, उसका अधिकार पूरा किया जाएगा तो उसका सपना पूरा होगा। वह जिसके पक्ष या विपक्ष में चाहेगा वोट डालेगा। अखिलेश यादव ने कहा कि हम चाहते हैं कि सिंसेरिटी से काम हो एसआईआर का, यह जो बीएलओ की जान चली गई यह ड्राी क्या ड्रामा था? उन पर काम का दबाव था। सर्वेश गंगवार, विजय वर्मा, विपिन यादव, अंजू दुबे की मौतें ड्रामा है क्या? बताया गया था कि बीएलओ की ट्रेनिंग होगी, जमीनी हकीकत है कि बहुत से बीएलओ गणना प्रपत्र तक नहीं भर पा रहे है, उसे अपलोड नहीं कर पा रहे है। कईयों ने अपने जानकारों को बुला लिया है। एक मां का गणना प्रपत्र भरवाने बंगलूरू से उनका बेटा आया।

श्री यादव ने कहा कि एसआईआर का मतलब है कि वोट बढ़े। लेकिन भाजपा ने ऐसे मौके पर एसआईआर शुरू कराई जब शादियों के दिन है। यह इसलिए कि वोट बढे नहीं। इलेक्शन कमीशन चाहता है कि एसआईआर में सावधानी से वोट कट जाए। श्री यादव ने कहा कि भाजपा से संसाधनों में कोई मुकाबला नहीं कर सकता है। उसने कई बड़ी-बड़ी आईटी कंपनियों की सेवाएं ली है। नोएडा में ऐसी कंपनी काम कर रही है। इनको मोटा पैसा मिला है। इनका काम यूपी में जिन बूथों पर भाजपा हारी है वहां एसआईआर के सहारे वोट नहीं बढ़ने देना है। उन्होंने कहा कि भाजपा महंगाई, बेरोजगारी पर न बात करती है न काम करती है। सांसद राजीव राय ने बताया है कि उनके लोकसभा क्षेत्र घोसी विधानसभा में 20 हजार वोट काटे गए जबकि अभी एसआईआर नहीं हुआ है। आगे 20 हजार वोट और कट गए तो कितने लोग मताधिकार से वंचित हो जाएंगे। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार फर्जी डाटा बनाती है। हालत यह है कि रूपया लुढ़क रहा है, वैसे ही सरकार भी लुढ़क रही है।

# आरपीआई को जल्द ही मिलेगा राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा : आठवले



लखनऊ। नई दिल्ली (पीएनएस)। रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भारत सरकार के सामाजिक न्याय व अधिकारिता राज्यमंत्री मा. रामदास आठवले जी ने न्यू महाराष्ट्र सदन,नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में कहा कि पार्टी को जल्द ही राष्ट्र स्तरीय राजनीतिक दल का दर्जा मिल जाएगा।आरपीआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामदास आठवले ने कहा कि आरपीआई को नागालैंड में हुए विधानसभा चुनाव में दो सीटें जीतने व मणिपुर राज्य में बेहतर प्रदर्शन के कारण पहले ही राज्य स्तरीय दल का दर्जा मिल चुका है। रामदास आठवले ने कहा कि अरूणाचल प्रदेश में इसी महीने पार्टी की कार्यकारिणी का गठन हो चुका है। उन्होंने कहा कि सभी 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों में संगठन पहले से ही सक्रिय है और आरपीआई को और सशक्त करने के लिए पार्टी 2 करोड़ नए सदस्यों को पार्टी से जोड़ने के लिए देशव्यापी सदस्यता अभियान चलाएगी। आठवले ने कार्यकारिणी की बैठक में उपस्थित सदस्यों का आवाहन करते हुए कहा कि अपने प्रदेश, अपने जिले,अपने क्षेत्र की स्थानीय समस्याओं के लिए समाधान के लिए आरपीआई के नेतृत्व में सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़कर आमजन का विश्वास जीतें व संगठन को सशक्त बनाने में प्रतिभागी बनें। रामदास आठवले जी ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए की प्रचंड जीत पर यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी को बिहार के उज्ज्वल भविष्य और प्रगति के नए अध्याय की शुरुआत पर हार्दिक बधाई देता हूँ।

पायनियर


# श्रद्धालुओं से भरी बस पलटी, 35 घायल, 8 गंभीर

❖ बस चालक-परिचालक मौके से फरार

**पायनियर संवाददाता। मोहम्मदी-खीरी**



जिले के पसगवां क्षेत्र में शाहजहांपुर-लखीमपुर मार्ग पर रूपैडिहा बहराइच से बरेली के आंवला स्थित मनौना धाम जा रही निजी बस के मोहम्मदपुर ताजपुर के पास खाई में पलट गई। हादसे में 32 यात्री घायल हो गए। पांच गंभीर घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया। सभी घायल जनपद बहराइच के थाना क्षेत्र रूपैडिहा के निवासी हैं। घटना रविवार देर रात की है।

पुलिस ने बताया कि मनौना धाम जा रही बस के पलटने से ग्राम चिकनियां निवासी बाबूलाल, सुबरा पत्नी बाबूलाल, रामवचन, लालदेई पत्नी मटरू, मटरू, सोना पुत्री महेश नानपारा निवासी कुल्लन, कलावती पत्नी कुल्लन, ओहरावा निवासी पूजा वर्मा पत्नी दीपनारायण, दीपनारायण, अन्टाना निवासी शांति देवी पत्नी रामचंद्र, तिवारी, अहरावा निवासी राजवती पत्नी चेतराम, नेतराम, मोनी पत्नी राजेश, जगदीश, फूलमती पत्नी हजारी डब्लू, दिनेश, ज्ञानवती पत्नी बाबूलाल, जुगरी पत्नी अयोध्या प्रसाद, बाबूलाल, जालियां पत्नी तिवारी, बाला चौक निवासी मुन्ना, किरन पत्नी मुन्ना, पवन कुमार, परगावां निवासी हसीना पत्नी राजेश, राजेश उर्फ सफी, रामनारायण, राना देवी पत्नी रामनारायण, संयोगिता पत्नी वंशीधर, प्रेमा देवी पत्नी तीरथ राम घायल हुए हैं।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि सूचना मिलने पर सभी घायलों को सीएचसी मोहम्मदी भेजा गया। जहां से गंभीर रूप से घायल बाबूलाल, बाबूलाल की पत्नी सुबरा, रामवचन, लालदेई पत्नी मटरू, मटरू को जिला अस्पताल लखीमपुर भेजा गया है हादसे के बाद बस चालक भाग गया। उसके बारे में पता किया जा रहा है।

## क्लिनिक के बाहर गली में गिरे अधेड़ की मौत

**टांडा/अंबेडकरनगर।** थाना अलीगंज क्षेत्र के मोहल्ला अलीगंज में प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. खालिद कमाल के क्लिनिक पर इलाज कराने आए एक अधेड़ व्यक्ति की अचानक क्लिनिक के बाहर गली में मौत हो गई। समाचार प्रेषण तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को सीएचसी टांडा में सुरक्षित रखकर शिनाख्त की प्रक्रिया शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार लगभग 48 वर्षीय यह व्यक्ति दोपहर में अकेले डॉक्टर को दिखाने आया था। क्लिनिक पहुंचने के बाद कुछ ही देर में वह पास की गली में गिर पड़ा, जहाँ उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। मृतक के पास मिले पर्चे पर केवल 'पवन' नाम लिखा है, लेकिन वह किस स्थान का निवासी है, यह स्पष्ट नहीं हो सका। थानाध्यक्ष अलीगंज भूपेंद्र कुमार सिंह के अनुसार मृतक की शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है।

# बस से आठ लाख के जेवर चोरी

❖ बरेली से लौट रहे हरदोई के परिवार का बैग गायब, बोले- जिंदगी भर की कमाई गई

**पायनियर संवाददाता। शाहजहांपुर**



शाहजहांपुर में एक रोडवेज बस से हरदोई के एक परिवार का बैग चोरी हो गया। पीड़ित परिवार बरेली में एक शादी समारोह से लौट रहा था। बैग में लगभग आठ लाख रुपए मूल्य के जेवर और कुछ नकदी रखी थी।

हरदोई जिले के बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के शिरोमणिनगर निवासी बालकृष्ण वाजपेयी अपने परिवार के साथ 29 नवंबर को बरेली में भतीजे की शादी में शामिल होने गए थे। 30 नवंबर को विदाई के बाद वे सोमवार को ट्रेन से शाहजहांपुर स्टेशन पहुंचे। वहां से हरदोई जाने के लिए वे रोडवेज बस अड्डे पर आए।

बालकृष्ण वाजपेयी ने बताया कि वे परिवार के साथ शाहजहांपुर से कानपुर जाने वाली एक बस में बैठे। उन्होंने अपना बैग ऊपर जाल में रख दिया और अपनी पत्नी से कहकर वॉशरूम चले गए। जब वे वापस लौटे, तो उन्हें अपना बैग नहीं मिला।

पीड़ित के अनुसार, चोरी हुए बैग में दो जेंट्स अंगूठी, तीन लेडीज अंगूठी, एक जोड़ी झाले, एक बड़ा मंगलसूत्र और लगभग 6500 रुपये नकद थे। उन्होंने बताया कि इन जेवरों की कुल कीमत करीब आठ लाख रुपये है। उन्होंने कहा कि वहां पर लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किए हैं। जिसमे संदिग्ध व्यक्ति दिखा है।

बालकृष्ण वाजपेयी ने अपनी जीवन भर की कमाई चले जाने की बात कही और चोरी हुए जेवर बरामद करने की मांग की है। सदर थाना प्रभारी बृजेश सिंह ने इस मामले पर जानकारी देते हुए बताया कि एक परिवार थाने आया है और उनसे बातचीत की जा रही है। तहरीर मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# लाइब्रेरी विवाद में 112 पुलिस से अभद्रता, वाहन का शीशा तोड़ा

**पायनियर संवाददाता। टांडा/अंबेडकरनगर**

थाना हंसवर क्षेत्र के ग्राम नारायणपुर प्रीतमपुर स्थित लाइब्रेरी में हुए विवाद के दौरान डायलझ्र112 पुलिस टीम के साथ दुर्व्यवहार करने, सरकारी कार्य में बाधा डालने तथा 112 वाहन का शीशा तोड़ने के आरोप में आरोपी युवक विकल यादव पुत्र रामफूल यादव निवासी नारायणपुर प्रीतमपुर को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय चालान किया है। घटना बीते रविवार दोपहर लगभग 3:17 बजे की है। डायलझ्र112 को सूचना मिली थी कि ग्राम की लाइब्रेरी में विकल यादव नशे की हालत में पहुँचकर सुमंत यादव पुत्र जामवंत यादव निवासी नसीराबाद (थाना हंसवर) को गाली देते हुए मारपीट कर रहा है। सूचना पर सिपाही धीरज कुमार व डायलझ्र112 टीम मौके पर पहुंची और आरोपी को शांत कराने का प्रयास किया। पुलिस के अनुसार समझाने पर आरोपी भड़क गया और पुलिस कर्मियों से अभद्रता करते हुए धमकी देने लगा। स्थिति बिगड़ने पर पुलिस ने उसे हिरासत में लिया, लेकिन 112 वाहन में बैठाए जाने के दौरान उसने लात मारकर वाहन का दरवाजा व शीशा तोड़ दिया। इस पर सिपाही धीरज कुमार की तहरीर पर सरकारी कार्य में बाधा, अभद्रता और वाहन तोड़फोड़ का मुकदमा दर्ज किया गया। वहीं पीड़ित सुमंत यादव की तहरीर पर मारपीट, गाली-गलौज व धमकी का अलग मुकदमा भी दर्ज हुआ है।

## पुरानी रंजिश को लेकर हमला, कई लोग घायल

**टांडा/अंबेडकरनगर।** थाना अलीगंज क्षेत्र के ग्राम दहियावर में पुरानी रंजिश के कारण एक पक्ष द्वारा घर में घुसकर मारपीट व गाली-गलौज करने का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने 14 लोगों के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की विवेचना मेडिकल कॉलेज चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक रवीश कुमार को सौंपी गई है। घटना बीते शुक्रवार की रात करीब 10 बजे की बताई जाती है। वादी विवेक पुत्र सुरेश कुमार के अनुसार, विपक्षी पक्ष के अंकुर उर्फ शैलेन्द्र पुत्र नेबू लाल सहित 14 लोग एकजुट होकर उनके घर पहुंचे और पुरानी रंजिश के चलते गाली-गलौज करते हुए घर में घुस आए। आरोप है कि आरोपियों ने विवेक, अभिनव, संगम, सुरेश कुमार व विद्या सागर पर लाठी-डंडों से हमला कर गंभीर चोटें पहुँचाई, जिसमें तीन लोगों के सिर में गम्भीर चोटें आईं।

# चोरी की पांच बाइक, दो स्कूटी, दो तमंचे व लक्ष्मी गणेश की मूर्ति सहित तीन गिरफ्तार

**पायनियर संवाददाता। बरेली**



अपराधियों पर शिकंजा कसते हुए थाना किला पुलिस ने गश्त के दौरान तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की पाँच मोटरसाइकिलें, दो स्कूटी, दो तमंचे 315 बोर, तीन कारतूस, 3000 रुपये नकद तथा एक सफेद धातु की लक्ष्मी गणेश की मूर्ति बरामद की है।

पुलिस टीम को बुधवार देर रात गश्त के दौरान दौली रघुवरदयाल गाँव की तरफ जाने वाली सड़क पर स्थित गंगा मंदिर के पास तीन संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिए। पूछताछ के दौरान उनकी पहचान संगम गुप्ता उर्फ सिंघम पुत्र धर्मपाल गुप्ता निवासी दीवान की टाल बंशी नगला थाना सुभाषनगर, संजीव सिंह पुत्र रमेश सिंह निवासी मणिनाथ थाना सुभाषनगर तथा सचिन सिंह ठाकुर पुत्र निर्भान सिंह उर्फ चंद्रभान निवासी बंशी नगला थाना सुभाषनगर, मूल निवासी शाहबाद जिला रामपुर के रूप में हुई।

जांच करने पर तीनों के कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिलें और स्कूटी के अलावा दो तमंचे, तीन कारतूस, 3000 रुपये नकद और एक सफेद धातु की लक्ष्मीद्दगणेश की मूर्ति मिली। सभी माल को पुलिस ने कब्जे में लेकर अभियुक्तों को थाने लाया।

गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ में स्वीकार किया कि उन्होंने 5 नवंबर की रात विनायक अस्पताल के पास की गली से स्प्लेंडर तथा बाकरगंज से अपाचे मोटरसाइकिल चोरी की थी।

## संक्षिप्त समाचार

### शादी से लौटते समय ट्रक की टक्कर से मेडिकल स्टोर संचालक की मौत



**पायनियर, बरेली।** थाना बिशारतगंज क्षेत्र में रविवार देर रात हुए सड़क हादसे में कस्बा बिशारतगंज के वार्ड नंबर 7 निवासी 44 वर्षीय रविंद्र कुमार पुत्र जयंती प्रसाद की ट्रक की टक्कर से दर्दनाक मौत हो गई। रविंद्र कुमार दोस्त की शादी में शामिल होकर मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे।जानकारी के अनुसार रविंद्र कुमार बिशारतगंज बस स्टैंड के पास मेडिकल स्टोर संचालित करते थे। रविवार को वे मोटरसाइकिल से बड़ागांव स्थित अपने मित्र के विवाह समारोह में गए थे। देर रात घर लौटते समय रास्ते में तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे के बाद टक्कर मारने वाले ट्रक को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है, जबकि चालक फरार बताया जा रहा है। उसकी तलाश की जा रही है। मृतक रविंद्र कुमार अपनी पत्नी जया देवी और दो बच्चों के पालक थे। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

### शादी टूटने के विवाद में युवती ने परिवार पर लगाया दहेज उत्पीड़न व दुराचार का आरोप, मुकदमा दर्ज

**पायनियर, टांडा/अंबेडकरनगर।** थाना अलीगंज क्षेत्र के ग्राम सैदापुर रज्जीपुर के एक युवक के खिलाफ जौनपुर जिले के थाना सुजानगंज क्षेत्र की युवती ने दहेज उत्पीड़न, गाली-गलौज, धमकी और दुराचार के गंभीर आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। युवती द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर अलीगंज पुलिस ने मामले की विवेचना शुरू कर दी है। युवती का कहना है कि लगभग चार वर्ष पूर्व उसकी बातचीत आरोपी शिवम उपाध्याय से शुरू हुई थी, जिसके बाद दोनों परिवारों में भी संबंध बन गए और शादी तय हो गई। युवती का आरोप है कि दहेज में मोटरसाइकिल के लिए रुपए लेने के बावजूद शादी की तारीख टालते रहे। इसी दौरान आरोपी युवक द्वारा दबाव बनाकर कई बार उसके साथ शारीरिक संबंध स्थापित किए गए। आरोप है कि शादी से पहले ही युवक के परिवार द्वारा 5 लाख रुपये अतिरिक्त दहेज की मांग की जाने लगी और शादी से इनकार कर दिया गया। युवती ने बताया कि 11 सितंबर को जब वह अपने परिजनों के साथ शिवम के घर पहुंची तो परिवारजनों द्वारा गाली-गलौज करते हुए धमकाया गया। मामले की शिकायत पर अलीगंज पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर युवती को मेडिकल परीक्षण हेतु भेज दिया। थानाध्यक्ष अलीगंज भूपेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि प्रकरण की विवेचना उपनिरीक्षक नितिन कुमार चौधरी को सौंपी गई है। पुलिस सभी तथ्यों की जांच कर रही है।

### बाइक की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**पायनियर, भीटी/अंबेडकरनगर।** थाना अहरौली क्षेत्र के ग्राम बीबीपुर रंडोली निवासी 55 वर्षीय अधेड़ मेहंदी हसन पुत्र मुनीर शाह (फकीर) की शनिवार को सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। घटना मिझौड़ा मार्केट स्थित एचपी पेट्रोल पंप के पास उस समय हुई जब मेहंदी हसन पैदल चल रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार बाइक भ्ट 26 म्ळ 5245 ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दीए जिससे उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही ग्राम प्रधान मुबीन इदरीसीए जो मृतक के बड़े पिता हैं, मौके पर पहुंचे। वहीं सूचना पर अहरौली पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। हादसे से गांव में शोक की लहर है।

### नशे के सौदागर पर शिकंजा, 21 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ तस्कर गिरफ्तार



**पायनियर, पलियाकलां-खीरी।** जनपद खीरी के पलिया पुलिस नें अवैध मादक पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने के लिये चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने हरदीप लेजा सिंह को 21 ग्राम ब्राउन शुगर और एक मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया है बरामद स्मैक की कीमत लगभग 50 हजार रुपये बताई जा रही है आरोपी पर एनडीपीएस व आर्म्स एक्ट सहित कई गंभीर मुकदमे पहले से दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज करते हुए न्यायालय भेज दिया है।

## नदेखी! जिला पंचायत की जमीन पर हो रहा अवैध निर्माण

**लखीमपुर-खीरी।** पलिया नगर के मौनी बाबा तिराहे स्थित जिला पंचायत भूमि पर किये जा रहे अवैध निर्माण पर जिम्मेदारों की खामोशी संदिग्ध बताई जा रही है। जानकारों के मुताबिक लखीमपुर में जिला पंचायत के मल्टीप्लेक्स के निर्माण एवं आवंटन से प्रेरित पलिया के अवैध कब्जेदारों के हौसले इतने बुलंद हैं कि खुलेआम जिला पंचायत की जमीन पर अवैध कब्जा कर लेंटल डालनें का आरोप है। उल्लेखनीय हैं कि उत्तर प्रदेश के जनपद खीरी में पलिया नगर क्षेत्र के मालगोदाम रोड पर जिला पंचायत भूमि पर अवैध निर्माण के मामले में स्थानीय नागरिकों एवं मौनी बाबा स्थल के सेवादारों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

# आसाराम को कोई बीमारी नहीं

❖ यूपी की रेप विक्टिम के पिता सुप्रीम कोर्ट पहुंचे, बोले-बाहर रहने से जान का खतरा

**पायनियर संवाददाता। शाहजहांपुर**



यूपी की रहने वाली रेप पीड़िता के पिता आसाराम की जमानत रद्द कराने के लिए सुप्रीम कोर्ट पहुंचे हैं। पिता ने राजस्थान हाईकोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी है, जिसमें आसाराम को इलाज के लिए 6 महीने की जमानत मिली है।

पीड़िता के पिता ने कहा, आसाराम पूरी तरह स्वस्थ है। उसे कोई बीमारी नहीं है। वह ऋषिकेश से लेकर महाराष्ट्र तक घूम रहा है। पिता ने कहा, उसे आम कैदियों की तरह जेल में ही इलाज मिलना चाहिए।

पिता ने आशंका जताई है कि यदि आसाराम जेल से बाहर रहते हैं, तो उनके पूरे परिवार की जान को खतरा बना रहेगा। उन्होंने बताया, आसाराम के समर्थकों ने उनके परिवार को खत्म करने की चुनौती दी है, जिसके कारण वे हर समय डर में रहते हैं। उनकी मांग है कि आसाराम का इलाज अन्य कैदियों की तरह जेल के अंदर ही हो। आसाराम को राजस्थान हाईकोर्ट ने 29 अक्टूबर को 6 महीने की जमानत दी थी। इसके आधार पर 6 नवंबर को आसाराम को गुजरात हाई कोर्ट से भी 6 महीने की अंतरिम जमानत मिल गई थी। गुजरात हाईकोर्ट में आसाराम की ओर से जमानत की याचिका पर सुनवाई के दौरान दलील दी गई कि जोधपुर कोर्ट ने आसाराम को 6 महीने के लिए जमानत दी है।

वे हृदय से संबंधित बीमारी से पीड़ित हैं। पीड़िता की ओर से वकील एल्जो जोसफ ने सुप्रीम कोर्ट में कहा, अगस्त में हाईकोर्ट ने मेडिकल बोर्ड का गठन किया था और इस बोर्ड के डॉक्टरों ने रिपोर्ट दी थी कि आसाराम स्टेबल हैं और उनको अस्पताल में भर्ती करने की जरूरत नहीं है। इस रिपोर्ट से साफ है कि आसाराम गंभीर रूप से बीमार नहीं हैं और ऐसे में उनकी जमानत रद्द हो।

## ट्रक की टक्कर से दंपती की मौत बेटी और ऑटो चालक घायल

**पायनियर संवातददाता। बरेली**



इज्जतनगर थाना क्षेत्र में रविवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें ट्रक की सीधी टक्कर से दंपती की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी बेटी और ऑटो चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार रोड नंबर 5 सिद्धार्थ नगर निवासी 50 वर्षीय पंकज सिंह, उनकी 45 वर्षीय पत्नी सरिता सिंह और 17 वर्षीय बेटी अंशिका शादी समारोह में शामिल होने के लिए ऑटो से पीलीभीत रोड हाईवे की ओर गए थे। देर रात वापस लौटते समय इज्जतनगर की अलादपुर चैकी के पास सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनके ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया। हादसे में पंकज सिंह और उनकी पत्नी सरिता सिंह की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं उनकी बेटी अंशिका और ऑटो चालक जाहिद रजा खाँ गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## भव्य समापन पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को किया गया सम्मानित



**पायनियर संवाददाता। अंबेडकरनगर**

जनपद में मनाए गए यातायात माह 2025 का सफल समापन पुलिस अधीक्षक अभिजित आर. शंकर ने किया। माह भर चले इस अभियान के दौरान सड़क सुरक्षा, यातायात नियमों के पालन, ओवरस्पीडिंग नियंत्रण और दुर्घटना रोकथाम के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम चलाए गए। समापन समारोह में एसपी ने जनपदवासियों से हेलमेट, सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग एवं नशे में वाहन न चलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल पुलिस की नहीं, हर नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है।

# गोविंद साहब मेला क्षेत्र में मिशन शक्ति को लेकर हुआ जागरूकता अभियान

**पायनियर संवाददाता। अंबेडकरनगर**



गोविंद साहब मेला क्षेत्र में महिला सुरक्षा एवं जागरूकता को लेकर मिशन शक्ति केंद्र द्वारा आज एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत महिलाओं एवं बच्चों को सुरक्षा संबंधी जानकारी प्रदान करते हुए पंपलेट वितरण किया गया, ताकि वे किसी भी आपात स्थिति में उचित सहायता प्राप्त कर सकें।

इस जागरूकता कार्यक्रम की अगुवाई अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्याम देव ने की। उन्होंने उपस्थित महिलाओं को आत्मरक्षा, हेल्पलाइन नंबरों, पुलिस सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया तथा मिशन शक्ति अभियान के महत्त्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि महिला सुरक्षा सुनिश्चित करना पुलिस विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है और इसके लिए जनसहभागिता अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में महिला थाना अध्यक्ष भी मौजूद रहीं। उन्होंने महिलाओं और बच्चों को साइबर सुरक्षा, घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, स्टॉकिंग व अन्य अपराधों से बचाव के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने महिलाओं को जागरूक, आत्मविश्वासी और निडर रहने का संदेश दिया।

मिशन शक्ति केंद्र द्वारा वितरित पंपलेट में महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन नंबर 112, महिला थानों की जानकारी तथा विभिन्न सुरक्षा उपाय शामिल थे। मौके पर उपस्थित महिलाओं और बच्चों ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और पुलिस प्रशासन द्वारा दिए गए सुझावों को गंभीरता से सुना।

## दिव्यांग बच्चों के चेहरों पर खिला उजाला

**लखीमपुर-खीरी।** समग्र शिक्षा अभियान के तहत दिव्यांग बच्चों को सशक्त बनाने की दिशा में सोमवार का दिन खास रहा। समेकित शिक्षा के सहयोग से संविलियन विद्यालय महाराज नगर रिसोर्स सेंटर परिसर में दिव्यांग बच्चों के लिए भव्य उपकरण वितरण कैंप आयोजित हुआ। कैंप का शुभारंभ सदर विधायक योगेश वर्मा, सीडीओ अभिषेक कुमार और बीएसए प्रवीण तिवारी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। शुभारंभ के साथ ही कार्यक्रम में उत्साह की रंगत दिखाई दी। अतिथियों ने बच्चों और अभिभावकों से संवाद कर उनका हौसला बढ़ाया। दिव्यांग बच्चों के चेहरों पर आत्मविश्वास की चमक साफ झलक रही थी। विधायक सदर योगेश वर्मा ने कहा कि दिव्यांग बच्चों को उपकरण उपलब्ध कराना सिर्फ सहायता नहीं, बल्कि उनके आत्मविश्वास को नया आसमान देने का संकल्प है।

# विश्व एड्स दिवस पर मेडिकल कॉलेज सदरपुर में जागरूकता कार्यक्रम, रैली

❖ नुक्कड़ नाटक और पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

**पायनियर संवाददाता। टांडा/अंबेडकरनगर**



विश्व एड्स दिवस के अवसर पर महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज, सदरपुर में कम्युनिटी मेडिसिन एवं माइक्रोबायोलॉजी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम यूएचटीसी, आरएचटीसी तथा कॉलेज परिसर में संपन्न हुआ, जिसका मुख्य उद्देश्य एचआईवी/एड्स के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाना, भ्रांतियों को दूर करना तथा संक्रमण रोकथाम संबंधी वैज्ञानिक जानकारी लोगों तक पहुँचाना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत जागरूकता रैली से हुई, जिसमें विभिन्न विभागों के संकाय सदस्यों, एमबीबीएस, पैरामेडिकल व नर्सिंग छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली के साथ-साथ नुक्कड़ नाटक और पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिनकी माध्यम से एड्स संक्रमण के कारण, रोकथाम, सुरक्षित व्यवहार एवं जागरूकता संदेश प्रभावी ढंग से समाज तक पहुँचाए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कॉलेज के प्राचार्य प्रो. डॉ. मुकेश यादव रहे, जिन्होंने एड्स से लड़ने में जागरूकता को सबसे बड़ा हथियार बताया और युवाओं से जिम्मेदारीपूर्वक जागरूकता फैलाने की अपील की।

## जनजागरूकता रैली को सीडीओ ने हरि झंडी दिखाकर किया रवाना



**शाहजहांपुर।** कलेक्ट्रेट से दिनांक 1 दिसम्बर 2025 को विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जनपद स्तर पर एच.आई.वी./ एड्स विषयक जनजागरूकता हेतु एक वृहद 'विश्व एड्स दिवस रैली' का आयोजन किया गया। विश्व एड्स दिवस 2025 की थीम ₹बाधाएं दरकिनार , एच आई वी पर सशक्त प्रहार स्लोगन के बैनर पोस्टर लेकर रैली निकली है।

सीडीओ अपराजिता सिंह सिनसिनवार ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जो कलेक्ट्रेट से प्रारंभ होकर सी.एम.ओ. कार्यालय परिसर में समाप्त हुई। रैली में विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने हाथ में जागरूकता स्लोगन लिखे हुए बैनर पोस्टर लेकर रैली में प्रतिभाग किया।

रैली में आर्य महिला इण्टर कॉलेज ,स्काउट गाइड बैंड बेसिक शिक्षा विभाग जनता इण्टर कॉलेज ,आर्य महिला डिग्री कॉलेज ,राजकीय इण्टर कॉलेज, देवी प्रसाद इण्टर कॉलेज, इस्लामिया इण्टर कॉलेज, जी आई एफ कॉलेज, सार्वजनिक ग्रामीण विकास संस्थान टी आई शाहजहांपुर।

# विश्व एड्स दिवसः निकली जागरूकता रैली

❖ जिलाधिकारी ने दिखाई हरी झंडी

**पायनियर संवाददाता। लखीमपुर-खीरी**




विश्व एड्स दिवस पर शनिवार को शहर जागरूकता के रंग में रंगा नजर आया। स्वास्थ्य विभाग की पहल पर कलेक्ट्रेट परिसर में हस्ताक्षर अभियान और जागरूकता रैली का आयोजन हुआ। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता संग हरीझंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। कार्यक्रम के शुभारंभ पर डीएम ने हस्ताक्षर बैनर पर अपना संदेश दर्ज करते हुए कहा कि एड्स से जुड़ी भ्रांतियां समाज में सबसे बड़ा खतरा हैं। जागरूकता और सही जानकारी ही इससे बचाव का सर्वोत्तम उपाय है। उन्होंने लोगों से सुरक्षित व्यवहार अपनाने और दूसरों को भी इसके प्रति प्रेरित करने की अपील की। इसके बाद कलेक्ट्रेट परिसर से रैली निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महाविद्यालयों के छात्र-छात्राएं, स्काउट एंड गाइड, एनसीसी कैडेट्स, स्वास्थ्य विभाग के कार्मिक शामिल रहे। रैली के दौरान छात्र हाथों में तख्तियां और बैनर लिए नारे लगाते चल रहे थे एड्स से न डरें, जानें और बचें, जागरूकता लाएं-एड्स मुक्त समाज बनाएं।

कोहली और रोहित शर्मा 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप के लिए मुख्य कोच गौतम गंभीर की योजना में शामिल हैं या नहीं,भारतीय बल्लेबाजी कोच सीतांशु कोटक बोले

# कोहली के भविष्य को लेकर सवाल ही नहीं उठता



भारत व दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाले दूसरे एकदिवसीय क्रिकेट मैच से पहले रायपुर के लिए रवाना होते हुए बिरसा मुंडा हवाई अड्डे पर पहुंचे विराट कोहली।

एजेंसी। रांची

भारतीय बल्लेबाजी कोच सीतांशु कोटक का मानना है कि विराट कोहली के वनडे में भविष्य को लेकर अटकलें नहीं लगनी चाहिए क्योंकि इस दिग्गज खिलाड़ी की 50 ओवर के क्रिकेट में फिटनेस, फॉर्म और प्रभाव पहले की तरह बरकरार है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैच की श्रृंखला से पहले सवाल उठाए जा रहे थे कि क्या कोहली और रोहित शर्मा 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप के लिए मुख्य कोच गौतम गंभीर की योजना में शामिल हैं या नहीं।

कोटक ने नाराजगी जताते हुए कहा कि उन्हें समझ नहीं आ रहा कि कोहली के भविष्य को लेकर बहस क्यों हो रही है।

कोटक ने रविवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले वनडे में भारत की 17 रन की करीबी जीत के बाद कहा, मुझे वास्तव में नहीं पता कि हमें इन सब बातों पर गौर करने की जरूरत क्यों है। वह बहुत अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं और हमें उनके भविष्य के बारे में बात करने की क्या ज़रूरत है। वह जिस तरह से प्रदर्शन कर रहे हैं, उनकी फिटनेस जिस तरह से है उसे देखकर किसी भी चीज को लेकर कोई सवाल ही नहीं उठता।

कोटक ने कहा कि भूमिकाओं को लेकर स्पष्टता, वास्तविक समय में सीख और सीनियर खिलाड़ियों का अनुभव इस समय भविष्य की योजनाओं से कहीं ज़्यादा मायने रखते हैं। उन्होंने कहा,वह वाकई शानदार है यार। जब तक वह इसी तरह बल्लेबाजी करता रहेगा, किसी और चीज़ के बारे में बात करने का कोई मतलब नहीं है। बल्लेबाजी कोच ने जोर देकर कहा कि न तो खिलाड़ी और न ही टीम प्रबंधन विश्व कप के बारे में सोच रहे हैं और सीनियर खिलाड़ियों के बारे में इस संदर्भ में चर्चा करने की तो बात ही छोड़ दीजिए। उन्होंने कहा,मुझे नहीं लगता कि इस बारे में चर्चा होनी चाहिए। रोहित और कोहली दोनों शानदार हैं। वे अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और टीम में योगदान दे रहे हैं। एक बार जब टीम आ जाती है और अभ्यास शुरू हो जाता है, तो हम बस उसका आनंद लेते हैं। हम 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप के बारे में कोई बात नहीं कर रहे हैं।

कोटक ने कहा कि रविवार को कोहली का वनडे करियर का 52वां शतक न केवल उनकी विरासत की याद दिलाता है, बल्कि यह इस बात का भी उदाहरण है कि जिस प्रारूप को वह अब प्राथमिकता देते हैं, उसमें वह कितनी सहजता से जिम्मेदारी निभा रहे हैं। कोटक ने कहा,यह एक शानदार पारी थी।

## स्टेन ने की कोहली की तारीफ बोले- 38 पर भी विराट का जलवा

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन का मानना है कि जहां 38 साल के अधिकतर खिलाड़ी घर से बाहर निकलने में कतराते हैं वहीं विराट कोहली की खेल के प्रति प्रतिबद्धता बेजोड़ है।



कोहली ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले वनडे में यहां अपने करियर का 52वां शतक लगाया। टी20 और टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने वाले कोहली ने दिखाया कि वनडे क्रिकेट में अब भी उनका कोई सानी नहीं है। स्टेन ने जियोस्टार से कहा, जब आप 37 या 38 साल के अधिकतर खिलाड़ियों से बात करते हैं तो वे कहते हैं कि उन्हें घर, अपने कुत्ते, अपने बच्चों को छोड़ना पसंद नहीं है। लेकिन कोहली मानसिक रूप से ऐसी स्थिति में हैं जहां वह पहले की तरह भारत के लिए खेलने के लिए उत्सुक हैं। आप इसे विकेटों के बीच दौड़, फ़ील्डिंग करते और डाइव लगाते हुए देख सकते हैं। वह मानसिक रूप से युवा और तरोताज़ा हैं और क्रिकेट में बने रहना चाहते हैं। उन्होंने कहा, कोहली ने पिछले 15 16 साल में 300 से अधिक वनडे खेले हैं इसलिए वह काफी अनुभव रखते हैं। यह उनके शरीर और दिमाग में है। अगर वह तीन दिन की बारिश के बाद भी यहां पहुचते तो भी उनकी तैयारी पर कोई असर नहीं पड़ता। वह मानसिक रूप से मज़बूत हैं, अच्छी तरह से सोच सकते हैं और गेंद को बल्ले पर आते हुए देख सकते हैं।

## कोहली जैसे बल्लेबाज को जम जाने के बाद रोकना मुश्किल: यानसन

अफ्रीका के हरफनमौला मार्को यानसन ने कहा कि विराट कोहली जैसे विश्वस्तरीय बल्लेबाज को एक बार जम जाने के बाद रन बनाने से रोकना लगभग असंभव हो जाता है तथा स्वीकार किया कि इस भारतीय स्टार की सूत्रधार की भूमिका निभाने की क्षमता उन्हें गेंदबाजी करने के लिए सबसे कठिन प्रतिद्वंद्वियों में से एक बनाती है। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच यहां खेले गए पहले वनडे में कोहली ने शतक लगाया जिससे भारतीय टीम यह मैच जीतने में सफल रही।



यानसन ने कहा कि विश्वस्तरीय बल्लेबाजों के सामने गेंदबाज के पास शुरू में ही कुछ अवसर होते हैं। यानसन ने कहा,जब आप विश्वस्तरीय बल्लेबाजों को गेंदबाजी करते हैं तो उन्हें आउट करना काफी मुश्किल होता है। मैं हमेशा बल्लेबाज़ को उसकी पहली 10 या 15 गेंदों पर आउट करने की कोशिश करता हूं क्योंकि वह तब विकेट से सामंजस्य बिठाने की कोशिश कर रहा होता है। उन्होंने कहा,लेकिन एक बार जब वह लय हासिल कर लेते हैं तो उन्हें रोकना मुश्किल हो जाता है। ऐसी परिस्थितियों में आप प्लान बी या सी पर चलते हैं। उन्होंने कहा कि आधुनिक क्रिकेट के महान खिलाड़ियों में से एक कोहली के लिए गेंदबाजी करने की चुनौती निराशाजनक और सुखद दोनों है।यानसन ने कहा,उन्हें खेलते हुए देखना अच्छा लगता है। हम बचपन से ही उन्हें टीवी पर खेलते हुए देखे थे। अब उन्हें गेंदबाजी करना चुनौती भरा जरूर होता है लेकिन यह मजेदार भी है।

## गिल की फिटनेस टेस्ट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में

**नईदिल्ली।** भारत की टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम के उप कप्तान शुभमन गिल अनिवार्य फिटनेस आकलन के लिए सोमवार को बेंगलुरु के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में पहुंचेंगे। इस आकलन के नतीजे के आधार पर नौ दिसंबर से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरू हो रही पांच मैच की श्रृंखला में उनकी वापसी पर फैसला किया जाएगा। अजित अगरकर की अगुआई वाली चयन समिति को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की खेल विज्ञान टीम से गिल की फिटनेस रिपोर्ट का इंतजार है। बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया, गिल को इंजेक्शन लगाया गया था और उन्हें 21 दिन के आराम और रिहैबिलिटेशन की सलाह दी गई थी जिसमें चोट से प्रभावित मांसपेशियों को मजबूत करने के लिए विशिष्ट व्यायाम शामिल थे। सूत्र ने कहा,ट्रेनिंग के दौरान खेल विज्ञान टीम के उनकी मूवमेंट का आकलन करने तक कुछ नहीं कहा जा सकता। यह भी नहीं पता कि बल्लेबाजी करते हुए वह बिल्कुल भी असहज नहीं है।

**बड़ौदा के लिए सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में खेलेंगे हार्दिक :** भारतीय प्रशंसकों के लिए हालांकि अच्छी खबर भी है क्योंकि हार्दिक पंड्या को टी20 प्रारूप में खेलने की स्वीकृति मिल गई है और वह मंगलवार को हैदराबाद में बड़ौदा के लिए पंजाब के खिलाफ सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी मुकाबले के साथ लगभग ढाई महीने बाद अपना पहला मैच खेलेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### बॉक्स क्रिकेट टूर्नामेंट में चार टीमें सेमीफाइनल में पहुंची

**लखनऊ,पायनियर।** 21वीं कर्नल एस.एन. मिश्रा ओबीई मेमोरियल बॉक्स क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे चरण में आज पूल ए, बी, सी और डी की शीर्ष आठ टीमों के बीच क्वार्टर फाइनल मुकाबले खेले गए। इसमें चार टीमों ने सेमीफाइनल में स्थान सुरक्षित किया।पहले मुकाबले में द सिटी स्कूल साउथ सिटी द्वारा मिले लक्ष्य को द मिलेनियम स्कूल ने 3 विकेट से हासिल कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।दूसरे मैच में अंकराइट पुष्पा श्री राम अकादमी, बिजनौर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए इंट्रगल स्कूल, कुर्सी रोड को 48 रनों से हराया।तीसरे क्वार्टर फाइनल में कॉर्नल एस.एन. मिश्रा अ ने सेठ एम.आर. जयपुरिया अ (गोयल कैंपस) को 5 विकेट से मात देकर अंतिम चार में जगह बनाई।चौथे मुकाबले में तिरुपति स्कूल, अर्जुनगंज ने सेठ एम.आर. जयपुरिया इ (गोयल कैंपस) को 5 विकेट से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश पक्का किया। प्रधानाचार्या पूजा सिंह और टूर्नामेंट सेक्रेटरी आलोक भारद्वाज ने मैन ऑफ द मैच खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। टूर्नामेंट के सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले 3 दिसम्बर को खेले जाएंगे।

### प्रेस इलेवन ने महापौर इलेवन को आठ विकेट से रौंदा

**लखनऊ,पायनियर।** मैन ऑफ द मैच मयूर शुक्ला(2 विकेट और 69 रन) के धमाकेदार आलराउंडर प्रदर्शन की बदौलत नगर निगम क्रिकेट टूर्नामेंट 2025-26 में रविवार को प्रेस इलेवन ने महापौर इलेवन को 8 विकेट से हराकर जीत से शुरुआत की। केडी सिंह बाबू स्टेडियम में टूर्नामेंट का उद्घाटन महापौर सुषमा खर्कवाल ने किया। इस मौके पर लखनऊ नगर निगम के अधिकारी और विभिन्न क्षेत्रों के पार्षद मौजूद रहे। मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी महापौर इलेवन सिर्फ 119 रन ही बना सकी। टीम के बल्लेबाज शुरूआत से ही दबाव में दिखे। कप्तान सौरभ सिंह सहित शीर्ष क्रम के बल्लेबाज बड़े स्कोर नहीं कर पाए। महापौर से शिवपाल सोलंकी ने 47 गेंद पर 32 रन की सबसे बड़ी पारी खेली। वहीं लवकुश ने 16 व मुकेश 14 रन का योगदान दिया। प्रेस इलेवन से वैभव तिवारी ने सर्वाधिक तीन विकेट चटकाए जबकि इश्तियाक रजा,मयूर शुक्ला को 2-2 विकेट मिले। जवाब में प्रेस इलेवन ने 18.4 ओवर में दो विकेट खोकर 122 रन बनाकर जीत हासिल कर ली। सलामी बल्लेबाज सुधीर तिवार ने 12 रन बनाए। वहीं मयूर शुक्ला ने 53 गेंदों पर 9 चौकों व एक छक्के की मदद से 69 रन, नाबाद विवेक चौहान 13 और इश्तियाक रजा 09 नाबाद रहते हुए लक्ष्य को आसानी हासिल किया।

### टीसीसी ने केविजीएन को 5 विकेट से किया पराजित

**लखनऊ,पायनियर।** मैन आफ द मैच डा.प्रियेश (2 विकेट, नाबाद 15 रन) के आलराउंड खेल से टीसीसी ने चतुर्थ अधीर दुबे (पूर्व एमएलसी) मेमोरियल टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में केविजीएन को 5 विकेट से शिकस्त दी। आरडीएसओ स्टेडियम पर केवि गोमतीनगर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में 7 विकेट पर 152 रन बनाए। रेहान ने 40 गेंदों पर 3 चौके से 47 रन की पारी खेली। आशू ने 25 व आशीष कुमार ने 22 रन का योगदान किया। टीसीसी से डा.प्रियेश व सुमित गुप्ता को 2-2 विकेट मिले। जवाब में टीसीसी ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 19.3 ओवर में 5 विकेट पर 153 रन बनाकर मैच जीत लिया। सलामी बल्लेबाज मयंक ने 14 व अफसर सिद्दीकी ने 34 रन बनाकर पारी की शुरूआत की। फिर वासिक ने 29, मुजम्मिल ने नाबाद 25, अफजल ने 18 व डा.प्रियेश ने नाबाद 15 रन बनाते हुए टीम को जीत दिलाई।

## हरेंद्र सिंह ने महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच पद से दिया इस्तीफा

**नईदिल्ली।** एक अप्रत्याशित घटनाक्रम में भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने 'निजी कारणों' का हवाला देकर तुरंत प्रभाव से पद से इस्तीफा दे दिया है। हरेंद्र सिंह ने अप्रैल 2024 में ही पद संभाला था और समझा जा रहा था कि वह लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 तक टीम के साथ रहेंगे। सूत्रों ने बताया कि तोक्यो ओलंपिक 2020 में चौथे स्थान पर रही टीम के मुख्य कोच नीदरलैंड के शोर्ड मारिन की भारतीय टीम में इस पद पर वापसी हो सकती है। सूत्रों के अनुसार अचानक हुए घटनाक्रम में हरेंद्र सिंह ने हॉकी इंडिया को ईमेल भेजकर सूचित किया है कि वह तुरंत प्रभाव से पद छोड़ रहे हैं ।उन्होंने यह भी कहा कि यह विशुद्ध रूप से उनका 'निजी फैसला' है। सूत्रों ने बताया कि मारिन की भारतीय महिला हॉकी टीम के कोच के रूप में वापसी हो सकती है जिनके मार्गदर्शन में भारतीय टीम तोक्यो ओलंपिक में ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए चौथे स्थान पर रही थी ।मारिन ने अगस्त 2021 में महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच के पद से इस्तीफा दिया था। इससे पहले वह लखनऊ विश्व कप 2016 विजेता जूनियर पुरूष हॉकी टीम के कोच रहे थे ।वह भारतीय महिला टीम के मुख्य कोच के रूप में वापसी से पहले 2021 से 2024 तक अमेरिका की राष्ट्रीय पुरूष हॉकी टीम के कोच थे ।



## भारत के सामने होगी स्विट्जरलैंड की चुनौती

एफआईएच जूनियर विश्व कप

एजेंसी। मदुरै

भारतीय टीम बेहतरीन फार्म में चल रही है लेकिन अभी तक उसे असली चुनौती का सामना नहीं करना पड़ा है और ऐसे में वह मंगलवार को यहां एफआईएच जूनियर पुरुष विश्व कप हॉकी टूर्नामेंट के नाकआउट चरण से पहले अपने अंतिम ग्रुप लीग मुकाबले में स्विट्जरलैंड के खिलाफ जीत की लय जारी रखने और अपने कमजोर पक्षों को दूर करने की कोशिश करेगी।



भारत और स्विट्जरलैंड दोनों ही पूल बी में दो-दो मैच जीतकर अजेय हैं, लेकिन भारतीय टीम बेहतर गोल अंतर के आधार पर तालिका में शीर्ष पर है। चेन्नई में पहले दो मैच में भारतीय टीम ने गोल की बरसात करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। उसने पहले मैच में चिली को 7-0 से और फिर ओमान को 17-0 से हराया। दूसरी ओर स्विट्जरलैंड ने ओमान को 4-0 से हराया और फिर चिली पर 3-2 से जीत हासिल की। भारतीय टीम से उम्मीद की जा रही है कि वह अपना विजय अभियान जारी रखकर नॉकआउट से पहले बड़ी जीत हासिल करने की कोशिश करेगी। लेकिन नॉकआउट चरण से पहले भारत के लिए कुछ चिंताएं बनी हुई हैं। पहले दो मैचों में भारतीय रक्षापंक्ति की ज्यादा परीक्षा नहीं हुई क्योंकि गोलकीपर प्रिंस दीप सिंह और बिक्रमजीत सिंह को किसी तरह की खास चुनौती का सामना नहीं करना पड़ा। कप्तान रोहित की अगुवाई में रक्षापंक्ति भी टूर्नामेंट के अंतिम चरण में अधिक सक्रिय रहना चाहेगी।भारत के लिए चिंता का एक अन्य क्षेत्र पेनल्टी कॉर्नर पर गोल नहीं कर पाना है। टीम के मुख्य ड्रैगफ्लिकर कप्तान रोहित को अपने खेल में सुधार करना होगा। ऐसा नहीं है कि भारत ने पेनल्टी कॉर्नर से गोल नहीं किए, लेकिन अधिकतर गोल वैरिएशन और रिबाउंड से किए गए। पहले दो मैचों में भारत के प्रदर्शन के लिए सबसे उत्साहजनक पहलू उसकी मध्य पंक्ति और अग्रिम पंक्ति का प्रदर्शन रहा।

दिलराज सिंह अभी तक छह गोल करके टूर्नामेंट के संयुक्त रूप से शीर्ष स्कोरर हैं। उन्होंने ओमान के खिलाफ हैट्रिक भी लगाई थी जबकि अर्शदीप सिंह ने भी पिछले मैच में तीन गोल किए थे। मनमीत सिंह, अजीत यादव और इंगलेम्बा लुवांग थोरावोजम जैसे खिलाड़ी भी गोल करने वालों में शामिल हैं।स्विट्जरलैंड के खिलाफ मैच मदुरै में भारत का एकमात्र मैच है। इसके बाद वह अपने बाकी मैच खेलने के लिए चेन्नई लौटेगा। यह देखना अभी बाकी है कि भारतीय खिलाड़ी यहां की परिस्थितियों के साथ किस तरह तालमेल बिठा पाते हैं।भारत के सहायक कोच बीरेंद्र लाकड़ा इसको लेकर ज्यादा परेशान नहीं हैं।उन्होंने कहा, "निश्चित रूप से मैदान बदलेगा, लेकिन मौसम की स्थिति वही रहेगी।

## निशानेबाजी चैंपियनशिप में रिकॉर्ड संख्या में खिलाड़ी हिस्सा लेंगे

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप में पिस्टल, राइफल और शॉटगन स्पर्धाओं में रिकॉर्ड 16000 से अधिक निशानेबाजों ने क्वालीफाई किया है। सोमवार से शुरू हुई इस वार्षिक प्रतियोगिता के पिछले सत्र में 13500 से अधिक निशानेबाजों ने हिस्सा लिया था। शॉटगन स्पर्धाओं की शुरुआत सोमवार को तुगलकाबाद की कर्णी सिंह निशानेबाजी रेंज पर हुई जबकि पिस्टल और राइफल स्पर्धाएं क्रमशः दिल्ली और भोपाल में 11 दिसंबर से शुरू होंगी। अगले एक महीने में तीनों स्पर्धाओं में सात वर्ग में प्रतिस्पर्धाएं होंगी जिसमें सुपर मास्टर्स (70 वर्ष और इससे अधिक), सीनियर मास्टर्स (60 से 70 वर्ष), मास्टर्स (45 से 60 वर्ष), सीनियर (ओपन), जूनियर (21 वर्ष), युवा (19 वर्ष या पहले) और सब यूथ (16 वर्ष या पहले) वर्ग शामिल हैं।भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने विज्ञप्ति में कहा, निशानेबाज ने चाहे जिस भी वर्ग या वर्गों के तहत पंजीकरण किया हो, प्रत्येक खिलाड़ी को पूरी प्रतियोगिता में सिर्फ एक बार निशाने लगाने की इजाजत होगी। लेकिन उनके स्कोर किसी भी दूसरे वर्ग में भी गिने जाएंगे जिसमें उन्होंने पंजीकरण कराया है। प्रतियोगिता में पैरा निशानेबाजों और बधिर निशानेबाजों के लिए भी खास वर्ग होंगे। राष्ट्रीय चैंपियनशिप देश के शीर्ष निशानेबाजों के लिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि अगले साल अंतरराष्ट्रीय सत्र के लिए जब भारतीय टीम चुनी जाएगी।

## शोभित 35+ वर्ग में एकल चैंपियन, मनीष को दोहरा खिताब

एस मास्टर्स वेटरन टेनिस टूर्नामेंट

पायनियर संवाददाता। लखनऊ

शोभित टंडन ने एस मास्टर्स वेटरन टेनिस टूर्नामेंट में पुरुष एकल 35 वर्ष से अधिक वर्ग का खिताब फाइनल में अभिषेक कुमार यादव को 6-0 से हराकर जीत लिया। स्पोर्ट्स डेवलपमेंट सोसायटी (एसडीएस) द्वारा लामार्टिनियर कॉलेज स्थित लामार्टिनियर लॉन टेनिस फैसिलिटी में आयोजित व बजाज कैपिटल द्वारा प्रायोजित क में पुरुष युगल 35 वर्ष से अधिक के फाइनल में आदित्य कपूर और मनीष मेहरोत्रा की जोड़ी ने अश्विन और रुचित को 6-3 से पराजित कर विजेता ट्रॉफी अपने नाम की।



मनीष मेहरोत्रा ने इसके साथ पुरुष युगल 45 वर्ष से अधिक का खिताब भी जीता। उन्होंने इस वर्ग के फाइनल में आदितेश्वर के साथ डॉ. अपूर्व और निशांत की जोड़ी के खिलाफ 6-3 से जीत दर्ज की। वहीं 45 वर्ष से अधिक वर्ग का खिताब डॉ. श्रीवस्तन ने मनीष सिंह को 6-4 से हराकर जीता। 55 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में डॉ. भरत दुबे ने लक्ष्मण सिंह के खिलाफ 6-1 की जीत दर्ज करते हुए चैंपियन बने। वहीं 55 वर्ष युगल वर्ग के फाइनल में आलोक भटनागर व डॉ. विश्वास ने खिताबी जीत दर्ज की जिन्होंने डॉ. भरत दुबे और संजय कुमार को 6-3 से हराया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि सुनील भटनागर ने पुरस्कार बांटे। इस अवसर पर सौरभ चतुर्वेदी, दीपक पाठक व पवन सागर भी मौजूद थे।

## इंडियन पिकलबॉल लीग का आगाज

**नई दिल्ली।** इंडियन पिकलबॉल लीग का सोमवार को यहां धूमधाम से आगाज हुआ जिसमें छह टीमें खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगी। आयोजकों ने इस मौके पर पिकलबॉल को जबरदस्त क्षमता वाला खेल करार देते हुए इसे देश का एक प्रमुख खेल बनाने का वादा किया। खेल मंत्रालय के तहत भारतीय पिकलबॉल संघ (आईपीएस) द्वारा अनुमोदित और द टाइम्स समूह द्वारा शुरू की गई इस लीग में छह फ्रेंचाइजी टीमें ट्रॉफी के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम के केडी जाधव इंडोर हॉल में इस ट्रॉफी का अनावरण किया।यह आयोजन सात दिसंबर को समाप्त होगा। इसमें बेंगलुरु ब्लास्टर्स, हैदराबाद रॉयल्स, चेन्नई सुपर वॉरियर्स, मुंबई स्मैशर्स, कैपिटल वॉरियर्स और लखनऊ लेपड्र्स की टीमें शीर्ष पुरस्कार के लिए मुकाबला करेंगी।

## भारत-द. अफ्रीका टी-20 की टिकट बिक्री शुरू

- चौथा टी20 17 दिसंबर को इकाना में खेला जायेगा
- पहली बार टिकट खरीदने के साथ मिलेगी होम डिलीवरी सुविधा

पायनियर संवाददाता। लखनऊ

भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी इंटरनेशनल इकाना क्रिकेट स्टेडियम में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाले चौथे टी-20 मुकाबले के लिए टिकटों की ऑनलाइन बिक्री सोमवार से शुरू हो गई है। दोनों टीमों के बीच खेले जाने वाले हाईवोल्टेज मुकाबले के लिए टिकटों की कीमत 999 रुपये से लेकर 25 हजार रुपये प्रति व्यक्ति तक निर्धारित की गई है। खास बात यह है कि इस बार क्रिकेट प्रेमियों को ऑनलाइन टिकट खरीदने के साथ होम डिलीवरी की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है।

यूपीसीए और इकाना स्टेडियम प्रबंधन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में टिकटों की आधिकारिक लॉन्चिंग की गई। टिकटों की

**टिकट के दाम इस प्रकार हैं**

- सामान्य स्टैंड टिकट : 999 से 3000 रुपये
- सेमी हॉस्पिटैलिटी टिकट : 4000 से 5000 रुपये
- हॉस्पिटैलिटी टिकट :10,000 से 25,000 रुपये तक



बिक्री जोमैटो डिस्ट्रिक्ट प्लेटफॉर्म के माध्यम से होगी, जहां से खरीदे गए टिकट घर तक पहुंचाए जाएंगे।यूपीसीए के सचिव प्रेम मनोहर गुप्ता ने बताया कि टिकट बिक्री दो तरीकों से होगी ऑनलाइन और ऑफलाइन। ऑनलाइन खरीदारों के लिए स्टेडियम में काउंटर भी उपलब्ध रहेगा। उन्होंने बताया कि टिकट की कीमतें डायनेमिक होंगी। यानी जितनी जल्दी टिकट खरीदा जाएगा, उतनी कम कीमत पड़ेगी, जबकि देर से खरीदने पर कीमतें बढ़ सकती हैं। कार्यक्रम में यूपीसीए के मीडिया मैनेजर मोहम्मद फहीम, कोषाध्यक्ष आनंद शुक्ला, निदेशक रियासत अली और इकाना स्टेडियम के वरिष्ठ प्रबंध निदेशक उदय सिन्हा उपस्थित रहे।





**तीन साल बाद लखनऊ में इंटरनेशनल मैच**

दक्षिण अफ्रीका का यह भारत दौरा वर्ष 2025 का महत्वपूर्ण क्रिकेट कार्यक्रम माना जा रहा है। लंबे अंतराल के बाद इंटरनेशनल टी20 मैच हो रहा है, जिससे खिलाड़ियों और दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। शाम को खेला जाने वाला यह मुकाबला रोमांच से भरपूर रहने की उम्मीद है।

## बीबीडी लीग: अवध स्काई, अभिजीत फॉरेसिंस,लक्ष्मण व माइक्रोलिट जीते

पायनियर संवाददाता,लखनऊ।

सोमवार को 21 बाबू बनारसी दास क्रिकेट लीग में खेले गए मुकाबलों में अभिजीत सिन्हा क्रिकेट अकादमी, अवध स्काई, फॉरेंसिस क्रिकेट क्लब, माइक्रोलिट क्रिकेट जिमखाना, लखनऊ क्रिकेट अकादमी, लक्ष्मण सिंह क्रिकेट क्लब और अशर्फी क्रिकेट क्लब ने अपने मुकाबले जीत कर पूरे अंक हासिल किये।

**अमित के अर्धशतक से अभिजीत सिन्हा जीता :** ब्लेज विलो गोसाईगंज मैदान पर खेले गए मैच में अभिजीत सिन्हा क्रिकेट अकादमी ने दिव्युग आश्रम को आठ विकेट से हरा दिया। दिव्युग के 140 रनों के जवाब में अभिजीत अकादमी ने दो विकेट खोकर जीत के लिए जरूरी स्कोर हासिल कर लिया। विजयी टीम से अमित विश्वकर्मा ने 34 गेंदों में 12 चौके और दो छक्के की बदौलत 68 रन बनाये।

**अवध की जीत में चमके मनीष:**सार ग्राउंड पर खेले गए मैच में अवध स्काई स्पोर्ट्स अकादमी ने भारत क्रिकेट क्लब को सात विकेट से हराया। भारत के 128 रनों के जवाब में अवध स्काई ने तीन विकेट खोकर 129 रन बनाये और जीत दर्ज की। विजयी टीम से मनीष ने तीन विकेट चटकाये।

**जन्मेजय ने फॉरेंसिस को दिलाई जीत :** प्लेफिट ग्राउंड पर खेले गए मैच में फॉरेंसिस क्रिकेट क्लब ने शैला देवी स्पोर्ट्स क्लब को तीन विकेट से हरा दिया। शैला देवी के 159 रनों के जवाब में फॉरेंसिस ने सात विकेट खोकर 160 रन बना लिये और जीत अर्जित की। विजयी टीम से जन्मेजय सिंह यादव ने 37 रन बनाये और दो विकेट चटकाये।

**आयुष की गेंदबाजी से जीता लखनऊ :** सिंड्रा क्रिकेट मैदान पर खेले गए मैच में लखनऊ क्रिकेट अकादमी ने लखनऊ कोल्ट्स को सात विकेट पराजित किया। लखनऊ कोल्ट्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 175 रन बनाये। लखनऊ की ओर से आयुष मिश्रा और अभिनव कुशवाहा ने तीन-तीन विकेट चटकाये। जवाब में लखनऊ अकादमी ने तीन विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

**लक्ष्मण सिंह क्लब की जीत में अखिलेश का सैकड़ा :** लार्डस बालाजी बी ग्राउंड पर खेले गए मैच में लक्ष्मण सिंह क्रिकेट क्लब ने ग्रेस क्रिकेट अकादमी को 146 रनों के अंतर से हरा दिया। लक्ष्मण्स सिंह के 314 रनों के जवाब में ग्रेस की टीम नौ विकेट खोकर 168 रन बना सकी। विजयी टीम से अखिलेश कुमार ने आतिशी बल्लेबाजी की। उन्होंने 98 गेंदों में 19 चौके तीन छक्के की बदौलत 137 रन बनाये।

**अशर्फी क्रिकेट क्लब की 9 विकेट से जीत :** सूर्या मैदान पर खेले गए मैच में अशर्फी क्रिकेट क्लब ने ब्रेवेयर्स क्लब को नौ विकेट से हरा दिया। ब्रेवेयर्स के 122 रनों के जवाब में अशर्फी क्लब ने एक विकेट खोकर जीत दर्ज की। विजयी टीम से यशराज नारायण ने 71 रन बनाये जबकि शुभाशु त्रिवेदी ने चार विकेट चटकाये।

**माइक्रोलिट क्रिकेट जिमखाना 29 रन से जीता :** सीएसडी सहारा क्रिकेट स्टेडियम बीकेटी पर खेले गए मैच में माइक्रोलिट क्रिकेट जिमखाना ने अरमान क्रिकेट अकादमी को 29 रनों से हरा दिया। माइक्रोलिट के 159 रनों के जवाब में अरमान क्लब 130 रनों के योग पर सिमट गया। विजयी टीम के अंकेश यादव ने 21 रन बनाये और तीन विकेट लिये।

**कल्पना क्रिकेट की जीत में सम्यक का तूफानी शतक :** बी डिवीजन लीग का मुकाबला एनडीबीजी ग्राउंड पर खेला गया जिसमें कल्पना क्रिकेट फाउंडेशन ने यंग चैलेंजर्स क्रिकेट क्लब को 140 रनों से हरा दिया। कल्पना ने पांच विकेट खोकर 298 रनों का स्कोर बोर्ड पर टांगा। सम्यक त्रिवेदी ने 110 गेंदों में 24 चौके और दो छक्के की बदौलत 163 रनों की शतकीय पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी यंग चैलेंजर्स की टीम 158 रनों के योग पर सिमट गई।

# बदलते मौसम में वायरल से बचना है तो करें ये योगासन

बदलते मौसम में वायरल इंफेक्शन और वायरल रोगों का खतरा बढ़ जाता है। सर्दी, जुकाम, बुखार, सिरदर्द और बदन दर्द जैसी परेशानियां इस दौरान आम होती हैं। इससे बचाव के लिए आप साफ-सफाई का ध्यान रखते हैं और खाने-पीने का ध्यान रखते हैं। इन बीमारियों का खतरा उन लोगों को ज्यादा होता है, जिनका इम्यून सिस्टम यानी प्रतिरक्षा तंत्र कमजोर होता है। इसलिए अगर आप ऐसे योगासनों का अभ्यास करते हैं, जिनसे आपका इम्यून सिस्टम मजबूत होता है, तो आप इन वायरल रोगों और संक्रमण से बच सकते हैं। आइए आपको बताते हैं ऐसे ही योगासन, जो आपकी इम्यूनिटी बेहतर करते हैं।







● **सर्वांगासनः** सर्वांगासन की खास बात ये है कि इसे करने से आपके शरीर के सभी अंगों को फायदा मिलता है, इसी लिए इसका नाम सर्वांगासन है। इस आसन का नियमित अभ्यास आपकी इम्यूनिटी बढ़ाता है और आपको रोगों से दूर रखता है। बच्चों और युवाओं के लिए भी ये आसन बहुत फायदेमंद है क्योंकि इससे शरीर का विकास बेहतर होता है और हार्मोन्स का बैलेंस बना रहता है। इसके अलावा इससे आपकी पाचन शक्ति ठीक रहती है और रक्त का शुद्धिकरण होता है।

**कैसे करें सर्वांगासनः** पीठ के बल लेटकर दोनों पैरों को एक साथ मिला लें और हाथों को शरीर की सीध में रखें। अब धीरे से पैरों को बिना मोडे ऊपर की तरफ उठाएं। जैसे-जैसे पैर ऊपर की तरफ उठाएंगे, वैसे-वैसे कमर को भी ऊपर की तरफ उठाएं। कोशिश करें कि पैर और पीठ इतने ऊपर उठ जाएं कि 90 डिग्री का कोण बन जाए। फिर धीरे-धीरे पहले की मुद्रा में आ जाएं। आप पीठ और कमर को उठाने के लिए हाथों का सहारा ले सकते हैं लेकिन कोहनियां जमीन से ही टिकी होनी चाहिए और चेहरा आसमान की ओर रहना चाहिए

● **मत्स्यासनः** मत्यासन का अभ्यास भी आपको वायरल रोगों और इंफेक्शन से दूर रखता है। मत्स्यासन पेट और रीढ़ की हड्डी संबंधित सभी रोगों में बहुत फायदेमंद आसन माना जाता है। इसके नियमित अभ्यास से आपके फेफड़ों की कार्यक्षमता बढ़ती है। इसके साथ ही आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता का विकास होता है, जिसके कारण हानिकारक बैक्टीरिया और वायरस आपको आसानी से बीमार नहीं बना पाते हैं। साथ ही यह आसन मेटाबॉलिज्म के लिए अच्छा माना जाता है।

**कैसे करें मत्स्यासनः** स्वच्छ वातावरण में समतल जमीन पर आसन बिछाकर सुखासन में बैठ जाएं। कुछ देर सांस को सामान्य करने के बाद पद्मासन लगा लें।हाथों का सहारा लेकर पीठ को पीछे की ओर धीरे-धीरे लाते हुए पीठ के बल लेट जाएं। पैरों के अंगूठों को पकड़कर उन्हें थोड़ा अपनी तरफ लाएं और पद्मासन को ठीक करते हुए घुटनों को जमीन पर अच्छी तरह से टिका दें। सांस भरें और पीठ, कंधों को ऊपर उठा गर्दन को पीछे की तरफ ले जाएं। सिर के भाग को जमीन पर टिका दें। पैरों के अंगूठों को पकड़ लें और सांस को सामान्य रखते हुए यथाशक्ति रोकने के बाद पद्मासन खोल लें। कुछ देर शवासन में लेटने के बाद पूर्व स्थिति में आ जाएं।

● **नाड़ी शोधन प्राणायामः** नाड़ी शोधन प्राणायाम पूरे शरीर के लिए फायदेमंद है। जैसा कि इसका नाम है, ये प्राणायां नाड़ी का शोधन करता है। इस आसन के अभ्यास से रोगों से लड़ने की क्षमता विकसित होती है और वायरल संक्रमण या रोगों के विषाणु आप पर असर नहीं कर पाते हैं। इसके अलावा ये प्राणायाम मन को शांत और केंद्रित करता है। ये प्राणायाम श्वसन प्रणाली व रक्त-प्रवाह तंत्र से सम्बंधित समस्याओं से मुक्ति देता है।

**कैसे करें नाड़ी शोधन प्राणायामः** सबसे पहले किसी भी सुखासन में बैठकर कमर को सीधा करें और आंखें बंद कर लें। दाएं हाथ के अंगूठे से दायीं नासिका बंद कर पूरी श्वास बाहर निकालें। अब बायीं नासिका से श्वास भरें और तीसरी अंगुली से बायीं नासिका को भी बंद कर लें। जितनी देर स्वाभाविक स्थिति में रोक सकते हैं, रोकें। फिर दायां अंगूठा हटाकर श्वास को धीरे-धीरे बाहर छोड़ें। फिर दायीं नासिका से गर्दन उठाकर श्वास को रोकें, फिर बायीं से धीरे से निकाल दें।

# बेड पर जाते ही नींद गायब हो जाती है तो ये करें काम

**भागदौड़ भरी लाइफ में थकान और तनाव के बाद गहरी और सुकून भरी नींद आना भी काफी सारे लोगों के लिए मुश्किल हो जाता है। बिस्तर पर सोने के लिए जाते हैं तो घंटों करवट बदलते और सोचते रह जाते हैं। फिर फोन उठाकर चलाने लगते हैं। नतीजा रात की नींद पूरी तरह डिस्टर्ब हो जाती है और बिना गहरी, अच्छी नींद आए सुबह फिर से डेली रूटीन में लगना पड़ता है। नींद ना आने की समस्या लंबे टाइम में कई सारी बिमारियों को न्योता देती है। हार्ट हेल्थ से लेकर बॉडी का सर्काडियन रिदम तक बिगड़ जाता है। जिसकी वजह से तनाव और स्ट्रेस और ज्यादा बढ़ने लगता है। रोजाना बेड पर लेटकर 5 मिनट की गई ये एक्सरसाइज जल्दी नींद लाने में मदद करेगी। तो जान लें 5 मिनट योगा एक्सरसाइज।**

▸ **चाइल्ड पोजः** सबसे पहले बिस्तर पर बैठें और घुटनों को पीछे की ओर मोड़कर बैठ जाएं। जैसे वज्रासन पोजीशन में बैठते हैं। अब दोनों हाथों को ऊपर की ओर उठाएं और धीरे से आगे झुकते हुए सिर को बिस्तर पर टिका लें। चाइल्ड पोज में करीब 60 सेकेंड तक रहें।

▸ **साइड स्ट्रेचिंगः** चाइल्ड पोज में रहते हुए ही राइड साइड की ओर झुक जाएं। ऐसे कि लेफ्ट वेस्ट में स्ट्रेच फील हो। उसी तरह से लेफ्ट साइड की ओर भी झुककर चाइल्ड पोज में बने रहें। 30-30 सेकेंड दोनों साइड पर स्ट्रेच करने के बाद सीधा बैठ जाएं।

▸ **पैरों को करें स्ट्रेचः** अब बिस्तर पर ही पूरा लेट जाएं और लेफ्ट पैरों को घुटनों से मोड़ते हुए ऊपर चेस्ट तक लगाएं। इसी तरहसे राइड घुटनों को भी मोड़ते हुए चेस्ट तक सटाकर छोड़ें।

▸ **पैरों को दें रेस्टः** अब लेफ्ट पैर को घुटनों से मोड़ते हुए पैरों को जांघों से फैलाएं और तलवों को दूसरे पैर के जांघ के पास टिकाएं। बॉडी को रिलैक्स करें और पैरों को खुला छोड़ें। दोनों पैरों के साथ ये प्रोसेस दोहराएं।

▸ **हिप ओपनर स्ट्रेचिंगः** बिस्तर पर बिल्कुल स्ट्रेट लेटें और लेफ्ट पैर को उठाकर राइड साइड की तरफ ले जाएं। और कमर में स्ट्रेच महसूस करें। ध्यान रहे कंधे पूरी तरह से फ्लैट बिस्तर पर ही टिके रहने चाहिए। इसी तरह से दूसरे पैर को भी घुमाएं। ये एक्सरसाइज हिप ओपनिंग स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज है। जिसकी मदद से ट्रैप इमोशन को रिलीफ होने में मदद मिलती है।

▸ **हैप्पी चाइल्ड पोजः** दोनों पैरों को ऊपर की ओर उठाएं और मोड़कर तलवों को पकड़कर कुछ सेकेंड लेटें। हैप्पी चाइल्ड पोज करने के बाद नॉर्मल पोजीशन में आएं। ये एक्सरसाइज बॉडी को रिलैक्स कर इमोशन को रिलीज करने में मदद करेंगी।



# पेशाब रोकने की आदत से किडनी हो सकती खराब

**ट्रैवल के दौरान यूरिन रोकने की आदत महिलाओं और पुरुषों दोनों के लिए हार्मफुल होती है। आज के समय में हर कोई घर से बाहर निकल रहा। लेकिन साफ वाशरूम की दिक्कत की वजह से महिलाएं अक्सर पब्लिक टॉयलेट अवॉएड करती हैं। वहीं काफी सारे पुरुष भी अक्सर लंबे ट्रैवल, फ्लाइट में पेशाब जाना अवॉएड करते हैं। ऐसे में ये आदत किडनी पर बुरा असर डालती है और किडनी डैमेज के खतरे को बढ़ा देती है। इसलिए एम्स, भोपाल के यूरोलॉजिस्ट डॉक्टर मोहित यूरोवाला ने ट्रैवल के दौरान पेशाब ना रोकना पड़े इसके लिए ये 5 सॉल्यूशन बताए हैं। जिससे किडनी पर बुरा असर ना पड़े।**

**ट्रैवल में ना पिएं ये ड्रिंकः** अगर आपको लंबी जर्नी करनी है, फ्लाइट या प्राइवेट कार, कैब या टैक्सी से तो इन डिहाइड्रेट करने वाले ड्रिंक्स को ना पिएं। चाय, कॉफी, एल्कोहल, सॉफ्ट ड्रिंक्स ये ड्रिंक्स बॉडी से सारे पानी को बाहर कर देती हैं। जिसकी वजह से किडनी को वर्क करने के लिए ज्यादा प्रेशर पड़ता है।

**लंबे टाइम तक ना रोकें पेशाबः** अगर किडनी को स्वस्थ रखने के साथ ही ब्लैडर को हेल्दी रखना चाहते हैं। साथ ही इंफेक्शन से बचना है तो ट्रैवल में रेस्टरूम का यूज जरूर करें। काफी लंबे टाइम तक पेशाब को रोककर रखने से ना केवल यूरिन इंफेक्शन का खतरा बढ़ता है बल्कि ये ब्लैडर को भी वीक कर देती है।

**राइट फूड्स चुनेंः** ट्रैवल के दौरान चिप्स, स्नैक्स, प्रोसेस्ड फूड्स को ना खाएं। एक्सेस सोडियम की वजह से पानी पीने की जरूरत महसूस होगी। और अगर पेशाब ना जाने के लिए पानी कम पिएंगे तो किडनी पर प्रेशर बढ़ेगा और अगर पानी पिएंगे तो पेशाब जाने की जरूरत पड़ेगी। जिसे होल्ड करने पर किडनी में इंफेक्शन का खतरा रहेगा। इसलिए हेल्दी फूड्स जैसे दही, नारियल पानी, फलों को ट्रैवल में खाएं।

**यूरिन कलर पर नजर रखेंः** अगर आप फ्रिक्वेंटली ट्रैवल करते हैं तो यूरिन कलर को जरूर मॉनिटर करते रहें। जिससे किडनी की समस्या का पता समय पर चल सके। हल्का पीला रंग हेल्दी यूरिन का सिग्नल होता है। अगर इसमे लगातार बदलाव दिख रहा तो मतलब किडनी या ब्लैडर में प्रॉब्लम है।

# नुकसान पहुंचा सकती हैं कब्ज की दवाएं

जिन्होंने कब्ज का कष्ट झेला है, वे लैग्जेटिव शब्द से परिचित होंगे। वे दवाएं जो मल को मुलायम करती हैं, ताकि उसे बाहर निकालने में आसानी हो, लेकिन लैग्जेटिव-दवाओं के इस्तेमाल के समय कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है। कई बार लोग कब्ज यानी कॉन्स्टिपेशन से पीड़ित रहने पर कोई भी लैग्जेटिव मेडिकल-स्टोर से मंगवाकर खा या पी लेते हैं। धारणा है कि यह कब्ज ही की तो दवा है, इससे भला कहां कोई हानि होगी, लेकिन धारणा गलत है और इसीलिए इन दवाओं के सेवन के समय भी कुछ बातों पर चर्चा आवश्यक हो जाती है।



आधुनिक जीवनशैली जिसमें प्रॉसेस्ड आहार के साथ शिथिल कार्यशैली शामिल है, कब्ज पैदा करने में सबसे बड़ा योगदान देती है। लोग देर से सोकर उठते हैं और देर रात को भोजन करते हैं। चीनी-मैदा-रिफाइंड का भोजन में खूब इस्तेमाल होता है। इसके अलावा कई दवाएं और अनेक बीमारियां या सर्जरियां भी कब्ज को जन्म दे सकती हैं। कब्ज होने पर मलत्यागना मुश्किल व पीड़ादायक हो जाता है। इसके लिए अधिक देर तक प्रयास करना पड़ता है और कुछ लोगों के ऐसा करते समय रक्तस्राव भी हो सकता है। ऐसे में पहले डॉक्टर से चर्चा करके जीवनशैली में बदलाव करना सबसे आवश्यक पहल है। भोजन में यथासम्भव मोटे अनाज व रेशेदार फलों का सेवन कब्ज की आशंका को घटाता है। साथ की पानी का प्रचुर मात्रा में सेवन एवं नित्य व्यायाम करने से भी कब्ज कम ही देखने को मिलता है। कब्ज पर फतेह के लिए सोना-उठना-खाना-पीना-वर्जिश पहले है, दवा बाद में। कोशिश की जाए कि रोग पर प्रहार हर तरफ से हो। केवल गोली-सीरप का सेवन करते हुए कब्ज से लड़ना न अक्लमंदी है और न दूरदर्शिता।



**लैग्जेटिव दवाएं खाने से भोजन के पोषण तत्व के अवशोषण में आती है समस्या :** कब्ज-निवारक दवाएं यानी लैग्जेटिव कई तरह से कब्ज में फायदा पहुंचाती हैं। कुछ दवाएं बड़ी आंत से पानी का स्राव कराकर मल को मुलायम करती हैं। अन्य भोजन में मौजूद जल को सोख कर मल को फुला देती हैं। कुछ अन्य के कारण आंतों में नियमित संकुचन होता है, जिससे मल आसानी से गुदा से बाहर निकाल दिया जाता है। लेकिन इन कब्ज निवारक दवाओं के नियमित व लम्बे सेवन के कारण कई बार भोजन में मौजूद पोषक तत्वों के अवशोषण में समस्या आती है।

शरीर में ये तत्व उचित मात्रा में पहुंच ही नहीं पाते। कई लैग्जेटिव खनिज-लवणों जैसे कैल्शियम, क्लोराइड, पोटैशियम, मैग्नीशियम व सोडियम की कमी शरीर में पैदा कर देते हैं, जिनके कारण तरह-तरह के लक्षण उत्पन्न होने लगते हैं। कब्ज निवारकों के इस्तेमाल से पहले सतर्क रहना जरूरी है और यथासम्भव अपने डॉक्टर से उनपर चर्चा करना भी। ध्यान रखना है कि क्या यह कब्ज निवारक रोगी की अन्य किसी दवा के साथ कोई इंटरैक्शन तो नहीं करता। कुछ बीमारियों में लैग्जेटिव लेने की मनाही होती है, ऐसे रोगों में इन दवाओं के सेवन से रोग की समस्या बढ़ सकती है। बच्चों एवं गर्भवती महिला में तो कोई लैग्जेटिव बिना डॉक्टर की राय के कभी देने ही नहीं चाहिए।

# बच्चों में तेजी से बढ़ रहा मोटापा, डायबिटीज

**फैटी लिवर, डायबिटीज, मोटापा जैसी समस्या इन तेजी से फैल रही है। ऐसे वक्त में बच्चों की सेहत का ख्याल रखना और भी ज्यादा जरूरी है। ये बच्चे हमारा फ्यूचर है और अगर अभी इन्हें सही और गलत फूड के बारे में नहीं बताया गया तो स्थिति और खराब हो जाएगी। काफी सारे लोग बच्चों के खानपान पर ज्यादा ध्यान नहीं देते। वहीं कई सारी चीजों को हेल्दी समझकर खिलाते हैं। लेकिन ये फूड हेल्दी ना होकर आपके बच्चे के लिवर को धीरे-धीरे बिगाड़ने का काम कर रहे हैं। जिसकी वजह से उन्हें फ्यूचर में दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।**

### ● फ्रूट जूस

बच्चों को फ्रूट का जूस देना बिल्कुल कॉमन है। जबकि कोई डॉक्टर इसे पीने की सलाह नहीं देता। गैस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट डॉक्टर बताते हैं कि फ्रूट जूस सुनने में हेल्दी लग सकता है। लेकिन ये फ्रक्टोज से फुल होता है और इसमे जीरो फाइबर रहता है। इस फ्रक्टोज को लिवर मेटाबोलाइज करके एनर्जी में बदल देता है। लेकिन ज्यादा फ्रक्टोज को लिवर फैट में ट्रांसफर करता है और इससे फैटी लिवर का खतरा बढ़ता है।

### ● रिफाइंड सीड ऑयल

सनफ्लावर, कॉर्न या फिर सीड ऑयल को बच्चों की पहुंच से दूर रखें। मतल बै कि बच्चों को इनमे बनी चीजें ना खिलाएं। ये रिफाइंड सीड ऑयल ओमेगा 6 फैट्स से भरपूर होते हैं। जिनका असर लांग टर्म में लिवर की इन्फ्लेमेशन के रूप में दिखता है।

### डीप फ्राईड फास्ट फूड्स, प्रोसेस्ड फूड्स

बच्चों को एक दिन फ्रेंच फ्राईज खिलाना या फिर बाजार के जंक फूड कभी-कभी खिलाना लगातार सेहत के लिए हार्मफुल हो सकता है। डीप फ्राईड फूड में बेहद खराब मात्रा वाले फैट्स होते हैं। साथ ही प्रिजरवेटिव्स की मात्रा भी इनमे ज्यादा होती है। साथ ही इन फूड्स में छिपी मात्रा में फ्रक्टोज भी होता है। जो लिवर को दस गुना तेजी से डैमेज करता है।

इसलिए बच्चे के फ्यूचर को सिक्योर करना है तो उसे आज से ही ये तीनों तरह के फूड देना बंद कर दें।



# जानिए कॉफी कैसे रखे आपको रोगों से दूर

एक नई रिसर्च का कहना है कि प्रतिदिन तीन कप कॉफी पीने से कुछ बीमारियों के कारण समयपूर्व मौत का खतरा कम हो सकता है। हावर्ड युनिवर्सिटी के टीएच. चान स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ के शोधकताओं के अध्ययन में पता चला है कि कैफीन युक्त या कैफीन रहित दोनों तरह की कॉफी पीने के कई फायदे हैं। इससे होने वाले फायदों में दिल के रोगों, मस्तिष्क संबंधी रोगों और टाइप टू डायबिटीज से रक्षा शामिल है। इतना ही नहीं इस नए शोध में यह बात भी कही गई है कि कॉफी के इतनी मात्रा में सेवन से आत्महत्या का खतरा भी कम हो सकता है।



## जाने कॉफी के फायदे...

▸ कुछ लोग सोचते हैं कि कॉफी पीने से बच्चों का विकास रुक जाता है। जबकि हकीकत में शोधों में इस बात को खारिज किया जा चुका है कि कॉफी की वजह से बच्चों का वजन या लंबाई नहीं बढ़ती है।

▸ रोजाना कॉफी पीने से सेहत खराब होती है, जबकि इसके उलट हर दिन कॉफी पीना आपको तरोताजा रखने में मदद देता है और आपकी सेहत भी अच्छी रहती है।

▸ अगर रोजाना दो से चार कप कॉफी पी जाए तो ऐसे लोगों में स्ट्रोक का खतरा काफी कम हो जाता है। जबकि जो लोग बिल्कुल भी कॉफी नहीं पीते, उनमें यह खतरा बरकरार रहता है।

▸ काफी पीने से लिवर कैंसर का खतरा भी कम हो जाता है। स्तन कैंसर और फेफड़ों के कैंसर में थोड़ी मात्रा में कॉफी पीना मददगार साबित हो सकता है।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. देवेन्द्र सिंह द्वारा पंजीकृत कार्यालय 201-205, 208-210 द्वितीय मंजिल, प्रताप भवन, 5 बहादुरशाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष : 01169342500, 46035729 से प्रकाशित तथा द इंडियन एक्सप्रेस प्रा.लि. ए-8, सेक्टर 7, जिला गौतमबुद्धनगर- उत्तर प्रदेश, नोएडा 201, 301, फोन नंबर 0120-2470700 से मुद्रित। प्रधान संपादक डॉ. देवेन्द्र सिंह। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।